जबलपुर
शनिवार 14 फरवरी 2026
फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष-13
वर्ष : 20, अंक : 286
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *
मौसम
अधि. 26
न्यून. 12
haribhoomi.com

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी





पं शास्त्री ने सामूहिक कन्या विवाह महोत्सव में सीएम को हल भेंट किया

### 301 सामूहिक विवाह में बागेश्वरधाम पहुंचे सीएम ने कहा

# अगली बार तीन हजार शादियां कराएं हर जोड़े को सरकार देगी 51 हजार

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बागेश्वरधाम में 301 बेटियों के सामूहिक विवाह सम्मेलन में आकर मैं धन्य हो गया। धाम के पीठाधीश्वर से उन्होंने कहा कि अगली बार आप 3 हजार बेटियों की शादियां कराएं, सरकार हर बेटी के विवाह में 51 हजार रुपए देगी। उन्होंने कहा कि महा शिवरात्रि, बसंत पंचमी और अक्षय तृतीया पर बिना मुहूर्त विवाह होते हैं। इन तिथियों में सामूहिक विवाह के आयोजन करिए, सरकार हर जोड़े को 51 हजार रुपए देगी। डॉ. यादव ने कहा कि यहां जिन जोड़ों के विवाह हो रहे हैं, उनमें से जो रोजगार चाहते हों, उनकी एक सूची बनाएं।


सामूहिक कन्या विवाह महोत्सव में पूजा अर्चना करते सीएम

- वैवाहिक जोड़ों को रोजगार देने में मदद देगी सरकार
- मौत, मैय्यत, शादी विवाह में फिजूलखर्ची से बचें
- 301 जोड़ों के नाम पर 30-30 हजार रुपए की एफडी

### धीरेंद्र शास्त्री ने तलीं भंडारे की पूड़ियां

बागेश्वर धाम में 15 फरवरी को होने वाले सातवां सामूहिक कन्या विवाह महोत्सव की हल्दी रस्म से पहले तैयारियों का जायजा लेने के लिए धीरेंद्र शास्त्री गुरुवार-शुक्रवार दरमियानी रात करीब 3:30 बजे बुलेट बाइक से अन्नपूर्णा मंडप पहुंचे। यहां सैकड़ों महिला-पुरुष सेवादार प्रसादी और भंडारे की तैयारी में जुटे थे। अचानक पहुंचे शास्त्री ने खुद भट्टी पर बैठकर पूड़ियां तलीं। महिलाओं से बुंदेली गारी गाने को कहा, जिसके बाद माहौल भक्तिमय हो गया। बागेश्वर धाम में होने वाले सामूहिक विवाह में शामिल 301 जोड़ों के नाम पर 30-30 हजार रुपए की एफडी कराई जा रही है।




## खबर संक्षेप

### शेयर बाजार में झटके से 7 लाख करोड़ स्वाह

**नई दिल्ली।** अमेरिका में आई भारी गिरावट के बाद शुक्रवार को भारी शेयर बाजार में भी कोहराम मच गया। निवेशकों के पोर्टफोलियो लाल निशान पर बंद हुए। इस हैवी गिरावट में टीसीएस, इंफोसिस और रिलायंस जैसे शेयरों ने इस गिरावट में ज्यादा योगदान दिया। बीएसई मार्केट कैप में शुक्रवार को भारी कमी आई। गुरुवार को बीएसई एमकैप 472.48 लाख करोड़ रुपए थे, जो 6.83 लाख करोड़ रु.कम होकर 465.31 लाख करोड़ पर आ गया। वहीं अगर अमेरिकी मार्केट को देखें तो एक रिपोर्ट के मुताबिक, 3 दिनों के दौरान वहां करीब 90 लाख करोड़ रुपए साफ हुए हैं। सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन सेंसेक्स 1048 अंक या 1.25 फीसदी गिरकर 82,626 पर क्लोज हुआ। वहीं निफ्टी50 336 अंक या 1.30 फीसदी गिरकर 25,471 पर क्लोज हुआ।



### जेईई से आईआईएम में होगा एडमिशन

**नई दिल्ली।** पहली बार इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (आईआईएम) में एडमिशन के लिए जेईई के नंबर देखे जाएंगे। यह नई पहल अभी एक ही कॉलेज आईआईएम लखनऊ ने की है। संस्थान ने 3 एआई कोर्स लॉन्च किए हैं। इनमें से एक प्रोग्राम में एंट्री का क्राइटेरिया जेईई क्वालिफाइ स्टूडेंट्स को कंसीडर करता है। इसके अलावा 2 और एआई के प्रोग्राम हैं जो इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट की पढ़ाई के बीच के गैप को कम करने के लिए है।



### 80 साल बाद प्रधानमंत्री कार्यालय का पता शुक्रवार से बदल गया

# अब 'सेवा तीर्थ' से ही चलेगी देश की सरकार, ध्येय वाक्य-नागरिक देवो भवः

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*पीएम ने कहा कि यहां से जो फैसले होंगे, वे किसी महाराजा की सोच को नहीं, बल्कि 140 करोड़ देशवासियों की अपेक्षाओं को आगे बढ़ाने का आधार बनेंगे*

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नए कार्यालय सेवा तीर्थ में शिफ्ट हो गए हैं। इसका ध्येय वाक्य नागरिक देवो भव है। यह परिसर दारा शिकोह रोड पर बनाया गया है, जो कि 2.26 लाख वर्ग फुट क्षेत्र में फैला है।

प्रधानमंत्री कार्यालय के साथ ही इस परिसर में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय और कैबिनेट सचिवालय भी है, जिससे यहां प्रधानमंत्री के लिए केबिनेट मीटिंग लेना भी आसान हो जाएगा। यह परिसर विजय चौक के पास बनाया गया है। नए प्रधानमंत्री कार्यालय में तीन मुख्य इमारतें हैं। इस सेवा तीर्थ को बनाने में 1,189 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं।

पीएम ने कहा- नया भवन ब्रिटिश सोच से मुक्त जनता की आकांक्षाएं पूरी करेंगे


सेवा तीर्थ भवन का उद्घाटन करते पीएम मोदी

- **नया परिसर दारा शिकोह रोड पर बनाया गया है, जो 2.26 लाख वर्ग फीट क्षेत्र में फैला**
- **इस सेवा तीर्थ को बनाने में 1,189 करोड़ रुपए खर्च किए गए**

### इस सेवा तीर्थ से पहले दिन लिए गए चार 'पहले' बड़े फैसले

**1 पीएम राहत योजना को मंजूरी**

*नए कार्यालय से काम शुरू करते ही प्रधानमंत्री ने कई अहम फैसलों पर हस्ताक्षर किए। इनमें 'पीएम राहत योजना' की शुरुआत शामिल है। इस योजना के तहत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को 1.5 लाख रुपये तक का कैशलेस इलाज उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि समय पर उपचार के अभाव में किसी की जान न जाए।*

**2 'लखपति दीदी' का लक्ष्य दोगुना**

*सरकार पहले ही 3 करोड़ 'लखपति दीदी' का लक्ष्य हासिल कर चुकी है, जो निर्धारित समयसीमा से एक वर्ष पहले पूरा हुआ। अब प्रधानमंत्री ने मार्च 2029 तक इस संख्या को बढ़ाकर छह करोड़ करने का नया लक्ष्य तय किया है। यह कदम महिलाओं की आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है।*

**3 किसानों के लिए बड़ा ऐलान**

*कृषि क्षेत्र को मजबूती देने के लिए 'कृषि अवसंरचना कोष' को बढ़ाकर दो लाख करोड़ कर दिया गया है। इससे कृषि मूल्य श्रृंखला को सुदृढ़ करने और किसानों को बेहतर भंडारण व प्रसंस्करण सुविधाएं उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।*

**4 स्टार्टअप इंडिया फंड 2.0 को मंजूरी**

*नवाचार और उभरती तकनीकों को बढ़ावा देने के लिए 'स्टार्टअप इंडिया फंड ऑफ फंड्स 2.0' को 10,000 करोड़ के कोष के साथ मंजूरी दी गई है। इसका उद्देश्य डीप टेक, एडवांस मैन्युफैक्चरिंग और शुरुआती चरण के नवाचारों को वित्तीय सहयोग देना है।*




### तीन दिन पहले वायरल हुआ था अश्लील वीडियो

# क्लासमेट के कमरे में मिला एमबीए छात्रा का नग्न शव

**ये हत्या या आत्महत्या?** पुलिस गुत्थी सुलझाने में लगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में एक 25 वर्षीय एमबीए छात्रा का सड़ा हुआ शव उसके क्लासमेट के कमरे में निर्वस्त्र हालत में मिला है। कमरे के बाहर ताला लगा हुआ था। छात्रा पिछले तीन दिन से लापता थी। घटना द्वारकापुरी थाना क्षेत्र के अंकली गली की है। जिस कमरे से शव मिला वह मंदसौर निवासी पीयूष धनोतिया नामक युवक का है जो छात्रा का क्लासमेट बताया जा रहा है। दोनों सांवेर रोड स्थित एक निजी संस्थान से एमबीए की पढ़ाई कर रहे थे।


छानबीन करती पुलिस

### कॉलेज के ग्रुप में वीडियो वायरल

इसी बीच 10 फरवरी की रात कॉलेज के वाट्सएप ग्रुप में छात्रा के मोबाइल से एक आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट किया गया। वीडियो में एक युवक का चेहरा इमोजी से ढका हुआ था जबकि छात्रा का चेहरा साफ दिखाई दे रहा था।

### कुबेरेश्वर धाम में रुद्राक्ष महोत्सव आज से

# करीब एक लाख श्रद्धालु पहुंचे धाम, 7 दिन में दस लाख तक का अनुमान

**श्रद्धालुओं की सेवा के लिए 1200 से अधिक सेवादार तैनात**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

कुबेरेश्वर धाम में 14 फरवरी से ऐतिहासिक रुद्राक्ष महोत्सव और शिवपुराण कथा का आगाज होने जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में आयोजित इस 7 दिवसीय महोत्सव के लिए कुबेरेश्वर धाम को महाकुंभ की तर्ज पर सजाया गया है। आयोजन 20 फरवरी तक चलेगा। महोत्सव शुरू होने के एक दिन पहले ही करीब एक लाख श्रद्धालु सीहोर पहुंच चुके हैं। सात दिन में दस लाख श्रद्धालुओं के शामिल होने का अनुमान है। शहर के तमाम होटल, लॉज, गेस्ट हाउस और धर्मशालाएं पूरी तरह हाउसफुल हो चुकी हैं।

### आईएएस वर्मा को इंदौर कोर्ट का आदेश

## एमजी रोड थाने में पेश होकर देने होंगे अपने साइन के नमूने


धोखाधड़ी मामले में जांच में सहयोग न करने का आरोप

**इंदौर।** ब्राह्मण बेटियों पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर पहले ही विवादों में घिरे आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रहीं। अब सत्र न्यायालय ने उन्हें एमजी रोड थाने में पेश होकर अपने हस्ताक्षर के नमूने देने का आदेश दिया है। नमूने देने के बाद ही जमानत निरस्त करने संबंधी आवेदन पर फैसला किया जाएगा। मामले की अगली सुनवाई 4 मार्च को तय की गई है। एमजी रोड पुलिस पूरे प्रकरण की जांच कर रही है।

### रात में गूगल मैप ने दिया धोखा

## 30 फीट गहरे तालाब में गिरी बारातियों की कार, 3 की मौत


गूगल मैप सड़क बता रहा था, पर वह सूखा तालाब निकला

**विदिशा।** गैरतगंज से बारात लेकर जाफरखेड़ी जा रही एक टवेरा कार 30 फीट गहरे सूखे तालाब में गिर गई। हादसे में 3 बारातियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 7 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। कार में कुल 10 लोग सवार थे। जिन्हे जाफरखेड़ी गांव जाना था। वह रात में रास्ता भटक गए थे और गूगल मैप से रास्ता खोजते हुए चल रहे थे। इसी दौरान वह हाईवे से इंडस्ट्रियल एरिया की सड़क पर जा पहुंचे जो आगे जाकर खत्म हो जाती है।

### बैंड बजा रहे 15 साल के बच्चे की हत्या

## सागर में राई की धुन नहीं बजाने पर सीने में गोली मारी


संदिग्ध युवक को पुलिस के हवाले किया गया

**सागर।** गुरुवार देर रात एक शादी समारोह के दौरान हुई फायरिंग ने एक मासूम की जान ले ली। मौके पर मौजूद लोगों ने फायरिंग करने वाले एक संदिग्ध युवक को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। मोतीनगर थाना क्षेत्र के गोला कुएं के पास बारात में अचानक चली गोली बैंड बजा रहे 15 वर्षीय बच्चे विवेक बंसल के सीने में जा धंसी। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया।




### बांग्लादेश में 20 साल बाद बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की जीत, कट्टरपंथी पिछड़े

### बांग्लादेश में 35 साल बाद कोई पुरुष प्रधानमंत्री बनेगा

# आज पीएम पद की शपथ ले सकते हैं तारिक रहमान, पीएम मोदी ने फोन कर दी शुभकामना

बीएनपी गठबंधन की 212 सीटों पर जीत, जमात-ए-इस्लामी ने 77 सीटें हासिल कीं

एजेंसी ▶▶ ढाका/नई दिल्ली

बांग्लादेश में गुरुवार को हुए आम चुनाव में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने बड़ी जीत दर्ज की है। प्रथोम ओलो के मुताबिक बीएनपी गठबंधन ने 299 सीटों में से 212 सीटें हासिल कर बहुमत के लिए जरूरी 150 के आंकड़े को पार कर लिया। अब तक 297 सीटों के नतीजे घोषित हो चुके हैं। जमात-ए-इस्लामी के नेतृत्व वाले 11 दलों के गठबंधन को अब तक 77 सीटें मिली हैं। देश में करीब 20 साल बाद बीएनपी की सरकार बनेगी। 2008 से 2024 तक वहां शेख हसीना की आवामी लीग सत्ता में थी। इस जीत के साथ बीएनपी अध्यक्ष तारिक रहमान का प्रधानमंत्री बनना तय माना जा रहा है।



**पीएम मोदी बोले**

### दोनों देशों की तरक्की-खुशहाली के लिए भारत प्रतिबद्ध

*पीएम नरेंद्र मोदी ने बांग्लादेश चुनाव जीतने पर बीएनपी चीफ तारिक रहमान को बधाई दी है। पीएम नरेंद्र मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट कर कहा कि तारिक रहमान से बात करके बहुत खुशी हुई। मैंने उन्हें बांग्लादेश चुनाव में शानदार जीत के लिए बधाई दी। मैंने बांग्लादेश के लोगों की उम्मीदों को पूरा करने की उनकी कोशिश के लिए अपनी शुभकामनाएं और सपोर्ट दिया।*

### क्या यूनुस का सुधार चार्टर होगा लागू?

तारिक रहमान की शानदार जीत के बाद अब डॉ. मोहम्मद यूनुस को अपना पद छोड़ना पड़ेगा। इसके साथ ही बांग्लादेश के नवनिर्माण की नींव को फिर से रखने का एक प्रयास शुरू होगा। यूनुस प्रशासन ने स्पष्ट किया था कि केवल चुनाव कराना ही पर्याप्त नहीं है बल्कि चुनाव के बाद देश को एक सही दिशा देना भी आवश्यक है। इसके लिए, उन्होंने एक विस्तृत सुधार चार्टर तैयार किया है।

## खबर संक्षेप

### पुस्तक बांट रहे शिक्षक को कारण बताओ नोटिस

**जशपुरनगर।** सरकारी हायर सेकेंडरी स्कूल में शिक्षक द्वारा बाइबिल की प्रति बांटे जाने से विवाद की स्थिति बन गई है। मामले में शिक्षा विभाग ने संबंधित शिक्षक को कारण बताओ नोटिस थमा कर सफाई मांगी है। मामला जिले के फरसाबहार विकासखंड के केरसई का है। जानकारी के अनुसार, विद्यालय में व्याख्याता पद पर पदस्थ दीपक तिग्गा पर आरोप है कि उन्होंने पढ़ाई के दौरान कक्षा में जाकर छात्र-छात्राओं को बाइबिल की छोटी पुस्तकें वितरित कीं। इस बाइबिल को हिन्दू छात्र-छात्राओं को भी बांटा गया। प्राचार्य कार्यालय से जारी नोटिस के मुताबिक, 10 फरवरी को दीपक तिग्गा विलंब से विद्यालय पहुंचे और बिना प्राचार्य से मुलाकात किए सीधे कक्षा में चले गए।

### मंदिर के पास वाइन शॉप कार्रवाई के दिए निर्देश

**भोपाल।** मानव अधिकार आयोग ने राजधानी के अरेरा कॉलोनी क्षेत्र में मंदिर के समीप स्थित शराब दुकान के मामले में संज्ञान लिया है। मामले में आयोग ने सख्त रूख अपनाते हुए भोपाल कलेक्टर को चार सप्ताह के भीतर ठोस कार्रवाई कर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। आयोग ने यह भी चेतावनी दी है कि निर्धारित समय सीमा में निष्पक्ष कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 की धारा 13 के अंतर्गत आयोग भोपाल कलेक्टर पर सख्त कार्रवाई करेगा। बता दें कि चार दिन पहले ही आयोग सदस्य प्रियंक कानूनगो शराब दुकान का निरीक्षण भी कर चुके हैं। इस मामले में रहवासियों ने आयोग से शिकायत की थी। उनका कहना है कि 100 मीटर के दायरे में ही शराब दुकान और मंदिर है।

दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान के रिसर्च फेलोशिप के पोस्टर और वेबसाइट का हुआ विमोचन

# शोध मात्र अकादमिक गतिविधि नहीं, यह समाज-राष्ट्र की दिशा बदलने वाली शक्ति

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मेपकास्ट में राष्ट्रीय शोधार्थी समागम (नेशनल रिसर्चर्स मीट) में की सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि शोध अकादमिक गतिविधि मात्र नहीं, यह समाज और राष्ट्र की दिशा बदलने वाली शक्ति है। कोई भी शोध इतना उच्च कोटि का होना चाहिए, जो हम सबकी सोच को एक नई दृष्टि, नई दिशा भी दे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी शोधार्थियों से आह्वान किया कि वे देश के विकास के लिए अपनी जिज्ञासा और रुचि के अनुसंधान क्षेत्रों में निर्भीक होकर आगे बढ़ें।

जैसे आवश्यकता आविष्कार की जननी है, वैसे ही शोध विज्ञान और सभी वैज्ञानिक पद्धतियों का जनक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को मप्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् (मेपकास्ट) के विज्ञान भवन में दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान द्वारा आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय शोधार्थी समागम (नेशनल रिसर्चर्स मीट) 2026 को संबोधित कर रहे थे। उद्घाटन सत्र में मैपकास्ट के डीजी डॉ. अनिल कोठारी, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विवि के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी सहित शिक्षक एवं शोधार्थी विद्यार्थी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शोधार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे परंपरागत धारणाओं तक सीमित न रहें, बल्कि नवीन विचारों और वैज्ञानिक दृष्टि के साथ ऐसे शोध प्रस्तुत करें, जो समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकें।



राष्ट्रीय शोधार्थी समागम में पोस्टर का विमोचन करते सीएम व अतिथि।

### पाण्डेय ने शोधार्थियों को दिया मार्गदर्शन

उच्च शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि यह आयोजन राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में भारत केंद्रित परंपरा, संस्कृति और विरासत के शोध को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। भारत केंद्रित शोध और शिक्षा के माध्यम से हम पुनः विश्व गुरू बनेंगे। स्वागत उद्बोधन राष्ट्रीय शोधार्थी समागम की संयोजिका डॉ. अल्पना त्रिवेदी ने दिया। विषय प्रवर्तन डॉ. मुकेश कुमार मिश्रा ने दिया। दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान के अध्यक्ष अशोक पाण्डेय ने समागम की विषय वस्तु पर प्रकाश डाला। डॉ. यादव ने विज्ञान भवन परिसर में पौधरोपण भी किया।

### हमें समग्र रूप से सभी दिशाओं में सोचते हुए करना है शोधः आचार्यश्री

मिथलेशनन्दिनीशरण महाराज ने कहा कि मध्यप्रदेश ने महाकाल की प्रतिष्ठा से विश्व को अवगत कराया है। हम दुनिया को सर्वस्व दे रहे हैं, क्योंकि हमारे पास महाकाल हैं। पश्चिम की केवल आलोचना करने से कुछ नहीं होने वाला। हमें समग्र रूप से सभी दिशाओं में सोचते हुए शोध करना है। वरिष्ठ लेखक एवं चिंतक सुरेश सोनी ने बीज वक्तव्य में कहा कि भारत के भौगोलिक स्वरूप में वेद आधारित सांस्कृतिक परिदृश्य नजर आता है।

### सात पुस्तकों का विमोचन किया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महाकालः द मास्टर ऑफ टाइम वेबसाइट का शुभारंभ, महाकाल ब्रोशर सहित मैपकास्ट द्वारा आयोजित होने वाले 41वें मध्यप्रदेश युवा वैज्ञानिक सम्मेलन एवं विज्ञान उत्सव के पोस्टर का विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान द्वारा अनुसंधान परक लेखन पर आधारित सात पुस्तकों का भी विमोचन भी किया। राष्ट्रीय शोधार्थी समागम में देशभर से आए शोधार्थियों, शिक्षाविदों और विशेषज्ञों की सहभागिता रही। भारतीय समाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद के अध्यक्ष और भगवान बिरसा मुंडा जनजातीय विवि के कुलगुरु प्रो. मधुकर एस पड़वी ने कहा कि भारत के पुनरोत्थान के लिए हमारी सभ्यता और ज्ञान की पुनः प्रतिष्ठा करने की आवश्यकता है।

मुख्य सचिव जैन के सुझाव पर बदली प्लानिंग

# फॉरेस्ट एरिया में कम होंगे अंडरपास वेस्टर्न भोपाल बायपास प्रोजेक्ट की लागत 250 करोड़ रुपए घटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वेस्टर्न भोपाल बायपास प्रोजेक्ट की प्लानिंग में एक बार फिर बड़ा बदलाव किया गया है। मुख्य सचिव अनुराग जैन के सुझाव पर फॉरेस्ट एरिया में प्रस्तावित अंडरपास की संख्या कम करने का निर्णय लिया गया है। इस संशोधन से परियोजना की लागत में करीब 250 करोड़ रुपए की कमी आने का अनुमान है।

मुख्य सचिव को हाल ही में परियोजना का प्रेजेंटेशन दिया गया था। इसमें फॉरेस्ट और टाइगर मूवमेंट एरिया में प्रस्तावित अंडरपास की संख्या और लागत का पुनर्मूल्यांकन प्रस्तुत किया गया। चर्चा के बाद सीएस ने अंडरपास की संख्या युक्तिसंगत करने के निर्देश दिए। संशोधित प्रस्ताव अब दोबारा उनकी मंजूरी के लिए रखा जाएगा। हरी झंडी मिलने के बाद ही परियोजना को जमीन पर उतारने की प्रक्रिया तेज होगी। वेस्टर्न भोपाल बायपास प्रोजेक्ट शुरूआत से ही गलत एस्टीमेशन और एलाइनमेंट में बदलाव की वजह से अटका रहा। सूत्रों के अनुसार फॉरेस्ट एरिया में अंडरपास और कोलांस नदी पर बनने वाले पुल के स्पान का सही आकलन नहीं किया गया था। वन विभाग और मध्यप्रदेश रोड डेवलपमेंट कॉपोरेशन (एमपीआरडीसी) के बीच चर्चा में इन खामियों का खुलासा हुआ।

### 2024 में कंपनी चयनित, अब तक काम शुरू नहीं

*एमपीआरडीसी ने इस परियोजना की कुल अनुमानित लागत 2993 करोड़ रुपए तय की थी, जिसमें सिविल वर्क पर 1323.94 करोड़ रुपए खर्च प्रस्तावित था। वर्ष 2024 में वेस्टर्न भोपाल बायपास प्राइवेट लिमिटेड का चयन हाइब्रिड एन्युटी मोड पर किया गया था। कंपनी 1174 करोड़ रुपए में काम करने को तैयार हुई थी और 15 वर्षों तक मेंटेनेंस की जिम्मेदारी भी उसी की रहेगी। हालांकि डेढ़ साल से अधिक समय बीतने के बावजूद काम शुरू नहीं हो पाया है। एलाइनमेंट में बदलाव के चलते भू-अर्जन की प्रक्रिया दोबारा करनी पड़ रही है। साथ ही चयनित कंपनी (पूर्व में पीएनसी इंफ्राटेक) के साथ सप्लीमेंट्री एग्रीमेंट भी करना होगा।*

### बायपास की सवा पांच किमी कम हुई लंबाई

*प्रारंभिक योजना के अनुसार बायपास की लंबाई 40.90 किमी प्रस्तावित थी, जो मंडीदीप के पास इटाया कलां से शुरू होकर रातीबड़ के आगे फंदा तक जाती। अब संशोधित रूट भोपाल-जबलपुर मार्ग के ग्राम रतनपुर से शुरू होकर कोलार-रातीबड़ होते हुए भोपाल-देवास रोड के ग्राम फंदा कलां तक जाएगा। इसके कारण अब नई लंबाई करीब 35.60 किमी होगी।*

## साढ़े तीन हजार सवालों के जवाब देगी मप्र सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विधानसभा सत्र से पहले विधायकों ने साढ़े तीन हजार से अधिक सवाल लगाए हैं। इन सवालों के लिखित जवाब बजट सत्र के दौरान राज्य सरकार के मंत्री देंगे। विधानसभा सचिवालय के अनुसार अब तक कुल 3478 सवाल मिले हैं। इनमें 2253 प्रश्न ऑनलाइन और 1225 प्रश्न ऑफलाइन पूछे गए हैं। सभी प्रश्न अलग-अलग विभागों से संबंधित हैं, जिनके उत्तर निर्धारित तिथियों पर सदन में दिए जाएंगे। 11 फरवरी तक की स्थिति में 8 स्थगन प्रस्ताव, 132 ध्यानाकर्षण प्रस्ताव, शून्यकाल में सूचना पढ़ने के 45 प्रस्ताव और 41 अशासकीय संकल्प प्राप्त हुए हैं। इसके अलावा 14 याचिकाएं और नियम 139 के अंतर्गत चर्चा के 2 प्रस्ताव भी विधानसभा सचिवालय को मिले हैं। नियम 139 के तहत प्राप्त प्रस्तावों पर सदन की कार्यवाही के दौरान विधानसभा अध्यक्ष समय निर्धारित करेंगे। विधानसभा के बजट सत्र की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर एक-दो दिन में सचिवालय का निरीक्षण करेंगे। वे सदन के भीतर विधायकों और मंत्रियों की बैठक व्यवस्था, संचार प्रणाली तथा दर्शक दीर्घा की व्यवस्थाओं की समीक्षा करेंगे।

धमतरी में पंचायत का ऐतिहासिक फैसला

## शाम 6 बजे के बाद छात्रों के घूमने पर पाबंदी नशा करने पर 5000 रुपए तक का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

मोबाइल नहीं, पढ़ाई है जरूरी। विद्यार्थियों के भविष्य बेहतर हो, इस उद्देश्य से ग्रामीणों ने गांव में मिल-बैठकर फैसला लिया कि 10वीं-12वीं बोर्ड कक्षाओं में गांव के स्कूल के रिजल्ट के साथ विद्यार्थी अच्छे अंकों से उत्तीर्ण हो। विद्यार्थियों के रिजल्ट बेहतर हो, इसके लिए अब शाम छह बजे के बाद कोई भी विद्यार्थी अपने घरों से बाहर नहीं निकलेगा। वहीं छात्रों के चौक-चौराहों पर बैठना और गली मोहल्ले में घूमने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। पालक शिक्षक बैठक, शाला प्रबंधन समिति तथा पंचायत प्रतिनिधियों और पालकों के द्वारा लिए गए निर्णय के उल्लंघन किए जाने पर पांच हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया जाएगा। साथ ही सार्वजनिक जगह पर नशापान करने पर 10 से 50 हजार रुपए तक जुर्माना किया गया है। बोर्ड कक्षाओं में मेरिट पर लाने के उद्देश्य से पहल गांव के बच्चों को बोर्ड कक्षाओं के मेरिट पर लाने के उद्देश्य से पहल की जा रही है।



## सीडीएस चौहान ने समझाया

# नेहरू ने पूर्वोत्तर में स्थिरता के चलते किया था पंचशील समझौता

## चीन से सकारात्मक संबंध पंचशील नीति का हिस्सा

एजेंसी ▶▶ देहरादून

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने भारत और चीन के बीच पंचशील समझौते की पृष्ठभूमि स्पष्ट करते हुए कहा कि आजादी के बाद ब्रिटिश शासन समाप्त होने पर भारत को अपनी सीमाओं की परिभाषा स्वयं तय



करनी थी। उस समय देश के पहले पीएम जवाहरलाल नेहरू को पूर्व में मैकमोहन रेखा और लद्दाख क्षेत्र में भारत के दावों का आभास था, लेकिन कई हिस्सों में स्थिति स्पष्ट नहीं थी। उन्होंने कहा कि नेहरू सीमावर्ती क्षेत्रों में स्थिरता चाहते थे। चीन भी तिब्बत में अपनी स्थिति मजबूत करने के बाद इलाके में संतुलन चाहता था और उसकी मौजूदगी ल्हासा तक फैल चुकी थी। ऐसे में दोनों देशों ने संबंधों को स्थिर बनाने की दिशा में पंचशील समझौते पर हस्ताक्षर किए। यह बातें बतौर विशिष्ट अतिथि चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने 'फ्रंटियर्स, बॉर्डर्स एंड एलएसी: द मिडिल सेक्टर' विषय पर दिए व्याख्यान में कहीं।

*अंग्रेजों के जाने के बाद भारत को ही तय करनी थी सीमा*

*भारत ने 1954 में तिब्बत को चीन का हिस्सा माना*



'भारत हिमालयन इंटरनेशनल स्ट्रैटेजिक मंच' का शुभारंभ करते राज्यपाल गुरमीत और सीडीएस अनिल चौहान

*सीडीएस चौहान ने कहा कि वर्ष 1954 में भारत द्वारा तिब्बत को चीन का हिस्सा मानने के बाद भारत को लगा था कि उत्तरी सीमा का मुद्दा काफी हद तक सुलझ गया है, जबकि चीन ने इसे केवल व्यापार से जुड़ा समझौता माना। उन्होंने विशेष रूप से मध्य सेक्टर में हिमालयी सीमाओं के बढ़ते महत्व तथा सरकार द्वारा अवसंरचना विकास पर दिए जा रहे विशेष बल पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र भारत पड़ोसी देश चीन के साथ सकारात्मक संबंध विकसित करना चाहता था और पंचशील उसी नीति का हिस्सा था।*

### राज्यपाल ने भीष्म थिंक टैंक का शुभारंभ किया

शुक्रवार को उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने लोक भवन में 'भारत हिमालयन इंटरनेशनल स्ट्रैटेजिक मंच (भीष्म)' का शुभारंभ किया। इस दौरान राज्यपाल ने भीष्म का लोगो और वेबसाइट का भी अनावरण किया। भीष्म एक रणनीतिक थिंक टैंक है, जो देहरादून में स्थित बौद्धिक संसाधनों को एकत्रित कर उत्तराखंड राज्य को देश में रणनीतिक चिंतन के अग्रणी केंद्र के रूप में स्थापित करेगा। थिंक टैंक के शुभारंभ के अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि देहरादून में 'भीष्म' थिंक टैंक की शुरुआत उत्तराखण्ड तथा पूरे राष्ट्र के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि यह मंच राष्ट्रीय सुरक्षा और रणनीतिक चिंतन के क्षेत्र में एक प्रभावशाली थिंक टैंक के रूप में स्थापित होगा।

### पंचशील समझौता

पंचशील समझौता 29 अप्रैल 1954 को भारत और चीन के बीच हस्ताक्षरित शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के पांच सिद्धांतों का एक समूह है। तत्कालीन पीएम जवाहरलाल नेहरू और चीनी पीएम चाऊ एन-लाई द्वारा हस्ताक्षरित इस समझौते का उद्देश्य आपसी विश्वास, क्षेत्रीय अखंडता, गैर-आक्रमण, आंतरिक हस्तक्षेप न करने और समानता के आधार पर संबंधों को बढ़ावा देना था।

### मैकमोहन रेखा

मैकमोहन रेखा भारत और चीन के बीच पूर्वोत्तर क्षेत्र (विशेषकर अरुणाचल प्रदेश) में स्थित एक 890 किलोमीटर लंबी सीमा रेखा है, जिसे 1914 में शिमला समझौते के तहत निर्धारित किया गया था। यह रेखा भारत और तिब्बत के बीच की सीमा थी, जिसका नाम तत्कालीन ब्रिटिश विदेश सचिव सर हेनरी मैकमोहन के नाम पर रखा गया। 1914 में ब्रिटिश भारत सरकार और तिब्बत के प्रतिनिधियों के बीच शिमला संधि के तहत यह रेखा खींची गई थी। चीन इस रेखा को कभी नहीं मानता और इसे अवैध मानता है, क्योंकि वे तिब्बत को एक स्वतंत्र देश नहीं मानते थे, न ही उन्हें सीमा रेखा निर्धारित करने का अधिकार था।

## खबर संक्षेप

### भारतीय पासपोर्ट की रैंकिंग 5 पायदान सुधरी

**नई दिल्ली।** भारतीय पासपोर्ट की रैंकिंग में सुधार हुआ है। लेटेस्ट हेनले पासपोर्ट इंडेक्स (फरवरी



2026) के अनुसार, अब भारत का पासपोर्ट दुनिया के सबसे शक्तिशाली पासपोर्ट्स की सूची में 75वें स्थान पर पहुंच गया है। साल की शुरुआत में यह 80वें स्थान पर था, यानी हाल ही में इसमें 5 स्थानों का सुधार हुआ है। भारतीय पासपोर्ट धारकों को 56 देशों में वीजा-फ्री या वीजा ऑन अराइवल की सुविधा मिलती है।

### ओडिशा में ट्रैक्टर नदी में गिरा, 3 की मौत

**बारीपदा।** ओडिशा के मयूरभंज जिले में एक ट्रैक्टर के नदी में गिर जाने से तीन व्यक्तियों की मौत हो




गई और पांच अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि हादसा गुरुवार शाम जिले के करंजिया खंड अंतर्गत मुर्गासाही गांव के पास हुआ। यह दुर्घटना उस समय हुई जब ट्रैक्टर पर सवार आठ व्यक्ति झुमुकाकुदार गांव से लौट रहे थे। चालक वाहन पर से नियंत्रण खो बैठा, जिसके बाद ट्रैक्टर देव नदी में गिर गया। तीन लोगों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के अध्यक्ष तारिक रहमान होंगे बांग्लादेश के नए पीएम

# बांग्लादेशियों ने जमात और जेन-जी को नकारा बीएनपी आने से भारतीय संबंधों को मिला सहारा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बांग्लादेश में गुरुवार को हुए आम चुनाव में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने बड़ी जीत दर्ज की है। बीएनपी और उसके गठबंधन ने 299 सीटों में से 212 सीटें हासिल कर बहुमत के लिए जरूरी 150 के आंकड़े को पार कर लिया। अब तक 297 सीटों के नतीजे घोषित हो चुके हैं। जमात-ए-इस्लामी के नेतृत्व वाले 11 दलों के गठबंधन को अब तक 77 सीटें मिली हैं। इस जीत के साथ बीएनपी अध्यक्ष तारिक रहमान का पीएम बनना तय माना जा रहा है। तारिक ने दो सीटों से चुनाव लड़ा था और दोनों पर जीत हासिल की है।

बांग्लादेश चुनाव में कट्टरपंथी पार्टी जमात-ए-इस्लामी बुरी तरह हारी है। उसके गठबंधन को सिर्फ 70 सीटें मिलीं हैं। शेख हसीना की सरकार गिराने वाले स्टूडेंट्स की पार्टी नेशनल सिटीजन पार्टी यानी एनसीपी को भी बांग्लादेशियों ने नकार दिया। बांग्लादेश में 35 साल बाद कोई पुरुष पीएम बनेगा। 1988 में काजी जफर अहमद पीएम बने थे। इसके बाद 1991 से 2024 तक देश की राजनीति में पूर्व पीएम शेख हसीना और खालिदा जिया का दबदबा रहा। ये दोनों ही पीएम बनती रहीं।

तारिक ने दो सीटों से चुनाव लड़ा और दोनों पर जीत हासिल की है।

जमात और छात्रों की पार्टी को बांग्लादेशियों ने नकारा

### 4 साल की उम्र में गए थे जेल


तारिक रहमान


बांग्लादेश की संसद

*तारिक रहमान बांग्लादेश की पूर्व पीएम खालिदा जिया और पूर्व राष्ट्रपति जिया-उर-रहमान के बेटे हैं। तारिक रहमान का जन्म 20 नवंबर 1965 को ढाका में हुआ।1971 में बांग्लादेश की आजादी की जंग के दौरान तारिक महज चार साल के थे और उन्हें कुछ समय के लिए हिरासत में भी रखा गया था। यही वजह है कि उनकी पार्टी बीएनपी उन्हें 'युद्ध के सबसे कम उम्र के बंदियों में शामिल' बताकर सम्मानित करती है। पिता जिया-उर-रहमान बीएनपी के संस्थापक और पूर्व राष्ट्रपति थे। जबकि उनकी मां खालिदा जिया 3 बार देश की पीएम रहीं। तारिक को बचपन से ही राजनीति में रुचि थी। 1991 में तारिक ने अपनी मां खालिदा जिया को पीएम बनाने में अहम भूमिका निभाई। तारिक रहमान जेल, यातनाएं और राजनीतिक साजिशों के शिकार भी हुए हैं और 17 साल का निर्वासन भी झेला है। तारिक 17 सालों तक लंदन में रहे, तारिक रहमान देश से भले दूर थे, लेकिन राजनीति से जुड़े रहे। वह वीडियो कॉल, सोशल मीडिया और डिजिटल सभाओं के जरिए अपने पार्टी का नेतृत्व करते रहे।*

### ममता ने भाई कहकर बधाई दी

पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने बीएनपी अध्यक्ष तारिक रहमान को बधाई दी। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा कि बांग्लादेश के मेरे सभी भाइयों और बहनों को हार्दिक बधाई। आप सभी को अग्रिम रमजान मुबारक। इस बड़ी जीत के लिए मेरे तारिक भाई, उनकी पार्टी और सभी दलों को शुभकामनाएं।

### रिश्ते मजबूत होंगे बीएनपी नेता

बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के चुनाव प्रबंधन समिति के प्रमुख नजरुल इस्लाम खान ने कहा कि तारिक रहमान की लीडरशिप में भारत-बांग्लादेश रिश्ते और मजबूत होंगे।

### बांग्लादेश चुनाव में 59% मतदान

बांग्लादेश आम चुनाव में कुल 59.44% मतदान हुआ। यह जानकारी बांग्लादेश चुनाव आयोग ने दी है। चुनाव आयोग के जनसंपर्क विभाग के निदेशक मोहम्मद रूहुल अमीन मलिक ने शुक्रवार सुबह 11:30 बजे ये आंकड़ा बताया। 2024 आम चुनाव में 41.8% मतदान हुआ था यानी इस बार करीब 17% वोटिंग ज्यादा हुई।

**नया नेतृत्व, नए अवसर**

### भारत के लिए तारिक की जीत के मायने

- बांग्लादेश में बीएनपी की जीत से नए नेतृत्व के साथ भारत के द्विपक्षीय रिश्तों को फिर से तय करने का मौका मिलेगा। इस जीत ने दिखाया कि बांग्लादेश के लोग अपने लोकप्रिय नेताओं में विश्वास रखते हैं और भारत लोकतंत्र, विकास और सहयोग को सम्मान देता रहेगा।
- **स्थिर राजनीतिक माहौल:** स्थिर सरकार बनने से भारतबांग्लादेश संबंधों में भरोसे का माहौल बनेगा।
- **सीमापार सहयोग को बढ़ावा:** बिजली, सड़क, रेलवे, व्यापार जैसे मुद्दों पर सहयोग आगे बढ़ सकता है।
- **भारतपड़ोसी नीति:** भारत अपनी 'पड़ोस पहले' नीति के तहत बांग्लादेश को समर्थन देगा।
- **सुरक्षा सहयोग बेहतर होगा:** सीमा सुरक्षा, आतंकवाद विरोधी साझेदारी क्षेत्र में नया भरोसा बन सकता है।
- **आर्थिक साझेदारी को बल:** ऊर्जा, निवेश और इंफ्रा प्रोजेक्ट में बढ़ोतरी हो सकती है।
- **क्षेत्रीय स्थिरता में योगदान:** दक्षिण एशिया में राजनीतिक संतुलन और समर्थन से क्षेत्रीय स्थिरता मजबूत होगी।
- **शिक्षा और सांस्कृतिक आदानप्रदान:** छात्रों, कलाकारों और नौजवानों के लिए द्विपक्षीय आदानप्रदान के अवसर बढ़ सकते हैं।

## अलर्ट जारी कर खाली कराया परिसर

# यूपी में 19 जिला कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी, जांच शुरू

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी में लखनऊ, अयोध्या और वाराणसी समेत 19 जिलों की कचहरी में बम विस्फोट करने की धमकी भरे मेल से हड़कंप मच गया है। सूचना मिलते ही कचहरी परिसर को तत्काल खाली करा लिया गया है। इस घटना के मद्देनजर पूरे परिसर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। कचहरी को वकीलों व वादकारियों से खाली कराया गया। म निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड की टीमें मौके पर पहुंच गई हैं और परिसर की गहन तलाशी ली जा रही है। किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। धमकी भरे मेल की जांच की जा रही है कि यह किसने और क्यों भेजा है। सीजेएम ने सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाल ली है। सीओ सिटी सहित काफी संख्या में पुलिस बल को तैनात कर दिया गया है। फिलहाल, किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की गई है। सूत्रों का कहना है कि धमकी भरा मेल जिला जज की मेल आईडी पर आया था।


अयोध्या जिला कोर्ट में पुलिस

### वाराणसी कचहरी में पहुंची एनएसजी

वाराणसी कचहरी में एनएसजी पहुंच गई है। कचहरी के मुख्य प्वाइंट पर सर्च ऑपरेशन जारी है। काशी के एडिशनल सीपी शिवहरी मीणा ने बताया- वाराणसी कचहरी को बम से उड़ाने की धमकी के बाद जांच जारी थी। लगभग तीन घंटे तलाशी के बाद पूरी कचहरी का कोना-कोना खंगाला गया। तलाशी पूरी हो गई, कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। मेल और अन्य गतिविधियों की जांच कराई जा रही है। लखनऊ सिविल कोर्ट में वकीलों के अलावा सबकी एंट्री रोक दी गई है। यहां भी सर्च अभियान चलाया गया है। काशी में 3 हजार से अधिक वकील और 5 हजार वादकारियों ने आनन-फानन में कोर्ट छोड़ दिया। जिला जज भी कैंपस से बाहर आ गए। काशी में पैरामिलिट्री फोर्स ने मार्च किया। रेलवे स्टेशन पर चेकिंग की गई।

### अयोध्या कोर्ट में सभी काम रोके गए

अयोध्या बार काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष सूर्य नारायण सिंह ने कहा कि परिसर में सभी काम रोक दिए गए हैं। न्यायालय में जो सुनवाई होनी थी, उसमें तारीख लगाने की अपील की गई है। बाकी काम सोमवार से स्थिति सामान्य होने के बाद होंगे। मेरठ जिला एवं सत्र न्यायालय को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली है। सूचना मिलते ही डॉग स्क्वॉड और बम स्क्वॉड की टीमें पहुंचीं। पूरे कोर्ट परिसर में सघन जांच की। मिर्जापुर के एसपी सिटी नितेश सिंह ने बताया कि जानकारी मिलते ही चेकिंग अभियान शुरू कर जांच की।

## इजराइली राजदूत अजार ने की पीएम मोदी की प्रशंसा

# कहा- उनकी नीतियां भारतीयों के लिए लाभकारी, यह देश तेजी से आगे बढ़ रहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में इजराइल के राजदूत रूवेन अजार ने एक बातचीत में पीएम नरेंद्र मोदी की जमकर प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी भारत में जिन नीतियों को प्रोत्साहित कर रहे हैं, वे भारतीय लोगों के लिए बहुत फायदेमंद रही हैं। यह देश बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। भारत के पास टिकाऊ वृद्धि है जो नए उद्योग बना रही है, नवाचार कर रही है, अकादमिक अनुसंधान कर रही है। यह हमारे लिए बहुत जरूरी है, क्योंकि हम लोकतंत्र, मुक्त व्यापार, बोलने की आजादी के मूल्यों को साझा करते हैं और जितना भारत मजबूत होगा, इजराइल भी उतना ही मजबूत होगा।

### हमास को कूटनीतिक मौका देना चाहते


इजराइली राजदूत रूवेन अजार

अजार ने कहा कि हमने गाजा के आधे से ज्यादा इलाके पर कब्जा कर लिया है और इस 20-पॉइंट प्लान को अपनाकर, हमास डीमिलिटराइज करने के लिए तैयार है। हम हमास को कूटनीतिक मौका देना चाहते हैं। हमारा मानना है कि हमास पर हथियार छोड़ने के लिए दबाव डालना न सिर्फ सही है, बल्कि यह एक अच्छा विकल्प भी है।

### ईरान को बंद करने होंगे सभी प्रोजेक्ट्स

इजराइली राजदूत ने कहा कि ईरान ने जिन भी प्रोजेक्ट्स को पूरा करने के प्लान बनाएं हैं उन्हें खत्म करना होगा, यानी मुख्य रूप से उनका मिलिट्री न्यूक्लियर प्रोग्राम, बैलिस्टिक मिसाइल प्रोग्राम, और उनके प्रॉक्सी, आतंकवादी संगठनों को उनका समर्थन जो मिडिल ईस्ट के अलग-अलग हिस्सों से लगातार इजराइल पर हमला कर रहे हैं। इजराइल ने साफ कहा है कि हम उन सभी क्षमताओं को खत्म करने की मांग करते हैं जो ईरान ने इजराइल को खत्म करने के लिए बनाई हैं। हालांकि, उन्होंने ऐसा करने की कसम खाई है।

## ट्रंप की ईरान को सख्त चेतावनी

# डील नहीं तो नतीजे 'भुगतने' होंगे दूसरा युद्धपोत पश्चिम एशिया भेजा

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन


अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को परमाणु समझौते पर चेतावनी दी है। ट्रंप ने कहा कि ईरान के साथ समझौता जरूरी है, वरना हालात बहुत खराब हो सकते हैं। इस बीच ट्रंप ने दूसरा युद्धपोत पश्चिम एशिया भेजा है जिससे दोनों देशों के बीच कड़वाहट और ज्यादा बढ़ गई है। ट्रंप ने दुनिया के सबसे बड़े विमानवाहक पोत 'यूएसएस गेराल्ड आर फोर्ड' को कैरेबियन सागर से हटाकर मिडिल ईस्ट (मध्य पूर्व) भेजने का आदेश दिया है। यह मिडिल ईस्ट में तैनात होने वाला अमेरिका का दूसरा बड़ा विमानवाहक पोत होगा। इस इलाके में 'यूएसएस अब्राहम लिंकन'



विमानवाहक पोत पहले से ही अपनी मौजूदगी बनाए हुए है। ट्रंप के इस फैसले के बाद अब मध्य पूर्व के इलाके में अमेरिका के दो बड़े विमानवाहक पोत और उनके साथ चलने वाले वॉरशिप इस इलाके में पहुंच जाएंगे। ट्रंप प्रशासन इस कदम के जरिए ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर दबाव बनाना चाहता है। बता दें, यूएसएस अब्राहम लिंकन और तीन मिसाइल वाले विध्वंसक जहाज (डिस्ट्रॉयर) दो हफ्ते पहले ही मध्य पूर्व पहुंच चुके हैं।

## आज पीएम करेंगे 'वर्मा' सेतु का उद्घाटन

*गुवाहाटी। पीएम नरेंद्र मोदी 14 फरवरी, 2026 को असम का दौरा करेंगे। वे सुबह लगभग 10 :30 बजे डिब्रूगढ़ के मोरान बाईपास पर स्थित आपातकालीन लैंडिंग सुविधा का अवलोकन करेंगे। इसके पश्चात, पीएम दोपहर लगभग 1:00 बजे ब्रह्मपुत्र नदी पर बने कुमार भास्कर वर्मा सेतु का दौरा करेंगे।*




## उपलब्धि: तेजस मार्क 1ए विमान के इंजन की सप्लाई लाइन पूरी तरह स्थिर

# 'मेक इन इंडिया' के तहत आसमान में हुंकार भरने को तैयार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय वायुसेना की ताकत को बढ़ाने वाला स्वदेशी फाइटर जेट तेजस मार्क 1ए अब अपनी पूरी गति पकड़ चुका है। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने इस महत्वाकांक्षी परियोजना को लेकर बताया कि तेजस मार्क 1ए का प्रोडक्शन अब स्थिर हो चुका है।

वर्तमान में पांच विमान आसमान में उड़ान भर रहे हैं और पांच इंजन भी उपलब्ध हैं। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) और भारतीय वेंडर्स इस प्रोजेक्ट को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

*9 विमान भी बनकर तैयार सफल परीक्षण हुआ*

*एचएएल तैयार करेगा आधुनिक 180 तेजस विमान*


तेजस विमान

### इंजन की सप्लाई मिलते ही बढ़ेगी उत्पादन की रफ्तार

रक्षा सचिव के अनुसार जैसे ही जनरल इलेक्ट्रिक (जीई) से इंजन की सप्लाई लाइन पूरी तरह स्थिर


राजेश सिंह

होगी, उत्पादन की गति और ज्यादा बढ़ जाएगी। एचएएल ने पुष्टि की है कि पांच लड़ाकू विमान डिलीवरी के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इसके अलावा, नौ अन्य विमान भी बनकर तैयार हैं और उनकी टेस्ट फ्लाइट हो चुकी है। जैसे ही इन विमानों के लिए इंजन मिलेंगे, इन्हें तुरंत वायुसेना के बेड़े में शामिल कर दिया जाएगा।

### समुद्र में भी दिखेगा भारत का दम

रक्षा सचिव ने नौसेना की ताकत को लेकर बताया कि 'नेक्स्ट जनरेशन कोर्वेट्स' और 'प्रोजेक्ट 75I' पनडुब्बी कार्यक्रम अब एडवांस स्टेज में पहुंच चुके हैं। सरकार का इरादा डिफेंस कॉन्ट्रैक्ट की रफ्तार को और तेज करना है। पिछले साल सरकार ने 2 लाख 9 हजार करोड़ रुपए के कॉन्ट्रैक्ट साइन किए थे। इस साल और आने वाले वित्तीय वर्ष में इस रफ्तार को और भी ज्यादा बढ़ाने की योजना है।

### उम्मीदों पर खरा उतरेगा तेजस

*हालांकि हथियारों के ट्रायल पूरी तरह सफल रहे हैं, लेकिन रक्षा सचिव ने स्वीकार किया कि वायुसेना की कुछ ऑपरेशनल जरूरतें अभी भी पूरी होनी बाकी हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि 180 विमानों के बड़े ऑर्डर के साथ, समय के साथ इस सिस्टम को और भी ज्यादा आधुनिक और परफेक्ट बनाया जाएगा। लक्ष्य यह है कि तेजस मार्क 1A वायुसेना की हर छोटी-बड़ी जरूरत को पूरी तरह संतुष्ट करे। यह भारत की रक्षा क्षेत्र में 'आत्मनिर्भरता' की दिशा में एक बहुत बड़ा कदम है।*

## चिनाब के पानी को तरसा पाकिस्तान!

# भारत की सावलकोट जलविद्युत परियोजना को लेकर लगाई गुहार

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान ने चिनाब नदी पर प्रस्तावित सावलकोट जलविद्युत परियोजना के संबंध में भारत को एक और पत्र भेजकर विस्तृत जानकारी और परामर्श की मांग की है। यह कदम सिंधु जल संधि 1960 के प्रावधानों के तहत उठाया गया है। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय के प्रवक्ता ताहिर अंद्राबी ने बताया कि यह मुद्दा पहले भी दोनों देशों के सिंधु जल आयुक्तों के स्तर पर उठाया जा चुका है। पाकिस्तान के सिंधु जल आयुक्त ने पिछले वर्ष जुलाई में भी भारत को पत्र लिखा था। 11 फरवरी को एक और पत्र भेजा गया है। यह


चिनाब नदी

पत्र सावलकोट परियोजना से संबंधित तकनीकी जानकारी और परामर्श के लिए भेजा गया है। पाकिस्तान ने भारत से संधि के पूर्ण अनुपालन और अपने दायित्वों का पालन करने की अपील की है। अंद्राबी ने कहा कि पाक भारत के साथ विवादों के शांतिपूर्ण समाधान के लिए संवाद और अंतरराष्ट्रीय कानूनी तंत्र के प्रति प्रतिबद्ध है।

## राहुल की ट्रेड डील के खिलाफ बड़े आंदोलन की तैयारी

# किसान संघ के नेताओं से की अचानक मुलाकात, ट्रेड डील का विरोध करने के लिए राष्ट्रव्यापी आंदोलन की आवश्यकता पर दिया जोर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और अमेरिका के बीच हुए हालिया व्यापार समझौते पर कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी केंद्र की केंद्र सरकार पर हमलावर हैं। वे रोजाना आरोप लगा रहे हैं कि ट्रेड डील किसानों की रोजी-रोटी छीनेगा और देश की खाद्य सुरक्षा को कमजोर करने वाला है। राहुल ने लोकसभा में व्यापार समझौते को किसान विरोधी बताया है। इस कड़ी में राहुल ने अब शुक्रवार को किसान संघों के नेताओं से मुलाकात की।

### किसान नेताओं ने भी विरोध जताया

राहुल ने शुक्रवार को संसद भवन परिसर में देश भर के किसान संघों के नेताओं से मुलाकात की, जिसमें अंतरिम व्यापार समझौते का विरोध करने राष्ट्रव्यापी आंदोलन की आवश्यकता के साथ किसानों और कृषि मजदूरों की आजीविका की रक्षा करने पर चर्चा की। बैठक के दौरान किसान संघ के नेताओं ने अपना विरोध जताया।


किसान नेताओं के साथ बैठक में चर्चा करते राहुल गांधी

### भारतीय किसान कांग्रेस, भाकिमयू समेत कई शामिल रहे

राहुल से मिलने वाले किसान नेताओं में अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के प्रमुख सुखपाल एस खैरा, भारतीय किसान मजदूर यूनियन, हरियाणा के अशोक बलहारा, बीकेयू क्रांतिकारी के बलदेव एस जीरा, प्रगतिशील किसान मोर्चा के आर नंदकुमार, बीकेयू शहीद भगत सिंह के अमरजीत एस मोहरी, किसान मजदूर मोर्चा - भारत के गुरमनीत एस मंगत और जेके जमीदारा फोरम के हमीद मलिक शामिल थे।

### हम मिलकर लड़ें तो केंद्र सरकार को झुकना पड़ेगा

मुलाकात के बाद किसान नेताओं ने कहा कि यूएस से हुई ट्रेड डील से किसान तबाह हो जाएंगे। किसान संगठन सड़क पर लड़ रहे हैं। हमने राहुल से इस मुद्दे पर आवाज उठाने की मांग की। हम मिलकर लड़े तो सरकार को झुकना पड़ेगा। केंद्र की इस दलील पर कि इस डील में अन्नदाताओं के हित पूरी तरह सुरक्षित हैं, किसान नेताओं ने कहा कि अगर ऐसा होता, तो हमें सड़क पर नहीं उतरना पड़ता।

### एक दिन पहले ही इसका वीडियो किया था शेयर

राहुल के उस बयान के एक दिन बाद हुई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि सरकार उनके खिलाफ मामले या विशेषाधिकार प्रस्ताव ला सकती है, लेकिन वे किसानों के साथ मजबूती से खड़े रहेंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर किसान विरोधी होने और भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते के जरिए देश को बेचने का भी आरोप लगाया था। लोकसभा में एक्स पर एक वीडियो बयान साझा किया था, जिसमें उन्होंने भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते को लेकर सरकार पर तीखा हमला किया था। एक्स पर राहुल ने लिखा कि एफआईआर हो, मुकदमा दर्ज हो या विशेषाधिकार प्रस्ताव लाएं। मैं किसानों के लिए लड़ूंगा। जो भी ट्रेड डील किसानों की रोजी-रोटी छीने या देश की खाद्य सुरक्षा को कमजोर करे, वह किसान-विरोधी है। किसान-विरोधी मोदी सरकार को समझौता नहीं करने देंगे।

---

## खबर संक्षेप

### यूट्यूबर कटारिया 20 माह बाद जेल से रिहा

**पंचकूला।** पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने यूट्यूबर और सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर बलवंत सिंह



यानी बॉबी कटारिया को मानव तस्करी केस में रेगुलर बेल दे दी है। 20 जुलाई 2024 को हरियाणा पंचकूला में स्पेशल जज ने बॉबी की जमानत अर्जी खारिज कर दी थी। यूट्यूबर ने अपील की, इसकी अपील को 12 फरवरी को हाईकोर्ट ने मंजूरी दी।

### टीवीके की राजनीतिक बैठक में युवक की मौत

**चेन्नई।** तमिलनाडु के सलेम शहर में आयोजित टीवीके की एक राजनीतिक बैठक के दौरान युवक



की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। प्राथमिक जांच में मौत का कारण हार्ट अटैक बताया जा रहा है। इस घटना ने बैठक में मौजूद लोगों को स्तब्ध कर दिया। सलेम पुलिस ने बताया कि घटना के संबंध में आगे की जांच की जा रही है।

### अंसारी के गुर्गे की गोली मारकर हत्या

**बाराबंकी।** थाना कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत असैनी मोड़ के पास शुक्रवार दोपहर अज्ञात बदमाशों ने



सिविल लाइन निवासी अधिवक्ता सुयेब उर्फ बॉबी की गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात से इलाके में दहशत फैल गई। अधिवक्ता सुयेब उर्फ बॉबी लखनऊ से बाराबंकी की ओर कार से आ रहे थे। असैनी मोड़ ब्रिज के ऊपर फायरिंग कर दी।

### एक्टर रणवीर को फिर मिली धमकी

**नई दिल्ली।** लॉरेंस बिश्नोई गैंग के हरि बॉक्सर नाम के एक आदमी ने एक नया ऑडियो मैसेज जारी



किया है जिसमें एक्टर रणवीर सिंह और फिल्ममेकर रोहित शेट्टी को धमकी दी गई है। उसने चेतावनी दी है कि अगर उन्होंने उसकी मांगें नहीं मानीं तो उनके 'पूरे स्टाफ' को मार दिया जाएगा।रिकॉर्डिंग में बोलने वाले ने लॉरेंस बिश्नोई गैंग होने का दावा किया।

### अलंकार अग्निहोत्री नई राजनीतिक पार्टी बनाएंगे

**बरेली।** उत्तर प्रदेश के बरेली के सिटी मजिस्ट्रेट पर से इस्तीफा देने के बाद अलंकार अग्निहोत्री



लगातार चर्चा का विषय बने हुए हैं। बीते महीने अलंकार अग्निहोत्री यूजीसी एक्ट समेत कई मुद्दों पर विरोध दर्ज कराते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। हालांकि, उनका इस्तीफा स्वीकार नहीं किया गया और उन्हें सस्पेंड कर के उनके खिलाफ जांच बैठ दी गई।

---

## पीठासीन अधिकारी की अपील के बाद भी विपक्ष ने जारी रखा हंगामा

# विपक्ष के शोर-शराबे, नारेबाजी और प्रदर्शन के बाद 'दोनों सदन' 9 मार्च तक स्थगित




संसद की कार्यवाही की शुरुआत से ही विपक्षी दलों के शोर-शराबे के चलते सदन सुचारू रूप से नहीं चल सका

### दो बार के स्थगन के बाद भी नहीं माने विपक्षी सांसद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में शुक्रवार को लगातार हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही 9 मार्च तक के लिए स्थगित कर दी गई। कार्यवाही की शुरुआत से ही विपक्षी दलों के शोर-शराबे के चलते सदन सुचारू रूप से नहीं चल सका। इससे पहले कई मंत्रियों ने अपने-अपने मंत्रालयों से संबंधित दस्तावेज सदन के पटल पर रखे। हंगामे के बीच पीठासीन अधिकारी संध्या राय ने विपक्षी सदस्यों से सदन की कार्यवाही चलने देने की अपील की, लेकिन शोर-शराबा जारी रहने पर पहले कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक स्थगित करनी पड़ी।दोपहर बाद कार्यवाही दोबारा शुरू हुई, जिसमें कई मंत्रियों ने अपने मंत्रालयों से जुड़े दस्तावेज प्रस्तुत किए। इसके बाद सदन को 9 मार्च तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

### एपस्टीन मुद्दे पर विपक्ष का विरोध

सुबह 11 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सदस्य नारेबाजी करते हुए वेल में पहुंच गए। उन्होंने केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी के कथित तौर पर जेफरी एपस्टीन से संबंधों के आरोप को लेकर इस्तीफे की मांग की।लोकसभा की कार्यवाही से पहले भी विपक्षी दलों ने एपस्टीन फाइलों के मुद्दे पर संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। हालांकि, पुरी ने कांग्रेस के दावों को पूरी तरह खारिज कर दिया।


लोकसभा में हंगामा करते विपक्षी सांसद

### कोडीन सिरप से मौतों का मुद्दा उठा

कांग्रेस सांसद उज्ज्वल रमन सिंह ने कोडीन सिरप के सेवन से हुई 'कई मौतों' का मुद्दा उठाते हुए केंद्र सरकार से जवाब मांगा। उन्होंने उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में पीड़ितों को पांच-पांच लाख रुपए मुआवजा देने और दोषियों के खिलाफ सीबीआई जांच की मांग की।प्रश्नकाल के दौरान केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि किसी की मौत 'कोडीन' से नहीं हुई है।

### राज्यसभा में भाषण के हिस्से को हटाने पर भड़के खरगे

### यह लोकतंत्र और अभिव्यक्ति की आजादी के खिलाफ कदम

राज्यसभा में शुक्रवार को बोलते हुए विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अपने पिछले संबोधन के बड़े



हिस्से को सदन के रिकॉर्ड से हटाने पर नाराजगी जताई। खरगे ने कहा कि 4 फरवरी को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान उनके भाषण का एक बड़ा हिस्सा बिना किसी औचित्य के आधिकारिक रिकॉर्ड से हटा दिया गया था। खरगे ने इस कदम को 'लोकतंत्र और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के खिलाफ' बताया। इसी के साथ उन्होंने कहा कि हटाए गए भाषण में सरकार की नीतियों की आलोचनाएं शामिल थीं, जिसे उन्होंने एक विपक्षी सदस्य के रूप में उजागर करना अपना कर्तव्य बताया। इसी के उन्होंने हटाए गए भाषण के हिस्सों को बहाल करने का भी आग्रह किया।

### बिना किसी उचित स्पष्टीकरण के हटाया हिस्सा

खरगे ने कहा कि 4 फरवरी को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा के दौरान मैं आपका ध्यान इस ओर दिलाना चाहता हूं। जब मैंने रवेबसाइट पर वीडियो देखा, तो मैंने पाया कि मेरे भाषण का एक अहम हिस्सा बिना किसी उचित स्पष्टीकरण या औचित्य के हटा दिया गया।

### भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर बोले चौहान

## डेयरी और पोल्ट्री के दरवाजे नहीं खोले गए

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अमेरिकी व्यापार समझौते में किसानों के हितों को लेकर अहम बात की। उन्होंने एक्स पर एक वीडियो संदेश में कहा कि पीएम मोदी हमेशा से किसान हितैशी रहे हैं। चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री का हर निर्णय किसानों के हित में लिया गया है। उनकी योजनाओं ने किसानों की जिंदगी बदल दी है। जो समझौता हुआ है, उसमें भी किसान हित पूरी तरह से सुरक्षित हैं। खाद्य पदार्थों का उत्पादन करने वाले किसानों की जरूरतें पूरी करेगा।



### मसाला उत्पादक किसानों को नया विशाल बाजार मिलेगा

चौहान ने स्पष्ट किया कि सरकार ने कुछ संवेदनशील क्षेत्र के लिए सख्त सीमाएं बनाए रखी हैं। उन्होंने कहा कि पोल्ट्री के लिए, डेयरी उत्पाद के लिए देश के दरवाजे नहीं खोले गए हैं। सच तो ये है हमारे मसाला उत्पाद किसानों को नया विशाल बाजार मिलेगा।

---

### उत्तर भारत की महिलाओं पर टिप्पणी

## डीएमके सांसद मारन 23 फरवरी को अदालत में खुद हाजिर हों

एजेंसी ▶▶ मुजफ्फरपुर

उत्तर भारत की महिलाओं को लेकर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में तमिलनाडु की सत्तारूढ़ पार्टी द्रविड़ मुनेत्र कषगम (डीएमके) के सांसद दयानिधि मारन की मुश्किलें बढ़ गई हैं। मुजफ्फरपुर की सीजेएम कोर्ट ने उनके खिलाफ नोटिस जारी करते हुए 23 फरवरी को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने का आदेश दिया है। एक बयान में मारन ने कथित तौर पर उत्तर भारत की महिलाओं के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा कि उत्तर भारत की महिलाएं केवल घर का काम और बच्चों को जन्म देने तक सीमित हैं,


सांसद दयानिधि मारन

जबकि तमिलनाडु की महिलाएं अधिक शिक्षित, कामकाजी और सर्वगुण संपन्न हैं। इसके बाद उत्तर भारत के विभिन्न हिस्सों में नाराजगी देखी गई।मामले में परिवादी एवं सिविल कोर्ट मुजफ्फरपुर के अधिवक्ता सुधीर कुमार ओझा ने अदालत में परिवाद दायर किया।

### भाजपा के 'औरंगजेब' पर उद्धव का तंज

## भाजपा हिंदुत्व का पाठ न पढ़ाए एआईएमआईएम से गठबंधन...

**मुंबई।** उद्धव ठाकरे की पार्टी शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय जाधव ने परभणी महापौर चुनाव को लेकर भाजपा के 'औरंगजेब' वाले कटाक्ष पर


उद्धव ठाकरे

पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा हिंदुत्व का पाठ नहीं पढ़ाना चाहिए, क्योंकि उसने 2नगर परिषदों में ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम के साथ हाथ मिलाया था। भाजपा ने उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना की परभणी नगर निगम में महापौर पद के लिए पार्टी पार्षद सैयद इकबाल को नामित करने के लिए आलोचना की और उनपर पर मराठी 'मानुष' की अनदेखी करने का आरोप लगाया। कांग्रेस के समर्थन से इकबाल मध्य महाराष्ट्र के परभणी शहर के नए महापौर चुने गए। भाजपा के प्रवक्ता नवनाथ बान ने कहा कि उद्धव ठाकरे परभणी में औरंगजेब के एजेंडे को आगे बढ़ा रहे हैं।

---

### वन नेशन वन इलेक्शन पर जेपीसी से बोले पूर्व सीजेआई

यह 'संसद की क्षमता के तहत है'

## इससे न संविधान का उल्लंघन होगा और न ही संघवाद को दिक्कत होगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के पूर्व चीफ जस्टिस बीआरगवई ने वन नेशन वन इलेक्शन वाले बिल का समर्थन किया है। पूर्व सीजेआई ने इस विधेयक की पड़ताल कर रही संयुक्त संसदीय समिति से गुरुवार को कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन बिल न तो संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन करता है और न ही इससे संघवाद या लोकतांत्रिक शासन वाले ढांचे पर ही कोई प्रभाव पड़ेगा। एक देश एक चुनाव विधेयक भारत में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक ही साथ करवाने के लिए लाया गया है।

### *सिर्फ एक चुनावी साइकिल को दुरुस्त करना होगा*



भाजपा सांसद पीपीचौधरी की अध्यक्षता वाली संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी ) के सामने जस्टिस गवई ने कहा कि देश में एक साथ चुनाव करवाने के लिए लोकसभा और विधानसभा चुनावों के सिर्फ एक चुनावी साइकिल को दुरुस्त करना पड़ेगा।

**कुछ भी नहीं बदलेगा**

उन्होंने विधेयक की संवैधानिक वैध्यता का समर्थन करकहा कि इसके लागू होने से इनमें से कोई भी न बदलेगा। जेपीसी चेयरमैन ने कहा कि प्रस्ताव 'संसद की क्षमता के तहत है'।



### 31 मई से पहले हिमाचल में कराएं निकाय चुनाव

**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश पंचायतीराज और शहरी निकायों के चुनाव पर शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने स्थिति स्पष्ट कर दी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 31 मई से पहले हर हाल में चुनाव करवाने होंगे। पुनर्सीमांकन के नाम पर संवैधानिक संस्थाओं के चुनाव को नहीं टाला जा सकता। सीजेआई सूर्यकांत और न्यायाधीश जयमाल्या बागची ने यह फैसला दिया।

### 'चूज़ लव; चूज़ वीगन' का संदेश



**कोलकाता।** वैलेंटाइन डे की पूर्व संध्या पर विक्टोरिया मेमोरियल के सामने 'चूज़ लव ; चूज़ वीगन' नामक जागरूकता अभियान के दौरान 'मर्सी फॉर एनिमल्स इंडिया' की एक स्वयंसेवक ने मुर्गे की वेशभूषा में गुलाब के फूल बांटे।

---

### सरकार ने संसद में दी अहम जानकारी, कर्मचारियों को होगा लाभ

# ईपीएफओ 3.0 में अब 3 दिन में होगा क्लेम सेटलमेंट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) अपने नए डिजिटल प्लेटफॉर्म ईपीएफओ 3.0 के जरिए मेंबर्स को




बड़ी राहत देने की तैयारी में है। सरकार ने संसद में बताया है कि नए सिस्टम के लागू होने के बाद पीएफ से जुड़े क्लेम का निपटारा 20 दिन की जगह सिर्फ 3 दिन में हो सकेगा। यह प्रक्रिया ऑटो मोड में होगी। ईपीएफओ 3.0 को संगठन का बड़ा डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन प्रोजेक्ट माना जा रहा है। इसका मकसद मेंबर्स और संस्थानों दोनों के लिए सर्विसेज को आसान और तेज बनाना है।

## मंत्री ने बताया नई सुविधाएं इसी साल लॉन्च



### सही क्लेम अपने आप निपट जाएंगे

राज्यसभा में पूछे गए एक सवाल के जवाब में श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री शोभा करंदलजे ने बताया कि जो क्लेम रिस्क मैनेजमेंट से जुड़े जरूरी चेक और वैलिडेशन को पूरा कर लेंगे, उन्हें ऑटो मोड में प्रोसेस किया जाएगा। सिस्टम में ऐसीजांच होंगी, जिनसे सही पाए गए क्लेम अपने आप निपटा दिए जाएंगे।

**एक ही प्लेटफॉर्म पर मिलेंगी सभी सुविधाएं**

इसका एक बड़ा फायदा यह भी होगा कि मेंबर्स को अलग-अलग सर्विसेज के लिए अलग-अलग सिस्टम पर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। पीएफ अकाउंट से जुड़ी जानकारी, क्लेम प्रोसेसिंग समेत तमाम सर्विसेज एक यूनिफाइड प्लेटफॉर्म पर मिलेंगी।

### इसके साथ ही शिकायतों पर भी रहेगी नजर

सरकार ने संसद में यह भी बताया कि नए फीचर्स कितने असरदार तरीके से लागू किए जा रहे हैं, इस पर नजर रखने के लिए पूरे सिस्टम की नियमित रूप से समीक्षा की जा रही है। इसके तहत जोनल और फील्ड ऑफिस स्तर पर शिकायतों के निपटारे की क्वॉलिटी और संख्या दोनों की जांच की जाती है। साथ ही समस्याओं की जड़ तक जाकर सिस्टम में जरूरी बदलाव किए जा रहे हैं, ताकि आगे चलकर क्लेम प्रोसेसिंग और तेज हो सके।

### कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा

## महिला एवं बाल विकास मंत्रालय आज करेगा राष्ट्रीय सम्मेलन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय 14 फरवरी को विज्ञान भवन में 'कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा



पर राष्ट्रीय सम्मेलन (एसएचई-बॉक्स)' का आयोजन कर रहा है। यह सम्मेलन केंद्रीय महिला एवं बाल विकास अन्नपूर्णा देवी और महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर, केंद्रीय मंत्रालयों, विभागों और राज्यों के वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों, आंतरिक स्थानीय समिति के अध्यक्षों और सदस्यों, नोडल अधिकारियों, अंतरराष्ट्रीय संगठनों, उद्योगपतियों, नागरिक समाज प्रतिनिधियों, मीडिया आदि की गरिमामय उपस्थिति में आयोजित किया जाएगा।

यह सभी क्षेत्रों में महिलाओं के लिए सुरक्षित, गरिमापूर्ण और उत्पीड़न-मुक्त कार्यस्थलों के निर्माण को सुनिश्चित करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि करने और कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 के कार्यान्वयन को मजबूत करने का एक प्रयास है।

### जिले में बोर्ड परीक्षाएं शांतिपूर्ण, 12वीं में 176 व 10वीं में 10 परीक्षार्थी अनुपस्थित

# हायर सेकेंडरी व हाईस्कूल परीक्षाएं आयोजित, सैकड़ों विद्यार्थी गैरहाजिर

*माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षाओं के तहत शुक्रवार को जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर परीक्षाएं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुईं। कक्षा 12वीं की परीक्षा में 176 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे, जबकि कक्षा 10वीं के उर्दू विषय की परीक्षा में 10 विद्यार्थी गैरहाजिर पाए गए। वहीं कुंडम क्षेत्र के एक परीक्षा केंद्र पर नकल का एक मामला भी सामने आया है।*


हरिभूमि जबलपुर।

जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी के अनुसार जिले में कुल 99 परीक्षा केंद्रों पर कक्षा 12वीं की परीक्षाएं आयोजित की गईं। इस दौरान भौतिकी, अर्थशास्त्र, विज्ञान के तत्व, इतिहास एवं एनिमल हस्बेंडरी विषयों के प्रश्नपत्र हुए। कक्षा 12वीं के विभिन्न संकायों में 15,809 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 15,633 उपस्थित रहे तथा 176 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए।

शहरी क्षेत्र के 47 परीक्षा केंद्रों में 9,429 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 9,283 उपस्थित एवं 146 अनुपस्थित रहे। वहीं ग्रामीण क्षेत्र के 52 परीक्षा केंद्रों में 6,380 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 6,350 उपस्थित एवं 30 अनुपस्थित रहे। इस प्रकार शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों को मिलाकर कुल 176 परीक्षार्थियों की अनुपस्थिति दर्ज की गई।

इसी दिन कक्षा 10वीं की परीक्षा का शुभारंभ उर्दू विषय के प्रश्नपत्र से हुआ। जिले में इसके लिए 12 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, जहां 871 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 861 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तथा 10 अनुपस्थित पाए गए।

परीक्षाओं की निगरानी के लिए मंडल उपाध्यक्ष श्रीनिवास राव एवं जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी ने संयुक्त रूप से शहर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों — एम.एल.बी. स्कूल, सांदीपनि विद्यालय करोंदी, सेंट नोर्बर्ट, नचिकेता हायर सेकेण्डरी स्कूल नेपियर टाउन तथा शासकीय पं. ल. शं. झा मॉडल उमावि — का निरीक्षण किया। इसके अलावा अन्य निरीक्षण दलों ने अंजुमन इस्लामिया विद्यालय, नचिकेता विद्यालय नेपियर टाउन, एम.एल.बी. स्कूल, सेंट थॉमस, सांदीपनि विद्यालय बरेला, शासकीय उमावि बरेला एवं नररई नाला परीक्षा केंद्रों का भी जायजा लिया।



जिले के सभी विकासखंडों में एसडीएम एवं बीईओ के नेतृत्व में गठित उड़नदस्ता दल सक्रिय रहे। एसडीएम अधारताल दल ने शासकीय उमावि तमर हाई एवं हुसैनिया विद्यालय का निरीक्षण किया, जबकि एसडीएम रांझी दल ने एपीएन स्कूल, सेंट जोसेफ सदर एवं मॉडल स्कूल जबलपुर का निरीक्षण किया। एसडीएम पनागर दल ने उत्कृष्ट विद्यालय पनागर, सरस्वती विद्यालय पनागर एवं कन्या विद्यालय पनागर का निरीक्षण किया। एसडीएम गोरखपुर द्वारा जोन्सन स्कूल, आर.एस. बेलसिंह एवं गुरुनानक विद्यालय का निरीक्षण किया गया, वहीं एक अन्य दल ने जमगांव एवं पड़रिया विद्यालय का निरीक्षण किया, जहां पड़रिया परीक्षा केंद्र पर कक्षा 12वीं में नकल का एक प्रकरण दर्ज किया गया। एसडीएम पाटन मानवेन्द्र सिंह ने सांदीपनि विद्यालय पाटन, कन्या पाटन एवं ओंकार नामदेव सरस्वती विद्यालय का निरीक्षण किया। इसी क्रम में एसडीएम शहपुरा दल ने कन्या एवं बालक शहपुरा तथा एसडीएम सिहोरा दल ने रानीताल कटाव, कन्या शाला एवं बालक शाला केंद्रों का निरीक्षण किया। शिक्षा विभाग के अधिकारियों के अनुसार सभी केंद्रों पर परीक्षा व्यवस्था सामान्य एवं शांतिपूर्ण रही तथा नकल रोकने के लिए सतत निगरानी जारी है।



### रेज़िडेंट चिकित्सकों की सुरक्षा व दोषियों पर कार्रवाई की मांग

# महिला डॉक्टर से अभद्रता के विरोध में जूडॉ ने अधिष्ठाता को सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर।** जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन (जूडॉ) ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज के अधिष्ठाता को ज्ञापन सौंपकर 12 फरवरी 2026 को ड्यूटी पर तैनात एक महिला रेज़िडेंट डॉक्टर के साथ हुए अभद्र व्यवहार एवं झूठे आरोपों के मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि रेडियोलॉजी विभाग के पुरुष सोनोग्राफी कक्ष में ड्यूटी के दौरान टीबी विभाग में भर्ती मरीज कुलदीप रैकवार अल्ट्रासाउंड के लिए पहुंचे। संक्रमण की आशंका को देखते हुए महिला रेज़िडेंट डॉक्टर ने मरीज से मास्क पहनने का अनुरोध किया, जो चिकित्सकीय दृष्टि से आवश्यक था। इस सामान्य निर्देश पर मरीज के अटेंडर द्वारा हंगामा करते हुए अभद्र व्यवहार किया गया तथा डॉक्टर पर थप्पड़ मारने का झूठा आरोप लगाया गया। बताया गया कि बाद में अटेंडर द्वारा टीबी विभाग में जाकर सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कर भ्रामक जानकारी प्रसारित की गई। जूडॉ ने इसे रेज़िडेंट चिकित्सकों की गरिमा, सुरक्षा और आत्मसम्मान के विरुद्ध बताया है।जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन ने संबंधित अटेंडर के विरुद्ध सख्त कार्रवाई, रेज़िडेंट चिकित्सकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने, भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करने तथा महिला डॉक्टर की पेशेवर गरिमा की रक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

## चतुर्थ वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस की आंकलन बैठक आज

**जबलपुर।** चतुर्थ वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस के सफल आयोजन के पश्चात उसकी आकलन बैठक आज 14 फरवरी 2026 को सायं 4:00 बजे गोपाल सदन, गोपाल बाग दमोह नाका में आयोजित की जाएगी। बैठक में आयोजन से जुड़े विभिन्न आयामों की समीक्षा की जाएगी तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विचार-विमर्श होगा। साध्वी ज्ञानेश्वरी दीदी एवं आयोजन अध्यक्ष अजय विश्नोई ने सभी समिति सदस्यों, सहयोगियों एवं वालेंटियर्स से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की है।

### पैदल गश्त कर किया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

# आरपीएफ, डीआईजी मैदान में उतरे



**जबलपुर।** यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था और रेलवे सुरक्षा बल की कार्यप्रणाली का जायजा लेने के लिए उप-महानिरीक्षक सह मुख्य सुरक्षा आयुक्त (आरपीएफ) रजनीश कुमार त्रिपाठी ने जबलपुर रेलवे स्टेशन स्थित आरपीएफ पोस्ट का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सुरक्षा इंतजामों की बारीकी से समीक्षा करते हुए अधिकारियों और जवानों के साथ बैठक कर उनकी समस्याएं भी सुनीं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्पष्ट संदेश दिया कि ड्यूटी के समय ईमानदारी और निष्ठा आरपीएफ की सबसे बड़ी पहचान है। उन्होंने जवानों से यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने और सतर्कता बनाए रखने पर जोर दिया। त्रिपाठी सबसे पहले सीसीटीवी कंट्रोल रूम पहुंचे, जहां उन्होंने आधुनिक तकनीक से लैस कैमरों की लाइव मॉनिटरिंग देखी। उन्होंने स्टेशन परिसर में लगे कैमरों की फीड का परीक्षण करते हुए निर्देश दिए कि संदिग्ध गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जाए और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। साथ ही उन्होंने आरपीएफ की कार्यशैली को और प्रभावी बनाने के लिए आरएसएमएस जैसे ऑनलाइन टूल्स के अधिक उपयोग पर बल दिया, ताकि सूचनाओं और आंकड़ों का आदान-प्रदान तेजी से हो सके।

तकनीकी व्यवस्थाओं के साथ-साथ उन्होंने जमीनी स्तर की तैयारियों का भी आकलन किया। कार्यालय के रिकॉर्ड, आपदा प्रबंधन किट तथा बीटीएस टीम के उपकरणों की जांच कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। थाने की साफ-सफाई और रख-रखाव पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया और इसे निरंतर बनाए रखने की सलाह दी। निरीक्षण के अंत में उन्होंने स्टेशन परिसर में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। इस दौरान सहायक सुरक्षा आयुक्त संजीव राणा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद की कार्यशाला आज

**जबलपुर।** शीघ्र एवं प्रभावी न्याय का मार्ग प्रशस्त करने हेतु अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद द्वारा 14 फरवरी 2026 को तिलवारा स्थित निजी होटल में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया है। मुख्य अतिथि के रूप में उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीपति जेके माहेश्वरी कार्यशाला का शुभारंभ करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश के मुख्य न्यायाधीश श्री जस्टिस संजीव सचदेवा उपस्थित रहेंगे। मध्यस्थता एवं अन्य वैकल्पिक समाधान विषय पर आयोजित कार्यशाला सुबह 10 बजे शुरू होगी। कार्यशाला को जस्टिस विवेक रूसिया, जस्टिस आनंद पाठक एवं छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के वरिष्ठ न्यायाधिपति संजय एस अग्रवाल, एडीशनल सॉलिसिटर जनरल सुनील जैन, महाधिवक्ता प्रशांत सिंह, अधिवक्ता परिषद के महासचिव विक्रम दुबे भी संबोधित करेंगे।

## अधिवक्ताओं को राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गो पर टोल शुल्क से मुक्त किए जाने की मांग

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, गृहमंत्री भारत सरकार तथा गृहमंत्री मध्य प्रदेश शासन को पत्र प्रेषित कर प्रदेश के समस्त पंजीकृत अधिवक्ताओं को राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गो पर टोल शुल्क से मुक्त किए जाने की मांग की है। परिषद के अध्यक्ष राधेलाल गुप्ता ने बताया कि वकीलों के लिए विशेष "टोल मुक्त परमिट पास" जारी करने की मांग भी की गई है। कार्यकारी सचिव श्री नीलेश जैन ने बताया कि अधिवक्ता केवल अपने मुवक्किलों का प्रतिनिधित्व नहीं करते, बल्कि वे न्याय व्यवस्था की रीढ़ हैं। प्रतिदिन उन्हें विभिन्न जिलों, संभागों एवं दूरस्थ न्यायालयों में न्यायिक कार्यों के लिए निरंतर आवागमन करना पड़ता है। ऐसी स्थिति में प्रत्येक टोल प्लाजा पर शुल्क भुगतान की बाध्यता न केवल आर्थिक भार बढ़ाती है, बल्कि न्यायिक कार्य की तात्कालिकता को भी प्रभावित करती है।

### सीपीआर मस्तिष्क को ऑक्सीजन पहुंचाकर उसे मरने से बचाता है

# डॉ. पुष्पराज पटेल ने दी सीपीआर की ट्रेनिंग

**हरिभूमि जबलपुर।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन और एकेडमी ऑफ मेडिकल स्पेशलिटी के तत्वाधान में आज गोल्डन हार्ट हॉस्पिटल में सी पी आर की ट्रेनिंग उपस्थित जनमानस को दी गई. जिससे आपातकालीन स्थिति में किसी की जान बच सके। सीपीआर आपातकालीन जीवनरक्षक प्रक्रिया है, जो तब अपनाई जाती है जब किसी व्यक्ति की सांस या दिल की धड़कन रुक जाती है। यह छाती को जोर से दबाकर (कंप्रेशन) और सांस देकर मस्तिष्क तक ऑक्सीजन युक्त रक्त का प्रवाह बनाए रखता है, जिससे कार्डियक अरेस्ट के बाद




जीवित रहने की संभावना दो से तीन गुना तक बढ़ सकती है। मस्तिष्क क्षति को रोकना: दिल रुकने के बाद, मस्तिष्क को केवल 3 मिनट में स्थायी क्षति पहुँच सकती है। सीपीआर मस्तिष्क को ऑक्सीजन पहुंचाकर उसे मरने से बचाता है। जीवन रक्षक: यह व्यक्ति के जीवित रहने की संभावना को दोगुना या तिगुना कर सकता है। रक्त संचार जारी रखना: जब तक अस्पताल या एम्बुलेंस न आए, तब तक यह शरीर के महत्वपूर्ण अंगों में रक्त का संचार जारी रखता है। तात्कालिक सहायता: हृदय गति रुकने के पहले कुछ मिनट जीवन और मृत्यु के बीच अंतर कर सकते हैं, जहाँ सीपीआर ही एकमात्र सहारा होता है।इस अवसर पर गोल्डन हार्ट हॉस्पिटल में डॉ पुष्पराज पटेल, डॉ संजय पटेल, डॉ गिरीश शिवहरे, अंकित चौधरी, दीप्ति आदि उपस्थित रहे।

### चर्चाओं में भेड़ाघाट में चल रही कथा

# कथा वाचक पर रेप का आरोप, उठने लगे सवाल

**जबलपुर।** दुष्कर्म के आरोपों में घिरे श्री पंच अग्नि अखाड़े के महामंडलेश्वर और कथावाचक उत्तम स्वामी इन दिनों जबलपुर में भागवत कथा कर रहे हैं। भेड़ाघाट के हीरापुर स्थित करीब 10 एकड़ में फैले उनके आश्रम में 9 फरवरी से 15 फरवरी तक कथा का आयोजन चल रहा है। कथा स्थल लगभग 5 हजार वर्गफीट क्षेत्र में तैयार किया गया है, जिसमें करीब 3 हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं के लिए झूले, भोजन और अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं। दरअसल राजस्थान निवासी एक युवती ने उत्तम स्वामी पर दुष्कर्म के आरोप लगाए हैं। युवती ने दिल्ली पुलिस को ई-मेल भेजकर सुरक्षा की मांग की है और आरोप लगाया है कि शिकायत दर्ज कराने की जानकारी मिलने के बाद उसे धमकियां मिल रही हैं। उसका कहना है कि आरोपी और उनके करीबी समझौते का दबाव बना रहे हैं तथा उसे नुकसान पहुंचने की आशंका है। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि कई वर्षों तक धर्म के नाम पर उसका शोषण किया गया। उसने दावा किया कि उसके पास आरोपों से जुड़े सबूत हैं और वह कानूनी कार्रवाई करना चाहती है। फिलहाल इन आरोपों पर उत्तम स्वामी की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। मामले को लेकर प्रदेश की राजनीति भी गर्मा गई है। कांग्रेस से जुड़े नेताओं ने जांच और कार्रवाई की मांग की है, जबकि भाजपा या प्रशासन की ओर से इस संबंध में कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

## कर्मचारियों के पदोन्नति से जुड़े मामले का निराकरण करे एसईसीएल

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने दक्षिण पूर्वी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) को कहा कि कर्मचारियों के पदोन्नति से जुड़े मामले का निराकरण करे ।जस्टिस विशाल धगट की सिंगल बेंच ने इसके लिए वर्ष 2023-24 की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट (एसीआर) का पुनर्मूल्यांकन करने को कहा। धनपुरी शहडोल निवासी राजनीश कांत खरे व अन्य की ओर से अधिवक्ता असीम त्रिवेदी ने पक्ष रखा। याचिकाकर्ताओं ने अपनी सेवा संबंधी गोपनीय रिपोर्ट में अवांछनीय ग्रेडिंग को चुनौती दी थी और वर्ष 2023-24 की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट (एसीआर) के पुनर्मूल्यांकन कर पदोन्नति की मांग की थी। सभी याचिकाकर्ता एसईसीएल की सोहागपुर क्षेत्र की डामिनी यूजी खदान में माइनिंग सरदार और ओवरमैन के पद पर कार्यरत हैं। उनका सेवा रिकॉर्ड अच्छा रहा है। आरोप है कि इसके बावजूद उन्हें और डामिनी यूजी खदान के लगभग 80% कर्मचारियों को वर्ष 2023-24 के लिए मनमाने ढंग से "औसत" ग्रेडिंग दी गई। यह ग्रेडिंग उनके वास्तविक प्रदर्शन के विपरीत है और इससे उनकी पदोन्नति अवरुद्ध हो गई है।

### 1 गैंगस्टर ने चलाई गोली, दूसरी गैंग के 2 घायल

# पुरानी रंजिश : विवाह समारोह में गैंगवार

**जबलपुर।** सिविल लाईन थाना अतंर्गत रोटरी क्लब के समीप एक बारात घर में गुरुवार की देर रात गैंगवार की घटना सामने आई। एक गैंग के बदमाशों ने दूसरी गैंग के बदमाशों पर फायरिंग की, जिसमें दो लोगों घायल हो गए। एक के पसली में गोली लगने से हालत गंभीर बताई जा रही है। घायलों को इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने घटना के बाद फरार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया।



घटना के संबंध में सिविल लाईन थाना प्रभारी अनूप नामदेव ने बताया कि रोटरी क्लब के पास एक बारातघर में भवानी परिवार का विवाह समारोह चल रहा था, इस विवाह समारोह में शामिल होने के लिए छोटू चौबे गैंग का पूर्व सदस्य और वर्तमान में खुद की गैंग चलाने वाला दुर्गेश पांडे उर्फ पांडा पहुंचा था, यही पर 13302 गैंग का कुख्यात बदमाश लकी पटेल अपने 8 से 10 साथियों के साथ पहुंचा, जहां दोनों का आमना सामना हुआ इस बीच लकी पटेल ने पांडा गैंग पर गोली चला दी, इससे कुछ देर के लिए विवाह समारोह में अफरा तफरी मच गई। दो गोलियां पांडा के बदन को छूकर निकल गई, जबकि पांडा के साथी श्रीकांत राय की पसली में गोली लग गई। घटना की सूचना मिलने पर सिविल लाईन पुलिस मौके पर पहुंची, घायलों को मेट्रो अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों के बीच पुरानी रंजिश चल रही थी। 13302 गैंग के लोगों पर पांडा ने पहले चाकूबाजी की थी, इसी घटना के बदले में गोलीबारी की गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 109, 3(5) बीएनएस तथा 25, 27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

### ट्रक से टकराई कार, 2 मृत, 3 घायल

# सड़क दुर्घटना : विवाह समारोह से लौट रही कार हादसे की शिकार

**जबलपुर।** भेड़ाघाट थाना क्षेत्रांतर्गत अंधमूक वायपास से आगे बहदन के समीप विवाह कार्यक्रम से लौट रहे लोगों की तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सामने चल रहे ट्रक में पीछे से जा टकराई। इस टक्कर में जहां कार का अगला हिस्सा बुरी तरह चकनाचूर हो गया तो वहीं उसमें सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है।



इस संबंध में भेड़ाघाट पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, जबलपुर कठौंदा निवासी 20 वर्षीय यशवंत पटेल और 25 वर्षीय सौरभ पटेल अपने तीन अन्य साथियों के साथ जबलपुर में एक शादी समारोह में शामिल होने पहुंचे थे जहां से वे सभी रात लगभग 3 बजे स्विफ्ट कार से वापस घर लौट रहे थे, कि इसी बीच अंधमूक वायपास से आगे बहदन के समीप अचानक उनकी कार अनियंत्रित होकर आगे जा रहे ट्रक से टकरा गई। इस हादसे में यशवंत और सौरभ की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि उसमें सवार तीन अन्य घायल हुए। सूचना मिलते ही पुलिस और एम्बुलेंस ने मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को कार से बाहर निकाला और निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहाँ उनकी हालत स्थिर बनी हुई है। पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और घटना के बाद ट्रक छोडकर फरार हुए चालक की तलाश की जा रही है।

## गुलौआ चौक पर लगेगा समानांतर सदन

**सदन नहीं बुलाने पर कांग्रेस पार्षद दल का विरोध**

**जबलपुर।** नगर निगम में जनता से जुड़े मुद्दों पर चर्चा नहीं होने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस पार्षद दल ने समानांतर सदन लगाने का ऐलान किया है। नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, उपनेता प्रतिपक्ष शगुफ्ता उस्मानी गुड्डू नबी एवं सचेतक अयोध्या तिवारी ने कहा कि धारा-30 के तहत सदन की बैठक बुलाने के लिए कई बार पत्र लिखकर मांग की गई, लेकिन नगर सत्ता द्वारा अब तक बैठक आहूत नहीं की गई। नेताओं का आरोप है कि शहर से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा से बचने के लिए जानबूझकर सदन नहीं बुलाया जा रहा है, जिससे जनसमस्याओं का निराकरण प्रभावित हो रहा है। उन्होंने बताया कि पूर्व में कांग्रेस पार्षद दल द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चेतावनी दी गई थी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे शहर के प्रमुख चौराहों पर समानांतर सदन लगाएंगे। इसी क्रम में कांग्रेस पार्षद दल ने शनिवार 14 फरवरी 2026 को दोपहर 3 बजे गुलौआ चौक पर समानांतर सदन आयोजित करने की घोषणा की है। इसमें पार्षदों द्वारा जनता से जुड़े मुद्दों पर चर्चा कर प्रस्ताव पारित किए जाने की बात कही गई है।

## प्रेमी गुलाब के फूल लेकर और हिंदू संगठन डंडे लेकर तैयार

# वैलेन्टाईन डे पर चढ़ा प्यार का बुखार

**जबलपुर।** वैलेंटाईन डे को लेकर एक बार फिर पश्चिमी सभ्यता के पोषक और हिंदूवादी संगठन भारतीय संस्कृति के संरक्षक फिर आमने सामने हैं। 14 फरवरी शुक्रवार को वैलेनटाईन डे पर प्रेमी युगलों के द्वारा प्रेम-प्यार का इजहार किये जाने को लेकर विरोध के स्वर उठने लगे हैं। विगत कुछ वर्षों से वैलेनटाईन डे का जुनून खासकर युवा लॉबी पर जमकर परवान चढ़ा है और तभी से इसका विरोध भी शुरू हुआ है। नैतिकता की बाड़ तोड़ने वाले फूहड़ता व घटिया संस्कृति के पश्चिमी आधार पर मनाये जाने वाले वैलेन्टाईन डे का विरोध इस बार भी जारी रहेगा। भारतीय संस्कृति की मर्यादाओं को खंडित करने वालों को कतई बख्शा नहीं जाएगा। इस आशय की चेतावनी हिन्दू धर्म सेना, विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल, शिवसेना आदि संगठनों ने दी है। बहरहाल, प्यार और तकरार के इस विवादित दिन पर पुलिस ने भी सुरक्षा के इंतजामात किये हैं। पुलिस का कहना है कि अश्लीलता और फूहड़ता के साथ-साथ कानून को अपने हाथ में लेने वालों को भी नहीं बख्शा जाएगा।

### रेस्टारेंटों व गार्डनों पर होगी नजर

हिन्दू संगठनों ने चेतावनी दी है कि उनके कार्यकर्ता शहर के सभी होटलों, रेस्टारेंटों और चाय काफी की दुकानों में नजर रखेंगे व किसी भी कीमत पर प्यार के इजहार के नाम पर फूहड़ता, अश्लीलता, छेड़छाड़ नहीं होने दी जाएगी। वैलेन्टाईन डे के एक दिन पूर्व हिन्दू धर्म सेना ने होटलों व गार्डनों में भ्रमण कर उनके संचालकों व वहां मौजूद लोगों को इस संबंध में समझाईश भी दी।

### गुलाब का फूल हुआ मंहगा

वैलेन्टाईन डे की पूर्व संध्या पर गुलाब के फूल के रेट मंहगे हो गये थे। आमतौर पर दो रूपये में बिकने वाला एक गुलाब का फूल दस रूपये में बिकने लगा था। आज इसकी कीमत और उछाल लेगी। इससे इस बात के संकेत तो मिल ही गये हैं कि ''प्यार करने वाले कभी डरते नहीं, जो डरते हैं वो प्यार करते नहीं' मतलब प्यार पर जितना ही पहरा बैठाया जा रहा है, प्यार उतना ही बढ़ रहा है।

### पुलिस ने किये इंतजाम

पुलिस ने सुरक्षा के बंदोबस्त किये हैं। जानकारी के मुताबिक शहर के प्रमुख चौराहों और उद्यानों, होटलों व रेस्टोरेंटों के आसपास पुलिस पहरा देगी। जोर जबर्दस्ती किसी भी लेबल पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी और कानून हाथ में लेने की इजाजत किसी को नहीं होगी। शहर के प्रमुख चौराहों पर भी पुलिस बल तैनात किया जाएगा।

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने सरकार पर साधा निशाना

# प्रदेश के हालात खराब, हर वर्ग परेशान : पटवारी

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने यहां प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला। शहडोल रवाना होने के पूर्व डुमना विमानतल पर श्री पटवारी ने पत्रकारों से चर्चा की। उन्होंने आरोप लगाया कि मप्र की सरकार कर्जे में चल रही है। सरकार की 29 योजनाएं बंद हो गई। सरकार के पास पैसा नहीं है। किसान कर्मचारी पेंशनर्स, युवा, महिला सभी वर्ग परेशान है और प्रदर्शन कर रहे हैं। कहीं जहरीले कफ सीरप से तो कही दूषित पानी से मौते हो रही हैं सेना का अपमान किया जा रहा है। कांग्रेस प्रदेश के खराब हालातों के खिलाफ बजट सत्र के दौरान विधानसभा का घेराव करेगी।



श्री पटवारी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि यह बजट सत्र मध्य प्रदेश के इतिहास का "सबसे शर्मनाक बजट सत्र" साबित होगा। उनका आरोप था कि इसमें ऐसे मंत्री शामिल हैं जिन पर गंभीर आरोप लगे हैं, लेकिन उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने कहा कि मंत्री विजय शाह पर देश की बेटी के अपमान का आरोप है, जबकि मंत्री राजेन्द्र शुक्ला को छिंदवाड़ा में जहरीली कफ सिरप से बच्चों की मौतों का जिम्मेदार बताया। इसके साथ ही नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय पर इंदौर में दूषित पानी से हुई मौतों को लेकर सवाल उठाए।

उन्होंने कहा कि जिन लोगों पर कार्रवाई होनी चाहिए थी, वे मंत्रिमंडल का हिस्सा हैं, जो राज्य सरकार की नीति और नियत दोनों पर सवाल खड़े करता है।

पटवारी ने आगे आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार ने 29 योजनाएं बंद कर दी हैं, जिससे आम जनता प्रभावित हो रही है। उन्होंने केंद्र सरकार पर भी निशाना साधते हुए कहा कि अमेरिका के साथ ट्रेड डील में झुकने का खामियाजा देश के किसानों को भुगतना पड़ेगा। उनके अनुसार प्रदेश में युवा, कर्मचारी, शिक्षक, किसान और ट्रेड यूनियन से जुड़े लोग हड़ताल कर रहे हैं और लगभग हर वर्ग परेशान है।

**ब्लाक स्तर पर कार्यक्रम करने निर्देश**

विमानतल पर पहुंचे कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पटवारी ने संगठन को मजबूत करने और जनता के बीच सक्रिय रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा फैलाए जा रहे भ्रम को दूर करना कांग्रेस कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। इसके लिए उन्होंने ब्लॉक स्तर से लेकर जमीनी स्तर तक विशेष कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए और पार्टी की जिम्मेदारियों को सजगता से निभाने पर जोर दिया।

**कार्यक्रम में बदलाव**

गौरतलब है कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पटवारी को शुक्रवार सुबह 10 बजे जबलपुर के सर्किट हाउस-1 में एक विशेष संवाद सत्र में शामिल होना था। हालांकि अंतिम समय में कार्यक्रम में बदलाव किया गया और वे सर्किट हाउस जाने के बजाय सड़क मार्ग से शहडोल के लिए रवाना हो गए। बताया जा रहा है कि वे वहां आयोजित जनआक्रोश रैली में हिस्सा लेने पहुंचे।

# खितौला में नृसिंह महायज्ञ की पूर्णाहुति

## 10 बालकों का यज्ञोपवीत संस्कार संपन्न



**सिहोरा।** उपनगर खितौला के सिद्ध स्थल नृसिंह टेकरी मंदिर में 101 वें श्री लक्ष्मी नृसिंह महायज्ञ में प्रतिदिन नगर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों के बड़ी संख्या में भक्तगण पहुंचकर यज्ञशाला की परिक्रमा लगाकर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं। सुश्री गुरुप्रिया दीदी द्वारा प्रतिदिन कथा का रसपान कराया गया। श्री लक्ष्मी नृसिंह भगवान की असीम कृपा एंव मंदिर के ब्रह्मलीन महंत श्री 1008 द्वारका दास जी महाराज के आशीर्वाद एंव मंदिर के महंत स्वामी गोविंद दास महाराज जी के सानिध्य में चल रहे यज्ञ के साथ श्री नर्मदा महापुराण कथा तथा महामंत्र का अखंड संकीर्तन में शुक्रवार को जबलपुर, भोपाल, बरेली, कुशयारी, खितौला आदि से आये 10 ब्राह्मण बालकों का यज्ञोपवीत ब्रतबंध संस्कार संपन्न हुआ। इस सात दिवसीय विशाल एंव भव्य धार्मिक आयोजन का आज शनिवार को पूर्णाहुति कन्या भोजन भंडारे के साथ ही यज्ञ का समापन होगा यज्ञ समिति ने सभी भक्तों से भंडारे में पहुंचने की अपील की है। 15 फरवरी रविवार को शिवरात्रि पर शिव जी का रुद्राभिषेक गौ पूजन एंव जलविहार होगा।

## शादी समारोह से लौट रहे युवकों पर चाकू से प्राणघातक हमला

**जबलपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र में गुरुवार रात शादी समारोह से लौट रहे दो युवकों पर चाकू से हमला कर उन्हें घायल करने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार सिंधी कैंप हनुमानताल निवासी 26 वर्षीय अविनाश अहिरवार गत रात करीब 10:30 बजे अपने साथी सिद्धार्थ चौधरी के साथ पड़ोसी की शादी में शामिल होने एमजी पैलेस, पुराना बस स्टैंड दमोहनाका गया था। जहां दो पक्षों के बीच में विवाद हो रहा था। इसके बाद सिद्धार्थ समारोह से निकलकर अपनी बुलेट मोटरसाइकिल से रिश्तेदार के घर जा रहे थे। रात करीब 11:30 बजे दमोहनाका चौराहे के पास मेघराज चौधरी ने अपने साथियों के साथ उसकी मोटरसायकिल लात मारकर गिराई और अविनाश व सिद्धार्थ पर चाकू से हमला कर भाग गए। घायलों को उपचार के लिए विक्टोरिया अस्पताल भेजा गया।

# अनियंत्रित होकर टकराए हाईवा और ट्राला




**बरेला।** नागा घाटी में अनियंत्रित होकर वाहन पलटने का क्रम और रुक ही नहीं पा रहा है। यहां पर हर दो-चार दिन में हाईवा या लोडेड वाहन घाटी से उतार के समय अनियंत्रित होकर पलट जाते हैं या फिर दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं जिसकी वजह से यहां पर दुर्घटनाओं का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। दो दिन में दो तीन दुर्घटनाओं की वजह से जाम की स्थिति भी बन गई। गुरुवार की रात को 8 बजे फिर नागा घाटी से उतरते समय रेत से लोड हाईवा अनियंत्रित होकर ट्राला से टकरा गया। शुक्रवार को कोयला से लदा हुआ ट्रक घाटी से उतरते समय अनियंत्रित होकर सड़क किनारे नालियों पर चढ़ गया तथाजिससे जाम की स्थिति बन गई।यह तो शुक्र है की कोई हताहत नहीं हुआ। इस संबंध में स्थानीय सरपंच आशीष शुक्ला ने बताया कि नंगा घाटी में आयोजन दुर्घटनाएं हो रही हैं यह तो गनीमत है कि केवल वाहन ही क्षतिग्रस्त हो रहे हैं, किसी की जान नहीं जा रही है।बहरहाल शारदा नगर तिराहे पर दुरघटनाओं का क्रम थमता नजर नहीं आ रहा है।




# पर्यावरण संरक्षण, संतुलन में विद्यार्थी निभाएं जिम्मेदारी

**जबलपुर।** प्रकृति और पर्यावरण के महत्व को समझने के उद्देश्य से श्री गुरू तेग बहादुर खालसा कॉलेज के बीएड. विभाग द्वारा एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन शुक्रवार को डुमना नेचर पार्क में किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. आरएस चंडोक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शैक्षणिक भ्रमण केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि अनुभवात्मक अधिगम का महत्वपूर्ण माध्यम है। कक्षा में प्राप्त सैद्धांतिक ज्ञान जब प्रकृति के बीच प्रत्यक्ष अनुभव से जुड़ता है, तो वह अधिक स्थायी और प्रभावशाली बनता है। पर्यावरण संरक्षण, संतुलन के लिए छात्र जिम्मेदारी निभाएं। भ्रमण के दौरानसमूह गतिविधियों, अवलोकन कार्य और चर्चा के माध्यम से छात्रों ने जाना कि प्रकृति आधारित शिक्षण किस प्रकार रचनात्मक और प्रभावी बनाया जा सकता है।भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने डुमना नेचर पार्क की जैव-विविधता, विभिन्न वनस्पतियों, पक्षियों तथा प्राकृतिक संरचना का अवलोकन किया।इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ.संध्या कोष्ठा, डॉ.शशि दुबे, डॉ.सिम्मी सिंह, डॉ.जया चतुर्वेदी, प्रियंका साहू, ममता गुप्ता सहित अन्य प्राध्यापक उपस्थित रहे और विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।

## 25 करोड़ से अधिक के कृषि ऋण स्वीकृत व वितरित, फूड क्लस्टर प्रोडक्ट लॉन्च

# सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने चलाया मेगा कृषि ऋण आउटरीच अभियान

**जबलपुर।**

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर द्वारा 13 फरवरी 2026 को संस्कृत थिएटर, भंवरताल गार्डन में "राष्ट्रव्यापी मेगा कृषि ऋण आउटरीच अभियान" का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. पी.के. मिश्रा रहे, जबकि अध्यक्षता रोहित कुमार, डीजीएम, केंद्रीय कार्यालय मुंबई ने की। इस अवसर पर रोहित कुमार ने राइस मिल एवं दाल मिल उद्योग हेतु "फूड क्लस्टर प्रोडक्ट" का शुभारंभ किया। मंचासीन अतिथियों में अविनाश कुमार (क्षेत्रीय प्रमुख, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, जबलपुर), डॉ. अमित शर्मा (अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, जेएनकेवीवी) एवं अतुल कुमार श्रीवास्तव (डीन, कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय, जबलपुर) उपस्थित रहे। कार्यक्रम में रवि अमरावंशी (उप संचालक कृषि), डॉ. नेहा पटेल (उप संचालक उद्यानिकी), डॉ. दीपक शिव (विभाग प्रमुख, पशु चिकित्सा विभाग), अंजुला झा (जिला परियोजना प्रबंधक, एनआरएलएम), अपूर्व गुप्ता (डीडीए, नाबार्ड), एन.एल. मेहरा (सहायक अभियंता) एवं अमित झा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में 400 से अधिक कृषकों, स्वयं सहायता समूह सदस्यों एवं बैंक सखियों ने भाग लिया। इस दौरान ₹25 करोड़ से अधिक के कृषि एवं संबद्ध ऋण स्वीकृत एवं वितरित किए गए, जिसमें विशेष रूप से एसएचजी ऋण पर जोर दिया गया। डॉ. पी.के. मिश्रा ने वैज्ञानिक एवं आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाने पर बल देते हुए बैंक एवं विश्वविद्यालय के समन्वय को किसानों के हित में उपयोगी बताया।




# आदित्य-अनाघा मल्टी-स्टेट क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसाइटी की 88 वीं शाखा का हुआ शुभारंभ

**जबलपुर।**



नागपुर (महाराष्ट्र) मुख्यालय वाली प्रतिष्ठित बहु-राज्य सहकारी संस्था आदित्य अनाघा मल्टी-स्टेट क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड की 88 वीं शाखा का शुभारंभ जबलपुर में गरिमामय समारोह के साथ संपन्न हुआ। संस्था अब महाकौशल क्षेत्र में अपनी सेवाओं का विस्तार करते हुए स्थानीय नागरिकों को संगठित, सुरक्षित एवं सुलभ वित्तीय सुविधाएँ उपलब्ध कराएगी। शाखा उद्घाटन अवसर पर अध्यक्ष श्रीमती अनघा सराफ बोर्ड ऑफ डायरेक्टर श्रीधर लांडे एवम संजय देशमुख सीईओ सीमा सहस्त्रभोजनी, श्रीमान संजीव सराफ, शंका दुबे, दामिनी नौकरिया, अविनाश पिल्लंई विभिन्न विभागाध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। अतिथियों ने इसे क्षेत्रीय आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। - संस्था का मूल मंत्र "भावनात्मकता के साथ व्यावसायिकता" है। प्रबंधन के अनुसार सफलता का अर्थ केवल आर्थिक उपलब्धि नहीं, बल्कि पहले एक अच्छे इंसान का निर्माण है। नैतिक मूल्यों और मानवीय संवेदनाओं से युक्त व्यक्ति ही उत्कृष्ट पेशेवर बन सकता है—इसी सोच के साथ संस्था कार्य करती है।



# राज्य स्तरीय खो-खो टूर्नामेंट में जबलपुर नोडल ओवरऑल चैंपियन बना

**जबलपुर।** राजीव गांधी प्रौद्योगिकी यूनिवर्सिटी श्रीरामा कृष्णा कॉलेज में आयोजित राज्य स्तरीय खो-खो टूर्नामेंट में जबलपुर नोडल ओवरऑल चैंपियन बना। श्रीराम कॉलेज के प्लेयर्स का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। पुरुष वर्ग में जबलपुर नोडल विजेता बना, श्रीराम कॉलेज के खिलाड़ी अभिषेक पांडेय को बेस्ट डिफेंडर का पुरस्कार मिला। महिला वर्ग में भी जबलपुर नोडल विजेता बना, श्रीराम कॉलेज की खिलाड़ी पूर्वा साहू को प्लेयर ऑफ़ द टूर्नामेंट का पुरस्कार मिला।

## जगह-जगह क्षतिग्रस्त हुई दाएं तट की मुख्य नहर

# पानी की सप्लाई रुकते ही दिखाई देने लगी नहर की दुर्दशा



**बरेला।** रानी अवंती बाई सागर परियोजना बरगी डैम की दाईं तट नहर जोकि नगर से होते हुए रीवा तक गई हुई है। नहर में वर्तमान में सगड़ा झपनी के पास मरम्मत कार्य के कारण नहर में पानी की सप्लाई रोक दी गई है जिसके कारण नगर के आसपास मुख्य नहर की दुर्दशा स्पष्ट दिखाई देने लगी है। यह नहर वर्तमान में जगह-जगह क्षतिग्रस्त हो गई है। नगर के महंगवा पुल से लेकर बलहवारा पुल तक मुख्य नहर की स्थिति दयनीय है ।अधिकांश पैनल जीर्ण शीर्ण अवस्था में है तथा अन्य जगह पैनल धराशाई हो गए हैं तथा कुछ जगह पैनल ही गायब हो गए हैं। स्थानीय किसानों का कहना है कि मुख्य नहर के निर्माण में गुणवत्ता के साथ जमकर खिलवाड़ किया गया है अधिकारियों द्वारा बगैर मिट्टी परीक्षण के नहर का निर्माण कराया गया है जिसका खामियाजा किसानों को भोगना पड़ रहा है। नहर का निर्माण हुए लगभग दो दशक से ज्यादा हो गया है किंतु विभाग द्वारा नहर की मरम्मत न कराने से स्थिति और भी बदतर हो गई है नहर के चालू होने के 1 वर्ष बाद ही नहर क्षतिग्रस्त हो गई थी नहर का मेंटेनेंस ना होने से किसानों को सीपेज की समस्या से भी जूझना पड़ रहा है जिसके कारण कुछ किसान वर्ष में केवल एक ही फसल ले पा रहे हैं ।वहीं दूसरी ओर विभाग द्वारा मुख्य नहर का मेंटनंस करने में जमकर हीला हवाली की जा रही है। वर्तमान में नहर में जमा हुआ मलवा और नहर किनारे लगी हुई बड़ी-बड़ी झाड़ियां, क्षतिग्रस्त पैनल नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों की कथनी और करनी स्पष्ट दिखाई दे रही है। जिसकी वजह से मुख्य नहर की हकीकतवर्तमान में खुली आंखों से देखी जा सकती है।

**श्रीमती मन्जीत कौर-** भूकंप कॉलोनी धनवंतरी नगर निवासी श्री कमलजीत सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती मन्जीत कौर (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती कृष्णा नामदेव-** रेतनाका भल्ला कॉलोनी ललपुर रोड निवासी श्री जगदीश प्रसाद नामदेव की धर्मपत्नी श्रीमती कृष्णा नामदेव (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रीना कुचबंधिया-** नेहरू वार्ड कुचबंधिया मोहल्ला शीतलामाई निवासी श्री नरेश कुचबंधिया की धर्मपत्नी श्रीमती रीना कुचबंधिया (36) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री विजय कुमार चौरसिया-** छापर रामपुर निवासी श्री विजय कुमार चौरसिया (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री गोविंद बर्मन-** सेठ गोविंददास वार्ड लालमाटी निवासी श्री गोविंद बर्मन का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सुंदर लाल-** मॉडल टाउन बिलहरी निवासी श्री सुंदर लाल (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री चंद्रभान कुशवाहा-** हाथीताल गुप्तेश्वर वार्ड निवासी श्री चंद्रभान कुशवाहा (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री अम्बिका प्रसाद बर्मन-** कांचघर नई बस्ती निवासी श्री अम्बिका प्रसाद बर्मन (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।




**श्रीमती रामकली बाई पाल-** सिद्धबाबा वार्ड शिव मंदिर के पास निवासी श्री रामदेव पाल की धर्मपत्नी श्रीमती रामकली बाई पाल (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती फूलकली केशरवानी-** जाग्रति नगर अमखेरा निवासी श्री छेदीलाल केशरवानी की धर्मपत्नी श्रीमती फूलकली केशरवानी (93) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती मानसी राजपूत-** गोरखपुर नत्थूमल स्कूल के पास निवासी श्री राकेश राजपूत की धर्मपत्नी श्रीमती मानसी राजपूत (22) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती लक्ष्मी बाई कोरी-** फेस 1 तिलहरी निवासी श्री मौजी लाल कोरी की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी बाई कोरी (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रघुवीर प्रसाद सोनी-** भानतलैया बड़ी खेरमाई निवासी श्री रघुवीर प्रसाद सोनी (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री आनंद चौरसिया-** कोतवाली मस्जिद के सामने निवासी श्री गोपाल प्रसाद चौरसिया के पुत्र श्री आनंद चौरसिया (46) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती फुलझरिया कोरी-** वल्दी कोरी की दफाई आचार्य विनोबा भावे वार्ड निवासी श्री शिवचरन कोरी की धर्मपत्नी श्रीमती फुलझरिया कोरी (93) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री कैलाश चौधरी-** गली नं. 3 बादशाह हलवाई मंदिर मोड़ के पास पोलीपाथर निवासी श्री कैलाश चौधरी (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री जगदीश प्रसाद- बेलबाग टोरिया निवासी श्री जगदीश प्रसाद (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राजू सामंत-** रामपुर एफसीआई गोदाम के पास निवासी श्री राजू सामंत (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती जानकी बाई-** जयप्रकाश नगर अधारताल निवासी श्री भवानी प्रसाद की धर्मपत्नी श्रीमती जानकी बाई (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री महेश नामदेव-** गोरखपुर सनातन धर्म मंदिर के पास निवासी श्री महेश नामदेव (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
रंगीन 400/-
रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग

## खबर संक्षेप

### विपुल ऑर्गेनिक्स के लाभ में 28 प्रतिशत का उछाल

**नई दिल्ली।** रसायन क्षेत्र की कंपनी विपुल ऑर्गेनिक्स का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 28 प्रतिशत बढ़कर 1.85 करोड़ रुपये रहा। आय में बढ़ोतरी होने से लाभ में यह वृद्धि हुई है। कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में अक्टूबर-दिसंबर, 2025 तिमाही के वित्तीय नतीजों का विवरण साझा किया।

### सीमेंस एनर्जी का लाभ बढ़कर 313 करोड़ रुपए




**नई दिल्ली।** सीमेंस एनर्जी इंडिया लिमिटेड (एसईआईएल) का वित्त वर्ष 2025-26 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में शुद्ध लाभ 35 प्रतिशत बढ़कर 313 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने शुक्रवार को पहली तिमाही के अपने वित्तीय परिणामों की जानकारी दी। सीमेंस एनर्जी इंडिया का वित्त वर्ष अक्टूबर-सितंबर के बीच होता है।

### रुपया तीन पैसे टूटकर 90.64 प्रति डॉलर पर बंद



**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया शुक्रवार को तीन पैसे की गिरावट के साथ 90.64 पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजार में नकारात्मक रुख और वैश्विक बाजारों में अमेरिकी मुद्रा की मजबूती से रुपये में गिरावट आई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि डॉलर की मजबूती ने रुपये सहित उभरते बाजारों की मुद्राओं की बढ़त को सीमित कर दिया।

### गौडियम का आईपीओ 20 फरवरी को खुलेगा




**नई दिल्ली।** प्रजनन सेवाएं देने वाली गौडियम आईवीएफ एंड वीमेन हेल्थ लिमिटेड की योजना आईपीओ के जरिये 150 से 200 करोड़ रुपये जुटाने की है। इस निर्गम के 20 फरवरी को खुलने की उम्मीद है। इस घटनाक्रम से वाकिफ लोगों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यह इस क्षेत्र की पहली कंपनी होगी जो सार्वजनिक बाजार से पूंजी जुटाएगी।

### एयू स्मॉल बैंक के एमडी का कार्यकाल बढ़ाने की मंजूरी

**नई दिल्ली।** एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक ने संजय अग्रवाल को फिर से बैंक का प्रबंध निदेशक और सीईओ नियुक्त करने की मंजूरी दे दी है।बैंक ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि यह पुनर्नियुक्ति 19 अप्रैल, 2026 से प्रभावी होगी और अगले तीन वर्षों की अवधि के लिए होगी।

# बीमा नियामक 'इरडा' की उद्योग के कमीशन पर लगाम लगाने की तैयारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बीमा नियामक इरडा ने बीमा कंपनियों के प्रमुखों के सामने गलत तरीके, झूठे वायदों के आधार पर बीमा पॉलिसी बेचने पर चर्चा की। सूत्रों के मुताबिक, उनकी बैठक में जीवन बीमा कंपनियों ने स्थगित कमीशन भुगतान मॉडल का सुझाव दिया है। इसमें एजेंट को पूरा कमीशन एक साथ नहीं, बल्कि पॉलिसी की पूरी अवधि के दौरान दिया जाएगा।

- कमीशन एक साथ नहीं पॉलिसी की पूरी अवधि के दौरान दिया जाएगा

इन सुझावों में कॉरपोरेट एजेंट्स के लिए पांच साल और व्यक्तिगत एजेंट्स के लिए तीन साल का प्रस्ताव दिया गया है। इसका मकसद साफ है, बीमा पॉलिसी के गलत बिक्री रोकना, कंपनियों का खर्च घटाना और ग्राहकों को सस्ता, टिकाऊ बीमा देना। वैसे खास बात यह है कि हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक और आर्थिक सर्वेक्षण में भी ऊंचे कमीशन पर सवाल उठाए गए थे।

## साल 2025 में 60,800 करोड़ रुपए से अधिक का हुआ पेमेंट

### क्या है स्थगित कमीशन का मतलब

डिफर्ड कमीशन का मतलब ये है कि बीमा एजेंट को पूरा कमीशन एक साथ नहीं मिलता, कमीशन पॉलिसी के साथ-साथ सालों में किस्तों में दिया जाता है। इससे एजेंट पॉलिसी को चालू रखने और ग्राहक की सेवा करने में ज्यादा रुचि लेता है। पॉलिसी जितने लंबे समय तक चलेगी, एजेंट को उतना ही कमीशन मिलता रहेगा। शुरुआती सालों में थोड़ा ज्यादा और बाद के सालों में थोड़ा कम, लेकिन लगातार मिलता रहेगा।




### अधिक कमीशन का भुगतान

दरअसल, इरडा और बीमा कंपनियों के प्रमुखों की यह मुलाकात बीमा कंपनियों के कमीशन भुगतान से जुड़े बढ़ते खर्चों और नियामिकीय सीमाओं को लेकर हुई थी। बताया जा रहा है कि इस बैठक का आधार वित्त वर्ष 2025 में, जीवन बीमा कंपनियों के कमीशन भुगतान 60,800 करोड़ रुपए से अधिक रहना था। जबकि साधारण बीमा कंपनियों के मामले में यह भुगतान आंकड़ा 47,000 करोड़ रुपए के पार चला गया।

### प्रबंधन खर्च की सीमा को पार कर गया

इन बढ़ते खर्चों के चलते कई कंपनियां अपने प्रबंधन खर्च की सीमा को पार कर चुकी हैं। इस स्थिति को देखते हुए बीमा नियामक नए नियम लाने पर विचार कर रहा है। ये नियम अगले कुछ महीनों में जारी किए जा सकते हैं।

### कमीशन पर सख्ती के संभावित खतरे

कमीशन भुगतान में यह अप्रत्याशित उछाल भारतीय बीमा सेक्टर के लिए बड़े जोखिम पैदा कर रहा है। कंपनियों का यह तर्क कि डिस्ट्रीब्यूशन मॉडल के विकास के लिए उच्च कमीशन आवश्यक है। कमीशन पर कड़े और एकसमान सीमा लगाने से एजेंसी-आधारित नेटवर्क और बैंकएश्योरेंस पार्टनरशिप जैसे स्थापित डिस्ट्रीब्यूशन चैनलों को गंभीर झटका लग सकता है, जो बाजार तक पहुंचने के लिए महत्वपूर्ण हैं।

## आरआईएल अब कच्चे तेल की सीधी खरीद कर पाएगा

# रिलायंस इंडस्ट्रीज को वेनेजुएला से कच्चा तेल खरीदने के लिए अमेरिका से मिला लाइसेंस

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

उद्योगपति मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) को वेनेजुएला के कच्चे तेल की सीधी खरीद के लिए अमेरिका से लाइसेंस मिल गया है। इस अनुमति से देश की सबसे बड़ी निजी रिफाइनिंग कंपनी आरआईएल रियायती दर पर उपलब्ध भारी कच्चे तेल का आयात कर सकेगी।

वेनेजुएला का कच्चा तेल गुजरात के जामनगर स्थित रिलायंस रिफाइनरी की संरचना के अनुकूल है और उसके रिफाइनिंग मार्जिन को बेहतर बना सकता है। मामले से परिचित सूत्रों ने कहा कि जनवरी के अंत में अमेरिका ने कुछ अंतरराष्ट्रीय कंपनियों को वेनेजुएला से सीधे तेल खरीदने की सामान्य अनुमति दी।



### दुनिया का सबसे बड़ा रिफाइनिंग परिसर

हालांकि वेनेजुएला से कच्चा तेल खरीदने का अमेरिकी लाइसेंस मिलने के बारे में रिलायंस इंडस्ट्रीज की तरफ से कोई टिप्पणी नहीं की गई। गुजरात के जामनगर में दुनिया का सबसे बड़ा रिफाइनिंग परिसर संचालित करने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज अमेरिकी प्रतिबंध लगने से पहले वेनेजुएला के कच्चे तेल की नियमित खरीदार थी।

### रूस से तेल आयात घटने की संभावना

सूत्रों ने कहा कि वेनेजुएला के प्राकृतिक संसाधनों का इस्तेमाल करना कच्चे तेल की खरीद के स्रोतों में विविधता लाने की भारतीय रणनीति का हिस्सा है। रूस से तेल का आयात घटने की संभावना के बीच वेनेजुएला का तेल महत्वपूर्ण हो जाता है। वेनेजुएला का ओरिनोको बेल्ट क्षेत्र अपने भारी और बहुत-भारी ग्रेड के कच्चे तेल के लिए जाना जाता है।

### अमेरिका ने प्रतिबंध किए शिथिल

पहले अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण वेनेजुएला से सीधे तेल खरीद पर रोक लगी हुई थी और तेल की आपूर्ति कारोबारियों के माध्यम से हो रही थी। पिछले महीने अमेरिकी सैन्य कार्रवाई में वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को बंदी बनाकर अमेरिकी जेल में भेज दिए जाने के बाद से ही वेनेजुएला के कच्चे तेल की सीधी खरीद शुरू होने की उम्मीद जताई जा रही थी। उसके बाद से अमेरिका ने अपने प्रतिबंधों को शिथिल भी कर दिया है।

### रिलायंस ने 2024 में वेनेजुएला से तेल खरीदा था

हालांकि 2019-20 में वेनेजुएला की मादुरो सरकार पर अमेरिकी प्रतिबंध लगाए जाने के बाद यह आयात रुक गया था। लेकिन वर्ष 2024 में मिली अस्थायी राहत के दौरान रिलायंस ने वेनेजुएला से तेल खरीदा था। इस साल कारोबारियों के जरिये तेल खरीद दोबारा शुरू होने पर रिलायंस ने विटॉल कंपनी से 20 लाख बैरल तेल खरीदा है।

- देश की सबसे बड़ी निजी रिफाइनिंग कंपनी है
- कच्चा तेल आरआईएल की संरचना के अनुकूल है
- पहले प्रतिबंधों के कारण रोक लगी हुई थी

### पीएसयू ने 20 लाख बैरल तेल वेनेजुएला से खरीदा

इस छूट का फायदा इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड ने भी उठाया है। इन दोनों सरकारी तेल कंपनियों ने कुल मिलाकर 20 लाख बैरल कच्चा तेल वेनेजुएला से खरीदा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले हफ्ते कहा था कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रूस से तेल खरीद रोकने और अमेरिका सहित अन्य स्रोतों से तेल आयात बढ़ाने पर सहमति जताई है।

### तेल की रिफाइनिंग के लिए पुरी तरह सक्षम

*इस ग्रेड के तेल की रिफाइनिंग के लिए रिलायंस की जामनगर रिफाइनरी पूरी तरह सक्षम मानी जाती है। खास बात यह है कि इस तरह के तेल पर आमतौर पर अंतरराष्ट्रीय मानकों की तुलना में छूट मिलती है। इस तेल को डीजल, केरोसिन एवं एलपीजी जैसे उच्च मूल्य वाले पेट्रोलियम उत्पादों में बदला जा सकता है।*

### मार्जिन सुधारने में मदद मिलेगी

*विश्लेषकों का अनुमान है कि इस सस्ते भारी कच्चे तेल की सीधी खरीद से रिलायंस को रिफाइनिंग और पेट्रोकेमिकल दोनों कारोबार में मार्जिन सुधारने में मदद मिलेगी।*

# ट्राई 'डू नॉट डिस्टर्ब' ऐप में लाएगा अपील की सुविधा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- अगले महीने आएगा नया 'माईकॉल' ऐप
- शिकायतों का संतोषजनक निपटान हो सके

दूरसंचार विनियामक ट्राई उपभोक्ताओं को 'डू नॉट डिस्टर्ब' (डीएनडी) ऐप में अपील की सुविधा देने की योजना बना रहा है, ताकि सेवा प्रदाताओं द्वारा शिकायतों का संतोषजनक निपटान न होने पर मामले को उच्च प्राधिकारी के समक्ष उठाया जा सके। ट्राई के चेयरमैन अनिल कुमार लाहोटी ने कहा कि नियामक मार्च में संशोधित 'माईकॉल' ऐप को पेश करेगा जिसके जरिये उपभोक्ता कॉल गुणवत्ता से संबंधित शिकायत दर्ज करा सकेंगे। लाहोटी ने डीएनडी और 'माईस्पीड' ऐप के संशोधित संस्करण जारी करते हुए कहा कि अनचाही फोन कॉल और एसएमएस की शिकायत के लिए बनाए गए नए डीएनडी ऐप में बहुभाषी विकल्प उपलब्ध होगा। ग्रामीण क्षेत्रों में डीएनडी ऐप की स्वीकार्यता बढ़ाने के लिए क्षेत्रीय भाषाओं में कम चरणों में शिकायत दर्ज करने, बेहतर वरीयता प्रबंधन और डुअल सिम समर्थन जैसी सुविधाएं जोड़ी गई हैं।

***31 लाख से अधि शिकायतें दर्ज कराई गई थी :*** *लाहोटी ने कहा कि वर्ष 2025 में अनचाही वाणिज्यिक संचार (यूसीसी) के संबंध में मिली 31 लाख शिकायतों में से 17 लाख से अधिक डीएनडी ऐप के माध्यम से दर्ज कराई गई थीं। इसके साथ ही ट्राई ने संशोधित 'माईस्पीड' ऐप भी पेश किया है, जिसमें बहुभाषी समर्थन के साथ 5जी प्रौद्योगिकी पर उपलब्ध गति की जांच की सुविधा होगी।*

# चांदी पांच प्रतिशत गिरकर 2.55 लाख रुपए पर आई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मांग में नरमी के बीच शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में पांच प्रतिशत तक की गिरावट आई। चांदी 2.55 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रह गई, जबकि सोना 1.58 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ।

अखिल भारतीय सराफा संघ के मुताबिक, चांदी की कीमत 13,500 रुपये यानी 5.03 प्रतिशत टूटकर 2,55,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर समेत) रह गई। बृहस्पतिवार को यह 2,68,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर बंद हुई थी। वहीं, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 2,400 रुपये यानी 1.5 प्रतिशत टूटकर 1,58,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर समेत) रह गया। पिछले कारोबारी सत्र में यह 1,60,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ जिंस विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा,



- सोना 1.58 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम पर
- चांदी में 13,500 रुपए की गिरावट

''शेयर बाजार में व्यापक बिकवाली के बीच सोने और चांदी में भारी गिरावट आई और शुक्रवार को भी दबाव बना रहा। निवेशकों ने बहुप्रतीक्षित अमेरिकी उपभोक्ता महंगाई के आंकड़ों के आने से पहले सावधानी का रुख अपनाया।'' चांदी 2.01 डॉलर यानी तीन प्रतिशत बढ़कर 77.30 डॉलर प्रति औंस हो गई, जबकि सोना लगभग एक प्रतिशत बढ़कर 4,968.40 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था।

### सराफा की मांग नरम पड़ी

चैनवाला ने कहा कि अमेरिका-ईरान तनाव और रूस-यूक्रेन संघर्ष को लेकर भू-राजनीतिक तनाव में थोड़ी कमी आने से भी सुरक्षित निवेश के तौर पर सोना-चांदी की मांग नरम पड़ी है।

# विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 717.06 अरब डॉलर पर



**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार छह फरवरी को समाप्त सप्ताह के दौरान 6.71 अरब डॉलर घटकर 717.06 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक ने यह जानकारी दी है। इससे पिछले सप्ताह में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 14.36 अरब डॉलर बढ़कर 723.77 अरब डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। केन्द्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार, छह फरवरी को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा माने जाने वाली विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 7.66 अरब डॉलर बढ़कर 570.05 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के रूप में व्यक्त की जाने वाली विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर अमेरिकी मुद्राओं के मूल्य में घट-बढ़ के प्रभाव शामिल होते हैं।

# बैंक कर्ज में जनवरी के दूसरे पखवाड़े में वृद्धि

एजेंसी ▶▶| मुंबई

- वृद्धि लगातार दहाई अंक में बनी हुई
- सालाना आधार पर बढ़कर 14.41 प्रतिशत पहुंची

बैंक ऋण में वृद्धि लगातार दहाई अंक में बनी हुई है और 31 जनवरी को समाप्त पखवाड़े में यह सालाना आधार पर बढ़कर 14.41 प्रतिशत पर पहुंच गई। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। बैंकों के गैर-खाद्य ऋण विस्तार का यह प्रमुख आंकड़ा जीएसटी युक्तिसंगत बनाये जाने के बाद पिछले पांच महीनों से दहाई अंक में बना हुआ है। यह हाल के महीनों में खुदरा कर्जदारों और कॉरपोरेट दोनों की कर्ज मांग में सुधार का संकेत देता है। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, जुलाई में ऋण वृद्धि काफी धीमी थी और दो पखवाड़ों के दौरान यह क्रमशः 9.76 प्रतिशत और 9.98 प्रतिशत रही थी। यह कॉरपोरेट क्षेत्र द्वारा कर्ज लेने में सावधानी और खुदरा ऋण विस्तार में कमी को दर्शाता है।

- आयात नवंबर–जनवरी में गिरकर 39.6 लाख टन रहा
- सूरजमुखी व सोयाबीन तेल का कम आयात

# वनस्पति तेल के आयात में दो फीसदी की गिरावट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



भारत का वनस्पति तेल आयात तेल वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में दो प्रतिशत घटकर 39.6 लाख टन रहा। सोयाबीन और सूरजमुखी तेल की कम खरीद ने पाम तेल आयात में वृद्धि के असर को संतुलित कर दिया। तेल उद्योग के संगठन एसईए के मुताबिक, एक साल पहले नवंबर-जनवरी की समान तिमाही में देश ने 40.5 लाख टन वनस्पति तेल का आयात किया था। नवंबर 2025 से जनवरी 2026 की इस तिमाही में पाम तेल आयात 18 प्रतिशत बढ़कर 19.1 लाख टन हो गया, जो एक साल पहले 16.2 लाख टन था। एक फरवरी को पाम तेल का बंदरगाहों पर भंडार 4.86 लाख टन रहा, जो पिछले महीने से 33,000 टन अधिक है।

***नेपाल ने 54 हजार टन तेल किया भारत को निर्यात :*** *नेपाल ने नवंबर 2025 में भारत को करीब 54,000 टन परिष्कृत तेल का निर्यात किया, जबकि दिसंबर में यह आंकड़ा लगभग 48,000 टन रहा। इस साल एक फरवरी को भारतीय बंदरगाहों पर कुल खाद्य तेल भंडार 8.64 लाख टन था।*

***इंडोनेशिया व मलेशिया प्रमुख निर्यातक देश :*** *घरेलू उत्पादन और खपत को शामिल करने पर पाइपलाइन स्टॉक 8.85 लाख टन रहा। इसका कुल भंडार 17.5 लाख टन पर स्थिर रहा। इंडोनेशिया और मलेशिया पाम तेल की भारत को आपूर्ति करने वाले प्रमुख निर्यातक हैं।*

**M.P. POWER GENERATING COMPANY LIMITED**
Office of The Addl. Chief Engineer (THC), Sirmour, Rewa (M.P.)

**NOTICE INVITING TENDER (THROUGH E-TENDERING PROCESS ONLY)**

M.P. Power Generating Co. Ltd. invites e-tenders from reputed Manufacturer/Authorised Dealer/Supplier/Distributer for the following items :-

| Tender No. | Tender Particulars | Estimated Cost in Rs. (inclusive of Taxes)/Tender cost in Rs./ Period | EMD in Rs. | Date and Time for Closing of Online Submission | Date & Time of e-opening of Tender |
|---|---|---|---|---|---|
| 2025_ MPPGC_ 461245_2 | Procurement of HVOF coated SS throat ring (in eight parts) along with hardwares for unit#1 at 3x105 MW, THPS-I, MPPGCL, Sirmour | 33.98 Lakh/ 1000/- | 68000/- | 25.02.2026 Up to 16:00 hrs. | 27.02.2026 from 16:00 hrs. onwards |

For further details of Amendments/Extensions/Corrigendums etc. please visit website **https://mptenders.gov.in** in regularly. No separate information shall be published in print media for instant tender.

M.P.Madhyam/124481/2026 // Save Electricity // ADDL. CHIEF ENGINEER (THC)

## सरकार घरेलू बाजार को स्थिर करना चाह रही

# सरकार ने 25 लाख टन गेहूं के निर्यात को मंजूरी दी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार ने शुक्रवार को घरेलू बाजारों को स्थिर करने और किसानों को लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने के लिए गेहूं का 25 लाख टन निर्यात करने की मंजूरी दे दी। इसके साथ पांच-पांच लाख टन गेहूं उत्पाद और चीनी के अतिरिक्त निर्यात को भी मंजूरी दी गयी है।

खाद्य मंत्रालय ने बयान में कहा कि वर्तमान उपलब्धता और मूल्य परिदृश्य का व्यापक आकलन करने के बाद यह निर्णय लिया गया है। यह किसानों के हितों की रक्षा के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। बयान में कहा गया कि वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान निजी इकाइयों के पास लगभग 75 लाख टन गेहूं का भंडारण उपलब्ध है, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि की तुलना में लगभग 32 लाख टन अधिक है।

### अतिरिक्त पांच लाख टन चीनी निर्यात की अनुमति मिलेगी

चीनी निर्यात को सुगम बनाने के लिए सरकार ने चालू चीनी सत्र 2025-26 के दौरान इच्छुक चीनी मिलों द्वारा अतिरिक्त पांच लाख टन चीनी के निर्यात की अनुमति देने का निर्णय लिया है।

### गेहूं की उपलब्धता 182 टन होने का अनुमान

*मंत्रालय ने कहा कि एक अप्रैल, 2026 तक भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के केंद्रीय भंडार में गेहूं की कुल उपलब्धता लगभग 182 लाख टन होने का अनुमान है। इससे निर्यात अनुमति से घरेलू खाद्य सुरक्षा आवश्यकताओं पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। रबी 2026 में गेहूं की खेती का रकबा भी बढ़कर लगभग 334.17 लाख हेक्टेयर हो गया जो पिछले वर्ष 328.04 लाख हेक्टेयर था।*

**न्यायालय तहसीलदार, निवास, जिला मण्डला**

**// उदघोषणा //**

ग्राम छिंदगाँव रैयत प.ह.न. 06
रा.नि.म. पौडी तहसील निवास

एतद दवारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम छिंदगाँव रैयत को सूचित किया जाता है कि ग्राम छिंदगाँव रैयत प.ह.न. 06 राजस्व निरीक्षक मण्डल निवास स्थित भूमि ख.न. 22 रकबा 19.35 है. भूमि मध्यप्रदेश शासन को Narmada Valley Development Authority संस्था का प्रकार अन्य संस्था का पता Narmada Vikas Sambhag No. 2. In front of State Bank (Main branch) Civil Line, Mandla दवारा नगरेतर तहसील व जिला मण्डला हेतु उपरोक्त भूमि बसानिया बाँध परियोजना से प्रभावित क्षेत्र के क्षतिपूर्ति वनीकरण हेतु चाही गई है ।उपरोक्त भूमि मान्य कर प्रस्तावित की गई है ।उक्त भूमि नजूल निवर्तन निर्देश नियम 2020 के तहत आवटित/हस्तांतरित किया जाना प्रस्तावित किया गया है। संबंधित विभाग के प्रयोजन हेतु आवंटन किये जाने हेतु कलेक्टर महोदय मण्डला दवारा प्रतिवेदन चाहा गया है ।

अत : उक्त सम्बन्ध में जिस किसी व्यक्ति विशेष को कोई आपति पेश करना है तो वह स्वयं या किसी अधिवक्ता के माध्यम से पेश कर सकता है, समयावधि पश्चात कोई आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनाक 06.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया ।

जारी दिनांक : 06.02.2026
पेशी तारीख : 21.02.2026

तहसीलदार निवास
जिला मण्डला

G-25785/25

**अटल बिहारी वाजपेयी दिव्यांग खेल प्रशिक्षण केंद्र - ग्वालियर**
दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार
वेबसाइट: https://cdsgwalior.nic.in/, फोन: 0751-2991397
ईमेल: gwalior.cds@gmail.com

**भर्ती सूचना 01/2026**

अटल बिहारी वाजपेयी दिव्यांग खेल प्रशिक्षण केंद्र - ग्वालियर, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, के तहत एक स्वायत्त संगठन, नीचे दिए गए भर्ती के तरीके के अनुसार निम्नलिखित पदो पर नियुक्ति के लिए पात्र उम्मीदवारों में निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित करता है :-

| सं. क्र. | पद | पदों की संख्या | स्तर | श्रेणी | भर्ती की विधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | उपनिदेशक (खेल) | 01 | स्तर -11 | अनारक्षित | प्रतिनियुक्ति |
| 2 | प्रशासन और लेखा अधिकारी | 01 | स्तर -10 | अनारक्षित | प्रतिनियुक्ति |

आवेदन प्रारूप और अन्य विवरण, नियम व शर्तें केन्द्र की वेबसाइट https://cdsgwalior.nic.innotice-category/recruitments/ पर उपलब्ध हैं। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि रोजगार समाचार में प्रकाशन की तिथि मे 30 दिन है।उपरोक्त अधिसूचना के संदर्भ में कोई भी संशोधन/शुद्धिपत्र/अद्यतन केवल केंद्र की वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जाएगा। आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे हमारी वेबसाइट नियमित रूप से देखते रहें।

निदेशक (कार्यवाहक)
cbc-38126/12/0014/2526 अटल बिहारी वाजपेयी दिव्यांग खेल प्रशिक्षण केंद्र - ग्वालियर

## चिंतन

# बांग्लादेश के साथ संतुलन साधने की चुनौती बरकरार

बांग्लादेश की राजनीति में आए ताजा बदलाव ने दक्षिण एशिया के कूटनीतिक समीकरणों को नई दिशा दे दी है। आम चुनाव में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की निर्णायक जीत और उसके अध्यक्ष तारिक रहमान के प्रधानमंत्री बनने की संभावना ने यह स्पष्ट कर दिया है कि देश लगभग दो दशकों बाद सत्ता परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। 2008 से 2024 तक शेख हसीना के नेतृत्व में आवामी लीग की सरकार रही। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि नई सरकार देश की आंतरिक राजनीति और विदेश नीति को किस दिशा में ले जाती है। भारत के लिए यह सत्ता परिवर्तन विशेष महत्व रखता है। पड़ोसी होने के साथ-साथ दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आर्थिक संबंध गहरे हैं। पिछले डेढ़ दशक में सुरक्षा सहयोग, सीमा प्रबंधन, कनेक्टिविटी और व्यापार के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। ऐसे में नई दिल्ली की प्राथमिकता यही होगी कि इन उपलब्धियों को संरक्षित रखते हुए नई सरकार के साथ विश्वास का रिश्ता कायम रखा जाए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा तारिक रहमान को दी गई बधाई इस बात का संकेत है कि भारत व्यावहारिक और संतुलित कूटनीति अपनाना चाहता है। हालांकि दोनों देशों के संबंधों को लेकर चुनौतियां भी कम नहीं हैं। बीएनपी का अतीत भारत के प्रति अपेक्षाकृत सख्त रुख से जुड़ा रहा है। इसके अलावा जमात-ए-इस्लामी के नेतृत्व वाले गठबंधन की उपस्थिति भी नई सरकार की नीतियों को प्रभावित कर सकती है। अब बांग्लादेश के संविधान में बड़े बदलावों को जनता ने हरी झंडी दे दी है। बांग्लादेश प्रधानमंत्री की शक्तियों में कटौती करने जा रहा है और राष्ट्रपति की ताकत बढ़ेगी, इसके अलावा इस देश में संसद के ऊपरी सदन का गठन होगा। अब देखना यह भी है कि बांग्लादेश का संविधान किस तरह की नीति को अपनाता है। संविधान में कैसे बदलाव लाए जाते हैं। अगर पाकिस्तान की तरह शरियत को अपनाता है तो यह उन बांग्लादेशी हिंदुओं पर कुठाराघात होगा, जिन्होंने बीएनपी का समर्थन किया और उसके लिए दिन रात एक कर दिया। विशेषकर हिंदू अल्पसंख्यकों की सुरक्षा और अधिकारों का प्रश्न भारत के लिए संवेदनशील मुद्दा रहेगा। चीन और पाकिस्तान के साथ बांग्लादेश के संबंधों पर भी नजर रहेगी। यदि नई सरकार बीजिंग की ओर अधिक झुकाव दिखाती है, तो यह भारत के रणनीतिक हितों के लिए चुनौती बन सकता है। वहीं, पाकिस्तान के साथ संबंधों का पुनर्संतुलन भी क्षेत्रीय राजनीति में नई हलचल पैदा कर सकता है। एक अन्य महत्वपूर्ण पहलू शेख हसीना से जुड़े मुद्दों का है। यदि नई सरकार उनके खिलाफ राजनीतिक या कानूनी कार्रवाई करती है, तो भारत को अपनी प्रतिक्रिया बेहद संतुलित रखनी होगी। लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं का सम्मान और क्षेत्रीय स्थिरता दोनों के बीच संतुलन बनाना आसान नहीं होगा। भारत के पूर्वोत्तर राज्यों के विकास के लिए बांग्लादेश के साथ बेहतर संपर्क और व्यापारिक सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है। उल्लेखनीय है कि 1988 में काजी जफर अहमद के बाद पहली बार कोई पुरुष बांग्लादेश का प्रधानमंत्री बनने जा रहा है। 1991 से 2024 तक देश की राजनीति में खालिदा जिया और शेख हसीना का दबदबा रहा। अंततः भारत और बांग्लादेश के संबंध किसी एक दल या नेता पर निर्भर नहीं होने चाहिए। बांग्लादेश की नई सरकार के लिए भी यह समझना आवश्यक है कि भारत के साथ सकारात्मक और संतुलित संबंध ही उसके दीर्घकालिक हितों की रक्षा कर सकते हैं।



जनादेश
डॉ. घनश्याम बादल

# भारत-बांग्लादेश संबंध के नवीकरण का वक्त

12 फरवरी को हुए चुनावों के नतीजे सामने हैं और बांग्लादेश की जनता ने परिपक्व तरीके से न केवल चुनाव में भारी संख्या में मतदान किया अपितु अपने देश को कट्टरपंथी राजनीतिक विचारधारा के हाथों में जाने से भी बचा लिया है। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी ने स्वर्गीय खालिदा जिया और जियाउर रहमान के बेटे 60 वर्षीय तारिक रहमान के नेतृत्व में 299 में से 213 सीट जीतकर वहां लगभग दो तिहाई बहुमत प्राप्त कर लिया है। भारत के लिए यह क्षण आत्ममंथन का है। पड़ोस-नीति को सुरक्षा-केंद्रित चश्मे से देखने का समय अब खत्म हो रहा है। भारत को बांग्लादेश को "रणनीतिक फ्रंटलाइन" नहीं, बल्कि "समान साझेदार" के रूप में देखना होगा।

बांग्लादेश के चीफ एडवाइजर के रूप में मोहम्मद यूनुस और कुछ खास कर पाए हों या नहीं, लेकिन एक काम तो उन्होंने कर ही दिया है कि बांग्लादेश को राजनीतिक उहापोह की स्थिति से निकालकर स्पष्ट जनादेश दिलवा दिया है। 12 फरवरी को हुए चुनावों के नतीजे सामने हैं और बांग्लादेश की जनता ने परिपक्व तरीके से न केवल चुनाव में भारी संख्या में मतदान किया अपितु अपने देश को कट्टरपंथी राजनीतिक विचारधारा के हाथों में जाने से भी बचा लिया है। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी ने स्वर्गीय खालिदा जिया और जियाउर रहमान के बेटे 60 वर्षीय तारिक रहमान के नेतृत्व में 299 में से 213 सीट जीतकर वहां लगभग दो तिहाई बहुमत प्राप्त कर लिया है। जबकि उसके प्रतिद्वंद्वी जमात ए इस्लामी को 74 सीट ही मिलीं हैं।

आश्चर्यजनक रूप से छात्र आंदोलन का चेहरा बनकर शेख हसीना को सत्ता से बाहर करने वाले नाहिद इस्लाम की पार्टी एनसीपी को केवल दो सीट ही मिल पाई हैं और इसकी मुख्य वजह यही दिखती है कि उनका जमात ए इस्लामी के साथ गठबंधन का रणनीतिक निर्णय ग़लत रहा। बांग्लादेश का ताज़ा चुनाव कोई सामान्य सत्ता-परिवर्तन नहीं, बल्कि एक पूरे राजनीतिक युग के अंत और नए शक्ति-संतुलन की शुरुआत समझा जाना चाहिए। यह चुनाव केवल संसद की सीटों का गणित नहीं है, बल्कि उस सामाजिक-राजनीतिक बेचैनी की परिणति है, जो वर्षों से सड़कों, विश्वविद्यालयों, श्रमिक बस्तियों और सीमावर्ती इलाकों में सुलग रही थी। इस जनादेश ने साफ संकेत दिया है कि देश अब पुराने ढर्रे की राजनीति से आगे निकलना चाहता है लेकिन यह रास्ता लोकतांत्रिक स्थिरता की ओर जाएगा या नए असंतुलन की ओर, यह अभी भी एक अनुत्तरित ज्वलंत सवाल है। आंकड़ों की बात करें तो तस्वीर साफ है। संसद में स्पष्ट बहुमत एक ही राजनीतिक धारा के पक्ष में गया है। कुल सीटों का बड़ा हिस्सा एक ही पार्टी बीएनपी के खाते में गया, जबकि विपक्षी ताकतें सीमित, बिखरी हुई और वैचारिक रूप से खंडित दिखाई देती हैं। मतदान प्रतिशत अपेक्षाकृत ऊंचा रहा, जो यह संकेत देता है कि जनता ने चुनाव को महज़ औपचारिकता नहीं माना, बल्कि उसे सत्ता-परिवर्तन का माध्यम समझा। हालांकि यह भी सच है कि अवामी लीग की अनुपस्थिति से चुनावी मुकाबला असंतुलित रहा, लेकिन इसके बावजूद जनमत का संदेश दो-टूक है। पुरानी सत्ता संरचना से मोहभंग और नए विकल्प की तलाश। यह जनादेश मूलतः तीन संदेश देता है। पहला, जनता सत्ता के केंद्रीकरण से ऊब चुकी थी। दूसरा, आर्थिक असमानता, बेरोज़गारी और संस्थागत भ्रष्टाचार के खिलाफ गुस्सा निर्णायक रूप में वोट में बदला। तीसरा, राजनीति में नैरेटिव बदला है, अब सिर्फ 'स्थिरता' नहीं, बल्कि 'न्याय और समान अवसर' की भाषा असर कर रही है। यही कारण है कि यह चुनाव भावनात्मक नहीं, बल्कि संरचनात्मक बदलाव का संकेत देता है। ऐसा नहीं लगता कि तारीक रहमान के नेतृत्व में आने वाली सरकार सहजता से शासन कर पाएगी। शपथ लेने के साथ ही उनकी असली चुनौती शुरू होती है। नया नेतृत्व जितना शक्तिशाली जनादेश लेकर आया है, उतनी ही बड़ी उसकी ज़िम्मेदारी है। लोकतंत्र में बहुमत ताकत नहीं, उत्तरदायित्व होता है। यदि यह सरकार संस्थाओं को मजबूत करती है, विपक्षी आवाज़ों को सम्मान देती है और चुनावी जीत को 'सहमति की राजनीति' में बदलती है, तो बांग्लादेश एक



नई लोकतांत्रिक स्थिरता की ओर बढ़ सकता है लेकिन यदि बहुमत 'वर्चस्व' में बदल गया, या फिर शेख हसीना की सरकार की तरह शक्तियों का केंद्रीकरण किया जाने लगा तो वही चक्र दोहराया जाएगा, जिससे बांग्लादेश बाहर निकला है। बांग्लादेश के राष्ट्रीय स्तर पर आर्थिक मोर्चे की तस्वीर उतनी चमकदार नहीं है, जितनी राजनीतिक मंच से दिखाई जाती है। विकास दर के दावों के बावजूद ज़मीनी सच्चाई बेरोज़गारी, महंगाई, विदेशी मुद्रा दबाव और असमान विकास की है। शहरी केंद्रों में समृद्धि का भ्रम है, लेकिन ग्रामीण और सीमावर्ती इलाकों में आर्थिक हाशियाकरण अब भी गहरा है। नया शासन अगर सिर्फ मैक्रो-इकोनॉमिक आंकड़ों में उलझा रहा और रोजगार-केंद्रित विकास मॉडल नहीं अपनाया, तो सामाजिक असंतोष जल्द ही राजनीतिक संकट में बदल सकता है। रही बात भारत-बांग्लादेश संबंधों की तो पिछले दशक में यह रिश्ता 'रणनीतिक साझेदारी' से 'रणनीतिक निर्भरता' की ओर बढ़ा था। ऊर्जा, ट्रांज़िट, व्यापार, सीमा-सुरक्षा के स्तर पर भारत की भूमिका निर्णायक रही, लेकिन सत्ता परिवर्तन के साथ ही इस रिश्ते की भाषा बदलेगी। हो सकता है कि नया शासन भारत को सहयोगी तो माने, लेकिन एकमात्र रणनीतिक विकल्प नहीं। यह फर्क सूक्ष्म है, पर निर्णायक। भारत अब 'स्वाभाविक साथी' रहेगा, पर 'विशेषाधिकार प्राप्त साझेदार' की उसकी भूमिका बदलती दिखाई दे रही है। यह बदलाव सीधे दक्षिण एशिया की जियो-पॉलिटिक्स को प्रभावित करेगा। बांग्लादेश का झुकाव बहु-ध्रुवीय विदेश नीति की ओर होगा,जहां भारत, चीन, खाड़ी देश, दक्षिण-पूर्व एशिया सभी समानांतर विकल्प होंगे। इसका अर्थ है कि भारत का क्षेत्रीय वर्चस्व नैरेटिव कमजोर हो सकता है और प्रतिस्पर्धात्मक कूटनीति का युग शुरू होने जा रहा है। यह केवल कूटनीतिक नहीं, बल्कि भू-आर्थिक प्रतिस्पर्धा भी होगी-बंदरगाह, लॉजिस्टिक्स, निवेश और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के स्तर पर। अब बांग्लादेश का जुड़ना इस क्षेत्र को एक ऐसे मोड़ पर ले जाएगा, जहां भारत को नेतृत्व 'स्वाभाविक' नहीं, बल्कि 'अर्जित' करना होगा। यानी सहयोग विश्वास से बनेगा, दबाव से नहीं। भारत के लिए यह क्षण आत्ममंथन का है। पड़ोस-नीति को सुरक्षा-केंद्रित चश्मे से देखने का समय अब खत्म हो रहा है। भारत को बांग्लादेश को "रणनीतिक फ्रंटलाइन" नहीं, बल्कि "समान साझेदार" के रूप में देखना होगा। भारत को अब शेख हसीना के समय में उपजे व्यक्तिवाद के समर्थन की रणनीति के बजाय कूटनीति का लोकतंत्रीकरण कर, आगे बढ़कर संबंधों का नवीकरण करना होगा।

शिक्षा, संस्कृति, युवा, मीडिया और नागरिक संवाद के स्तर पर निवेश बढ़ाना होगा। आर्थिक सहयोग का नया मॉडल,सिर्फ परियोजनाएं नहीं, बल्कि स्थानीय रोजगार-केंद्रित निवेश बनाना होगा और भाषा में संयम लाना पड़ेगा। भारत एवं बांग्लादेश दोनों देशों की सरकारों को समझना होगा कि हर मुद्दे को सुरक्षा समस्या बनाना रिश्तों को खोखला करता है। बहु-पक्षीय मंचों पर सक्रियता बिम्सटेक, क्षेत्रीय व्यापार मंचों और समुद्री सहयोग ढांचों में नेतृत्व संभालना है तो व्यावहारिक बना होगा और नई सरकार को समर्थन देते हुए शेख हसीना के मुद्दे को भी सुलझाना होगा। सच यह है कि भारत यदि बांग्लादेश को "प्रभाव-क्षेत्र" की तरह देखेगा, तो वह उसे धीरे-धीरे खो देगा और यदि उसे "साझा भविष्य" का भागीदार मानेगा, तो यह रिश्ता और गहरा होगा।

इतिहास गवाह है कि जो देश पड़ोस में लोकतंत्र को अवसर मानते हैं, वे स्थिर रहते हैं; जो उसे ख़तरा मानते हैं, वे अस्थिर होते हैं। बांग्लादेश ने अपना रास्ता चुन लिया है। अब भारत की बारी है कि वह अपनी राह चुने और एक-एक कर उसे दूर होते पड़ोसियों को चीन या पाकिस्तान की गोद में बैठने से बचाए।

(लेखक राजनीतिक समीक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## दिवस विशेष

मुनीष भाटिया



# शिव दर्शन से सत्ता और न्याय का संतुलन संभव

आज के समय में जब समाज अनेक संकटों से जूझ रहा है, तब शिवजी की यह शिक्षा और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। अगर सामाजिक दृष्टि से देखा जाए, तो शिव का संदेश स्पष्ट है- समानता और समावेशिता। वे सभी वर्गों को समान दृष्टि से देखते हैं, चाहे वे किसी भी पृष्ठभूमि से आते हों। हम आधुनिक समाज में जाति, धर्म, वर्ग और संप्रदाय के नाम पर बंटे हुए हैं। हमारा सामाजिक ढांचा इतनी गहराई तक विभाजित हो चुका है कि हम मनुष्य की वास्तविक पहचान को भूल चुके हैं। शिव हमें यह सिखाते हैं कि किसी व्यक्ति की पहचान उसकी कर्मशीलता, उसकी सोच और उसके आचरण से होती है, न कि उसके जन्म से। अगर हम उनके इस सिद्धांत को आत्मसात करें, तो समाज में व्याप्त असमानता, भेदभाव और वैमनस्य को खत्म किया जा सकता है। इसके अलावा, मानसिक तनाव और अवसाद आज एक वैश्विक समस्या बन चुके हैं। लोग भौतिक सुख-सुविधाओं की दौड़ में इतने व्यस्त हो गए हैं कि मानसिक शांति खोते जा रहे हैं। शिव का योग और ध्यान से जुड़ा दर्शन यह दर्शाता है कि मानसिक शांति के लिए आंतरिक संतुलन आवश्यक है। वे विलासिता से दूर रहते हैं और सरलता को अपनाने का संदेश देते हैं। शिवजी के जीवन में एक और महत्वपूर्ण पक्ष है-उनकी सादगी। वे एक महान योगी हैं, जो भौतिक सुख-सुविधाओं से दूर रहते हैं। वे कैलाश पर्वत पर निवास करते हैं, जो ठंड और कठोरता का प्रतीक है। उनके शरीर पर भस्म लगी होती है, जो यह दर्शाती है कि सांसारिक मोह-माया का अंत निश्चित है। वे यह संदेश देते हैं कि जीवन का असली आनंद भौतिक वस्तुओं में नहीं, बल्कि संतोष में है। आधुनिक समय में हम एक उपभोक्तावादी संस्कृति में जी रहे हैं, जहां हर कोई अधिक से अधिक भौतिक सुख-साधनों की लालसा रखता है। इस लालसा का कोई अंत नहीं है, और अंततः यह मानसिक अशांति और सामाजिक असंतुलन को जन्म देती है। शिव का दृष्टिकोण हमें यह सिखाता है कि जीवन में संतुलन बनाए रखना आवश्यक है, न तो पूरी तरह भौतिकता में डूबना सही है और न ही पूरी तरह से विमुख होना। शिव का जीवन मितव्ययिता और श्रम की महत्ता को दर्शाता है। उनकी विचारधारा हमें यह सिखाती है कि संसाधनों का न्यायसंगत वितरण होना चाहिए और श्रम को उचित सम्मान मिलना चाहिए।

यदि हम इस दर्शन को अपनाएं तो धन और संसाधनों का अधिक समान वितरण सुनिश्चित कर सकते हैं। भगवान शिव केवल एक देवता नहीं हैं, वे एक संपूर्ण जीवन दर्शन हैं। शिव को त्याग, संतुलन और न्याय का प्रतीक माना जाता है। वे उन आदर्शों को प्रस्तुत करते हैं, जो किसी भी समाज, अर्थव्यवस्था और शासन प्रणाली के लिए महत्वपूर्ण होते हैं। उनका जीवन संदेश देता है कि शक्ति का सही उपयोग समाज कल्याण के लिए होना चाहिए, न कि व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए। वे त्याग, तपस्या, न्याय और संतुलन के प्रतीक हैं। उनका व्यक्तित्व जितना सरल है, उतना ही गूढ़ भी। वे संहार करते हैं, लेकिन केवल तभी जब समाज में अन्याय, अधर्म और अराजकता अपनी चरम सीमा पर पहुंच जाती है। शिवजी को नीलकंठ कहा जाता है क्योंकि उन्होंने समुद्र मंथन से निकले विष को अपने गले में धारण किया था। यह विष सम्पूर्ण संसार को नष्ट कर सकता था, लेकिन शिव ने उसे अपने भीतर समाहित कर लिया ताकि समाज सुरक्षित रहे। इस घटना का गहरा सांकेतिक अर्थ है। यह हमें बताता है कि समाज में बदलाव लाने के लिए, बुराइयों को समाप्त करने के लिए, सही नेतृत्व आवश्यक है। एक ऐसा नेतृत्व जो बलिदान देने को तैयार हो, जो समाज के कल्याण के लिए स्वयं कष्ट उठाने से न हिचके। राजनीतिक दृष्टि से शिव नेतृत्व का एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। वे न्यायप्रिय हैं, लेकिन जब अन्याय अपनी सीमा पार कर लेता है, तो वे कठोर निर्णय लेने में संकोच नहीं करते। यह दृष्टिकोण प्रशासन के लिए एक आदर्श हो सकता है, जहां निर्णय न्याय और नीति के आधार पर लिए जाएं। वे सत्ता और शक्ति का उपयोग व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए नहीं, बल्कि संतुलन बनाए रखने के लिए करते हैं। वे दंड और प्रेम का संतुलन बनाए रखते हैं। यदि हम शिव के विचारों को आत्मसात करें, तो एक अधिक न्यायसंगत, संतुलित और समावेशी समाज का निर्माण संभव है। उनके दर्शन में केवल अतीत की शिक्षाएं नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य की समस्याओं के समाधान भी छिपे हैं। आज जब विश्व परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है, तब हमें शिव के संतुलन, न्याय और कर्मशीलता के सिद्धांत को अपनाने की आवश्यकता है, ताकि समाज, अर्थव्यवस्था और राजनीति में सकारात्मक बदलाव लाया जा सके।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# सफलता पाने के लिए मन पर अंकुश जरूरी




संकलित
**दर्शन**

मन अधिक चंचल है, क्योंकि वह माया में रमा हुआ है। उसे जीवन सफलता के मार्ग पर अग्रसर करने के लिए बड़े अंकुश की आवश्यकता होती है। परमात्मा के भय से बड़ा कोई नियंत्रक नहीं है। वह दृष्टिगोचर नहीं है। फिर भी सर्वव्यापी है। उसके कोई अधिकारी नहीं हैं। फिर भी उसका राज्य अनंत एवं व्यवस्था अति सुचारु है। उसने कोई संविधान नहीं बनाया। फिर भी वह गुण-दोष परखकर फल देता जा रहा है। परमात्मा अंतर्यामी है। कुछ भी उसकी दृष्टि से ओझल नहीं है। उसका न्याय होकर रहता है। सांसारिक विधानों से बचा जा सकता है, किंतु परमात्मा की परम शक्ति से नहीं। परमात्मा की सत्ता को स्वीकार कर उसके अनुसार जीवन व्यतीत करना ही दंड से बचने का एकमेव उपाय है। परमात्मा निराकार है, किंतु उसका कौतुक जीवन को प्रत्यक्षतः प्रभावित करता है। परमात्मा का सबसे बड़ा प्रभाव मनुष्य का तन है, जो पांच तत्वों जल, वायु, अग्नि, धरती और आकाश के संयोग से बना है। ये पांचों तत्व परस्पर विपरीत प्रकृति के हैं। वे एक साथ नहीं रह सकते। परमात्मा की ही महिमा है कि एक साथ जीव के तन में बस रहे हैं। इससे बड़ा चमत्कार कोई और नहीं हो सकता। परमात्मा ने अगण्य जीव रचे हैं और नित्य रचता जा रहा है। वह जीवों को रचता ही नहीं, उनका प्रतिपालन भी करता है। उसकी कृपा एवं उसका दंड पल-पल संसार में प्रकट होते हैं। वह राजा से रंक, रंक से राजा, ज्ञानी से अज्ञानी एवं अज्ञानी से ज्ञानी बना रहा है। उसकी लीला वही जानता है।

# गणेशजी ने मुनि का मार्ग प्रशस्त किया



संकलित
**प्रेरणा**

अगस्त्य नाम के ऋषि थे, वे समुद्र के किनारे कठोर व्रत कर रहे थे, वहाँ से कुछ दूरी पर एक पक्षी अपने अंडो को से रहा था। उसी समय समुद्र में तूफान सी लहरे उठने लगी, पानी चढ़ने लगा और पानी अपने साथ अंडो को बहा ले गया, पक्षी बहुत दुःखी हुआ और उसने प्रतिज्ञा की कि मैं समुद्र के जल को समाप्त कर दूंगी और अपने चोंच में सागर के जल को भर भर कर फेंकने लगी ऐसा करते करते उसे काफी समय बित गया, समुद्र का जल घटा ही नहीं। वह दुःखी मन से अगस्त्य मुनि के पास गई और अपनी व्यथा सुना समुद्र को सुखाने की प्रार्थना की। अगस्त्य मुनि ने ध्यान से पक्षी की व्यथा सुनी और चिंता व्यक्त की। ऋषि विचार करने लगे की मैं कैसे इस पक्षी की सहायता कर सकता हूं। उन्हें चिंता होने लगी की मैं कैसे समुद्र के जल को पी कर सुखा सकूंगा। विचार करते हुए अगस्त्य मुनि ने गणेश जी का स्मरण किया और संकट चतुर्थी व्रत को पूरा किया। तीन मास व्रत करने से गणेश जी प्रसन्न हो गए। गणेशजी ने मुनि का मार्ग प्रशस्त किया चौथ व्रत की कृपा से अगस्त्य मुनि ने प्रेम से समुद्र को पी कर सुखा दिया और पक्षी की प्रतिज्ञा को पूरा किया। प्रतिज्ञा पूरी होने से पक्षी भी खुश हुआ।

## सटाका




## आज की पाती

### रोजगार निगल जाएगी एआई तकनीक

कुछ समय पहले अमेरिका में मैकिन्से ग्लोबल इंस्टीच्यूट की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि एआई अमेरिका में भी रोजगार पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है। इसमें बताया गया है कि वर्ष 2030 तक वहां बहुत से लोगों का रोजगार यह तकनीक छीन सकती है। पुरुषों से ज्यादा महिलाओं की नौकरी इस तकनीक से जा सकती है। कुछ लोग एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के अवसर में भी मौका ढूंढने के पक्ष में विचार रख रहे हैं। परिवर्तन प्रकृति का भी नियम है, लेकिन यह जरूरी नहीं कि कोई परिवर्तन हर किसी के लिए लाभदायक ही हो।

- सतीश चौबे, भिलाई

## ट्रेंड

### समृद्ध राष्ट्र की नींव



आर्थिक प्रगति से समृद्धि बढ़ती है तथा तकनीकी प्रगति नवाचार, दक्षता और प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देती है। ये एक समृद्ध राष्ट्र की नींव रखते हैं। लेकिन नैतिकता-विहीन आर्थिक और तकनीकी विकास समाज में असंतुलन पैदा कर सकते हैं।

**- द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति**

### हर रोज नया बहाना



संसद को बाधित करने के लिए हर रोज नया बहाना गढ़ना अब कांग्रेस की कार्यशैली नहीं, उसकी पहचान बन चुकी है। नेता प्रतिपक्ष होते हुए भी राहुल गांधी ने जिम्मेदारी का नहीं, अराजकता का रास्ता चुना है। झूठ बोलो और बार-बार बोलो की राजनीति अब उनकी राजनीतिक पहचान है।

**- धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री**

### विशेषाधिकार प्रस्ताव लाएं



एफआईआर हो, मुकदमा दर्ज हो या विशेषाधिकार प्रस्ताव लाएं - मैं किसानों के लिए लड़ूंगा। जो भी ट्रेड डील किसानों की रोज़ी-रोटी छीने या देश की खाद्य सुरक्षा को कमजोर करे, वह किसान-विरोधी है।

**- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**

### 'सेवा तीर्थ' का उद्घाटन



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'सेवा तीर्थ' का उद्घाटन नए भारत की आधुनिक कार्य संस्कृति का एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। पीएमओ, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय और कैबिनेट सचिवालय का एक ही छत के नीचे आना 'न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन' को चरितार्थ करेगा।

**- भजनलाल शर्मा, सीएम, राजस्थान**

## करंट अफेयर

# पाकिस्तान में नौ शेर व दो जिराफ को दया मृत्यु दी गई



पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में असाध्य वंशानुगत बीमारियों से पीड़ित नौ शेरों और दो जिराफों को 'दया मृत्यु' दे दी गई। लाहौर सफारी पार्क में लगभग 30-40 शेर हैं, जबकि जिराफों की यह जोड़ी अक्टूबर 2025 में दक्षिण अफ्रीका से लाई गई थी। वन्यजीव विभाग के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को बताया कि नौ में से सात शेर सफारी पार्क के थे, जबकि दो स्थानीय चिड़ियाघरों से लाए गए थे। पंजाब की वरिष्ठ मंत्री मरियम औरंगजेब ने कहा कि बीमार शेरों को पशु चिकित्सकों की सलाह पर प्रांत के विभिन्न चिड़ियाघरों से लाहौर सफारी पार्क भेजा गया था। मंत्री ने एक बयान में कहा, /"कुछ शेर असाध्य वंशानुगत बीमारियों से ग्रस्त थे, जबकि कुछ ऐसे रोग से पीड़ित थे जिनका कोई प्रभावी इलाज संभव नहीं था।/" उन्होंने कहा कि पशु चिकित्सकों और वन्यजीव विशेषज्ञों की एक समिति ने इन मामलों की समीक्षा की थी। मंत्री ने कहा, /"लाइलाज बीमारियों से पीड़ित पशुओं को आगे की पीड़ा से बचाने के लिए 'दया मृत्यु' देना वैश्विक स्तर पर मानक प्रथा है और पाकिस्तान के वन्यजीव कानूनों में भी इसका प्रावधान है।

## ऑफ बीट

# आपकी विशिष्ट गंध देगी बीमारी की जानकारी



हमारे शरीर से हर सेकंड सैकड़ों रसायन हवा में प्रवाहित होते हैं। ये रसायन हवा में आसानी में घुल जाते हैं क्योंकि इनमें वाष्प का दबाव अधिक होता है, जिसका अर्थ है कि वे उबल जाते हैं और कमरे के तापमान पर गैस में बदल जाते हैं। वे इस बात का पता देते हैं कि हम कौन हैं और कितने स्वस्थ हैं। प्राचीन यूनानी काल से, हम जानते हैं कि जब हम अस्वस्थ होते हैं तो हमारी गंध अलग-अलग होती है। जबकि आज हम रक्त विश्लेषण पर भरोसा करते हैं, प्राचीन यूनानी चिकित्सक बीमारियों के निदान के लिए गंध का उपयोग करते थे। आपकी सांस का एक झोंका लेकर वह बता सकते थे कि आपको फेटोर हेपेटिकस (मतलब खराब लीवर) है, तो इसका मतलब होता था कि आप लीवर की बीमारी की ओर बढ़ सकते हैं। यदि किसी व्यक्ति की सांस की हवा में मीठापन या फलों की गंध होती थी, तो चिकित्सकों का निष्कर्ष होता था कि पाचन तंत्र में शर्करा टूट नहीं रही है, और उस व्यक्ति को संभवतः मधुमेह है। विज्ञान ने तब से दिखाया है कि प्राचीन यूनानी सही थे - जिगर की विफलता और मधुमेह तथा संक्रामक रोगों सहित कई अन्य बीमारियाँ आपकी सांसों को एक विशिष्ट गंध देती हैं। 1971 में, नोबेल पुरस्कार विजेता रसायनज्ञ लिनुस पॉलिंग ने सांस में 250 विभिन्न गैसीय रसायनों की गिनती की।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

*नई दिल्ली। भारतीय सेना ने अग्निवीर भर्ती 2026 की अधिसूचना जारी कर दी है, जिसमें जनरल ड्यूटी (जीडी), टेक्निकल, क्लर्क/स्टोरकीपर टेक्निकल, ट्रेड्समैन, सिपाही फार्मा, सैनिक टेक्निकल नर्सिंग असिस्टेंट और महिला मिलिट्री पुलिस जैसी विभिन्न श्रेणियों में 25,000 पदों पर भर्ती की जानी है। इन रिक्तियों के लिए पंजीकरण प्रक्रिया आज, 13 फरवरी से शुरू हो गई है और 1 अप्रैल, 2026 तक जारी रहेगी। इच्छुक उम्मीदवार भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट joinindianarmy.nic.in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।*

### इंडियन आर्मी अग्निवीर भर्ती का इंतजार हुआ खत्म, आवेदन प्रक्रिया हुई शुरू

# अग्निवीरों को तोहफा : आयु सीमा में एक साल की हुई बढ़ोतरी, भर्ती का नोटिफिकेशन जारी

**आठवीं से स्नातक योग्यता वाले करें आवेदन**

ये रिक्तियां पद के अनुसार आठवीं से बारहवीं पास और स्नातक तक की योग्यता वाले उम्मीदवारों के लिए हैं। पिछले वर्षों की तुलना में आयु सीमा बढ़ा दी गई है, ऊपरी आयु सीमा में एक वर्ष की छूट दी गई है। अब 17.5 से 22 वर्ष की आयु के उम्मीदवार अग्निवीर जीडी, तकनीकी, क्लर्क/स्टोर कीपर और ट्रेड्समैन पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं।

**सभी वर्गों के उम्मीदवारों को रजिस्ट्रेशन फीस अनिवार्य**

इंडियन आर्मी अग्निवीर भर्ती के लिए आवेदन करने वाले सभी वर्गों के उम्मीदवारों को रजिस्ट्रेशन फीस का भुगतान करना अनिवार्य है। रजिस्ट्रेशन शुल्क सभी कैटेगरी के उम्मीदवारों के लिए 250 रुपये निर्धारित की गई है।



**तीन चरणों में होगी पूरी भर्ती प्रक्रिया**

इंडियन आर्मी अग्निवीर भर्ती की चयन प्रक्रिया में तीन चरण होते हैं- कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी), भर्ती रैली और दस्तावेज सत्यापन। ऑनलाइन परीक्षा में सामान्य ज्ञान, सामान्य विज्ञान, गणित, लॉजिकल रीजनिंग, फिजिक्स, केमिस्ट्री, कंप्यूटर साइंस और सामान्य अंग्रेजी जैसे विषय शामिल होते हैं, जो पद के अनुसार भिन्न होते हैं।

**सिपाही फार्मा व टेक्निकल के लिए भी बढ़ी आयु** : वहीं सिपाही टेक्निकल (एनए/एनए वेटरन) के लिए आयु सीमा 17.5 से 23 वर्ष है, जबकि सिपाही फार्मा के लिए यह 19 से 25 वर्ष है। यह छूट अधिकतम आयु सीमा बढ़ाने की व्यापक मांग के बाद दी गई है, और हालांकि सभी श्रेणियों के लिए इसे बढ़ाकर 23 वर्ष करने का अनुरोध था, सरकार ने अधिकांश पदों के लिए आंशिक रूप से एक वर्ष की वृद्धि प्रदान की है।

**विभिन्न पदों के लिए अलग-अलग मापदंड**

ग्रुप डिस्कशन (जीडी) पदों के लिए प्रश्नपत्र में 50 प्रश्न 100 अंकों के होते हैं, जबकि तकनीकी और क्लर्क/स्टोरकीपर पदों के लिए 50 प्रश्न 200 अंकों के होते हैं और विषय भिन्न होते हैं। सीबीटी उत्तीर्ण करने वाले उम्मीदवार भर्ती रैली में शामिल होते हैं, जिसमें 1.6 किमी दौड़, पुल-अप्स, 9 फीट की खाई, जिग-जैग संतुलन, शारीरिक माप परीक्षा और चिकित्सा परीक्षा शामिल होती है।

**जेसीओ धार्मिक शिक्षक**

हिन्दू कैंडिडेट शास्त्री/आचार्य संस्कृत कर्म कांड विषय में एक साल का डिप्लोमा किया हो। आरटी बुद्धिस्ट के लिए बैचलर डिग्री किसी भी स्ट्रीम में, आरटी मौलवी के लिए मुस्लिम कैंडिडेड किसी भी स्ट्रीम से बैचलर डिग्री, आलिम ऐराबिका, अदीब ए माहिर/उर्दू माहिर उर्दू। इसी तरह आरटी पादरी, आरटी ग्रंथी के लिए भी बैचलर डिग्री और संबंधित विषय की नॉलेज होनी चाहिए।

---

**खबर संक्षेप**

### पूर्व मंत्री खडसे पत्नी सहित अदालत में हुए पेश



**मुंबई।** पुणे में एक विवादित भूमि सौदे से जुड़े कथित धन शोधन मामले में आरोपी महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री एकनाथ खडसे और उनकी पत्नी शुक्रवार को मुंबई की एक विशेष अदालत के समक्ष पेश हुए, जिसके परिणामस्वरूप अदालत ने उनके खिलाफ जारी गैर-जमानती वारंट को रद्द कर दिया। सांसदों, विधायकों के मामलों के विशेष न्यायाधीश महेश जाधव ने पिछले सप्ताह दंपति के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया था क्योंकि वे अदालत में पेश नहीं हुए थे, जहां मामले में आरोप तय करने के लिए उनकी उपस्थिति आवश्यक थी।

### फिल्मकार विक्रम भट्ट की पत्नी को मिली जमानत



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने प्रसिद्ध फिल्मकार विक्रम भट्ट की पत्नी श्वेतांबरी भट्ट को करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी के एक मामले में जमानत दे दी। उच्चतम न्यायालय ने राजस्थान पुलिस और शिकायतकर्ता अजय मुर्डिया से 18 फरवरी तक जवाब मांगा है और कहा है कि वह विक्रम भट्ट की जमानत याचिका पर एक दिन बाद विचार कर सकता है।

### पुलवामा हमले की बरसी से पहले तलाशी अभियान



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर के मशहूर लाल चौक इलाके में सुरक्षा बलों ने शुक्रवार को औचक तलाशी अभियान चलाया। यह जांच 2019 के पुलवामा आत्मघाती हमले की सातवीं बरसी से पहले की गई, जिसमें सीआरपीएफ के 40 जवानों की जान चली गई थी। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने होटल में तलाशी अभियान चलाया और वहां ठहरे लोगों के कमरों और सामान की जांच की। पुलिसकर्मियों ने होटल में ठहरे मेहमानों के पहचान पत्रों की भी जांच की।

---

29 दिसंबर तक मांगे गए थे आवेदन, दावेदारों में बाहरी भी

# बिलासपुर कुलपति के लिए 64 आवेदन, सर्च कमेटी ने भेजे तीन नाम, इसके साथ कतार में रायगढ़ व पत्रकारिता विश्वविद्यालय भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप


अटल बिहारी वाजपेयी विवि बिलासपुर को नए सत्र के पहले नया कुलपति मिल जाएगा। बिलासपुर विवि के लिए कुलपति चयन की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। अटल बिहारी विवि के वर्तमाल कुलपति प्रो.एडीएन वाजपेयी का कार्यकाल इस माह समाप्त हो रहा है। कुलपति का कार्यकाल समाप्त होने के पर्याप्त समय पहले ही यहां आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई थी। दिसंबर अंत तक आवेदन मांगे गए थे। सूत्रों के अनुसार, 64 आवेदन बिलासपुर विवि के प्राप्त हुए थे। इनमें कुलपति बनने की योग्यता रखने वाले राज्य के प्राध्यापकों के साथ-साथ दूसरे राज्यों से भी आवेदन प्राप्त हुए हैं।

9 फरवरी को सर्च कमेटी की बैठक आयोजित की गई। सूत्रों के अनुसार, कुलपति पद के लिए तीन नामों का पैनल तैयार कर राजभवन भेजा गया है। चयनित उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। गौरतलब है कि अटल बिहारी वाजपेयी विवि को अब तक स्थानीय कुलपति नहीं मिल पाया है। दूसरे राज्यों के शिक्षाविदों की ही नियुक्ति कुलपति के रूप में होती रही है। बिलासपुर विवि के साथ-साथ रायगढ़ विवि और पत्रकारिता विवि में भी कुलपति की नियुक्ति होनी है।

**29 दिसंबर तक मांगे गए थे आवेदन, दावेदारों में बाहरी भी**

**पत्रकारिता विवि को एक वर्ष से इंतजार**

आवेदन प्रक्रिया समय रहते प्रारंभ हो जाने के कारण बिलासपुर विवि में कुलपति का पद अधिक समय के लिए रिक्त नहीं रहेगा। लेकिन पत्रकारिता विवि में कुलपति का इंतजार पिछले एक वर्ष से हो रहा है। पूर्व कुलपति प्रो.बलदेव भाई शर्मा का कार्यकाल मार्च में समाप्त हो गया था। इसके बाद से प्रभारी कुलपति के भरोसे यहां काम हो रहा है। कुलपति के लिए विज्ञापन जारी कर उसे रद्द किया गया था। नियमों में संशोधन कर पुनः आवेदन मांगे गए। इस कारण भी प्रक्रिया में विलंब हुआ। सूत्रों के अनुसार, यहां भी कुलपति पद के लिए तीन नाम राजभवन भेजे जा चुके हैं।



**अगस्त में विज्ञापन, अब तक नियुक्ति नहीं**

नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ में भी कुलपति का पद रिक्त है। यहां बीते वर्ष अगस्त माह में आवेदन मांगे गए थे। आवेदन समाप्त हुए कई माह बीत जाने के बाद भी यहां राजभवन कुलपति की नियुक्ति नहीं कर सका है। परीक्षा सहित अन्य आवश्यक कार्यों को छोड़कर विकास संबंधित कार्य यहां भी बाधित हैं। यहां कुलसचिव का पद भी पांच माह से खाली था, जिस पर बीते दिनों तरूण दीवान की नियुक्ति की गई है।

---

# पूर्व सीजेआई गवई बोले- बिल संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन नहीं करता

### वन नेशन-वन इलेक्शन पर रक्षा पक्ष

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वन नेशन, वन इलेक्शन को लेकर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) का निष्कर्ष के करीब है। जेपीसी की बैठक में सुप्रीम कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश भूषण रामकृष्ण गवई ने अपना पक्ष रखा। भारत के पूर्व चीफ जस्टिस बीआर गवई ने गुरुवार को संयुक्त संसदीय समिति को बताया कि एक साथ चुनाव कराने वाला बिल संविधान के बेसिक स्ट्रक्चर का उल्लंघन नहीं करता है। भाजपा सांसद पीपी चौधरी की अगुवाई वाली संयुक्त संसदीय समिति के सामने पेश होने वाले छठे पूर्व सीजेआई जस्टिस बीआर गवई ने कहा कि अगर यह बिल लागू होता है, तो इससे न तो संघीय संरचना पर असर पड़ेगा और न ही लोकतांत्रिक शासन के तरीके पर, बल्कि यह प्रस्तावित कानून बेसिक स्ट्रक्चर के मुताबिक होगा।



**वोटरों के अधिकार वही रहते हैं**

पूर्व सीजेआई ने कहा कि एक देश एक चुनाव बिल आमतौर पर 129वें संविधान (संशोधन) बिल के नाम से जाना जाता है, चुनावों के तरीके में सिर्फ एक बार बदलाव लाता है, जबकि चुनावों का स्ट्रक्चर और वोटरों के अधिकार वही रहते हैं। सभी पार्टियों को अपने राजनीतिक हित को किनारे रखकर इस प्रपोजल का समर्थन करना चाहिए।

**प्रस्तावित कानून देश के हित में : चौधरी** : गवई के सपोर्ट से उत्साहित भाजपा सांसद पीपी चौधरी ने कहा कि विपक्षी पार्टियों को बिल का सपोर्ट करने के लिए रूलिंग अलायंस में शामिल होना चाहिए ताकि प्रस्तावित कानून एक जैसा बन सके और लोकसभा और विधानसभा चुनावों को एक साथ कराने का रास्ता साफ हो सके। उन्होंने रिपोर्टर्स से कहा कि यह देश के हित में है।

**सभी पार्टियों से समर्थन की उम्मीद**

पूर्व चीफ जस्टिस ने इस आलोचना को खारिज कर दिया जिसमें पार्लियामेंट के अधिकार पर सवाल उठाया गया था क्योंकि बिल राज्यों पर भी असर डालता है और कहा कि लेजिस्लेचर के पास अधिकार है। भारत में 1967 तक एक साथ चुनाव होते थे। विपक्षी पार्टियों के पूरे ग्रुप ने इस बिल की निंदा करते हुए इसे भारत के फेडरल स्ट्रक्चर पर हमला बताया है और इसके समर्थन में सरकार की दलीलों पर सवाल उठाए हैं।

---

# पंच-सरपंच, पार्षद पति नहीं चलेगा, प्रॉक्सी प्रतिनिधि की नियुक्ति पर रोक का आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों की निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधियों के पारिवारिक रिश्तेदार-नातेदार अब उनके प्रॉक्सी प्रतिनिधि या लायजन पर्सन के रूप में काम नहीं कर सकेंगे। राज्य सरकार के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने इनकी नियुक्ति पर रोक का आदेश जारी किया है। यही नहीं, निकायों से यह ब्योरा भी मांगा गया है कि किस महिला प्रतिनिधि के रिश्तेदार यह काम कर रहे हैं।

**अब बताओ कितने रिश्तेदार हैं प्रतिनिधि**

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने सभी नगरीय निकायों को एक प्रोफार्मा भेजकर रिश्तेदारी में बने प्रतिनिधियों का ब्योरा कुछ बिंदुओं के आधार पर मांगा है। जिले और निकाय के नाम के साथ सासंद और विधायक द्वारा नियुक्त प्रतिनिधि का नाम, यह भी बताना होगा कि नगर निगम, पालिक व नगर पंचायत के महापौर, सभापति, अध्यक्ष या पार्षद के पारिवारिक सदस्य रिश्तेदार हैं या नहीं। यदि रिश्तेदार हैं को किस महिला प्रतिनिधि के रिश्तेदार है, उनका नाम और पदनाम भी बताना होगा।

**निकायों को आदेश- बताओ किसके रिश्तेदार बने हैं प्रतिनिधि**



**अब जारी हुआ ये आदेश**

इस संबंध में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों के रिश्तेदारों की प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त पर रोक लगाने का आदेश दिया है। यह आदेश राज्य के सभी नगर निगम आयुक्त, पालिकाओं और नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को भेजा गया है।

---

# तमिलनाडु: थलापति विजय की चुनावी रैली के दौरान एक व्यक्ति की मौत

एजेंसी ▶▶| सलेम

तमिलनाडु के सलेम में शुक्रवार को अभिनेता से नेता बने थलापति विजय की तमिलगा वेत्री कड़गम की चुनावी रैली में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान 37 वर्षीय सूरज के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह हीटस्ट्रोक के कारण बेहोश हो गया था, जिसके बाद उसे नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि सूरज को हार्ट अटैक भी आया था। बता दें कि विजय फिल्मों से सन्यास ले चुके हैं। हालांक उनकी आखिरी फिल्म भी कानूनी पचड़े में फंसी हुई है। जननायका के रिलीज होने का मुहूर्त निकलता नहीं दिख रही है। वहीं दूसरी और उनका राजनैतिक करियर विवादों में आता जा रहा है।



**रैली में बोले विजय- हमारा वोट सीटी के लिए**

यह रैली आगामी तमिलनाडु विधानसभा चुनावों (2026) से पहले पार्टी की तैयारी का हिस्सा थी। विजय ने यहां कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए वोट के बदले नकदी की राजनीति पर निशाना साधा और कहा कि अब तमिलनाडु में ऐसी राजनीति नहीं चलेगी। विजय ने भीड़ से वादा लेने को कहा- /"मेरा वोट मेरा अधिकार है, कोई हमें खरीद नहीं सकता, हमारा वोट सीटी के लिए है।/"

**टीवीके रैली से पहले बनाई थी सख्त सुरक्षा योजना**

पिछले साल करूर हादसे के बाद से टीवीके को काफी आलोचना झेलनी पड़ी थी। इसलिए इस बार की रैली से पहले पार्टी ने सख्त सुरक्षा योजना बनाई थी। मौके पर भीड़ को रोकने के लिए भारी पुलिस बल की तैनात था और प्रत्येक प्रवेश द्वार पर वाहनों की जांच और यातायात मार्गों में बदलाव किए गए थे। उन्होंने अपनी रैली में एक बार फिर दोहराया है कि उनकी पार्टी किसी से गठबंधन नहीं करेगी।

---

**महाशिवरात्रि...**



नाडिया। शिवरात्रि पर जगह-जगह स्थापित होने वाली भगवान शिव की मूर्तियों को अंतिम रूप प्रदान करता कलाकार।

---

### तीस्ता नदी में कार गिरने से दो लोगों की मौत

**गंगटोक।** पश्चिम बंगाल के कलिम्पोंग जिले में शुक्रवार तड़के राष्ट्रीय राजमार्ग-10 पर तीस्ता नदी में एक कार गिर गई, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना में जान गंवाने वाले दोंनो लोग सिक्किम के निवासी थे। मृतकों की पहचान अनिकेत प्रसाद (25) और अमन गुप्ता (23) के रूप में हुई है, दोनों गंगटोक के निवासी थे। दुर्घटना में कुणाल गुप्ता और पवन कुमार प्रसाद घायल हो गए उनका इलाज कराया जा रहा है। पुलिस के अनुसार यह दुर्घटना तड़के पांच बजे राष्ट्रीय राजमार्ग-10 पर स्थित 29वें मील पर हुई।

---

**भोपाल में 15 फरवरी को किन्नर अखाड़ा का होगा समागम**

# 'किन्नर जिहाद' पर बवाल: 250 ट्रांसजेंडर करेंगे 'घर वापसी', नियुक्त होंगे पहले 'शंकराचार्य'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

ट्रांसजेंडर समुदाय को कथित धार्मिक शोषण और धर्मांतरण से बचाने के लिए किन्नर अखाड़े ने एक बड़े कदम का ऐलान किया है। अखाड़े के संस्थापक के अनुसार 15 फरवरी को भोपाल के लालघाटी इलाके में एक भव्य अभिषेक समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें समुदाय के अपने आध्यात्मिक प्रमुखों की घोषणा की जाएगी। भारत के पहले किन्नर अखाड़े के 50 साल के संस्थापक ऋषि अजय दास ने घोषणा की है कि 'किन्नर जिहाद' और समुदाय के भीतर बढ़ रहे धर्मांतरण के खतरों से निपटने के लिए महाशिवरात्रि के दिन किन्नर समुदाय अपने 'शंकराचार्य', 'महामंडलेश्वर' और 'महंत' बनाएगी। चुने गए 'शंकराचार्य' की पहचान कार्यक्रम के दौरान बताई जाएगी। उस दिन भोपाल में करीब 250 ट्रांसजेंडर वापस हिंदू धर्म अपना लेंगे।

**2016 में सिंहस्थ में बनाया था किन्नर अखाड़ा**

ऋषि अजय दास साइंस में पोस्ट-ग्रेजुएट हैं और जिन्होंने 2016 में उज्जैन में सिंहस्थ कुंभ मेले के दौरान किन्नर अखाड़ा बनाया था। उन्होंने आरोप लगाया कि किन्नर समुदाय 'इस्लामीकरण' और शोषण का सामना कर रही है। उन्होंने कहा कि ट्रांसजेंडर्स के रहने की जगहें 'जिहादियों' के लिए सुरक्षित जगह बन गई हैं, क्योंकि आम लोग और पुलिस इन जगहों से बचते हैं।



**हिंदु किन्नरों का किया जा रहा इस्लामीकरण**

इस पहल का हिस्सा किन्नर नेता काजल ठाकुर ने हाल ही में आरोप लगाया था कि हिंदू ट्रांसजेंडर्स को इस्लाम अपनाने के लिए मजबूर किया जा रहा है और समुदाय के कुछ लोगों के पाकिस्तान और बांग्लादेश में टेरर फंडिंग से लिंक हैं। विश्व हिंदू परिषद के सपोर्ट वाले प्रदर्शनकारियों के एक ग्रुप ने भोपाल कलेक्टर को एक ज्ञापन दिया था जिसमें आरोप लगाया गया था कि एक लोकल ट्रांसजेंडर लीडर 'किन्नर जिहाद' और जबरन धर्म बदलने में शामिल हैं।

**राजस्थान के पुस्कर में बनाई जाएगी पीठ**

समुदाय के अंदर के लोगों के मुताबिक, ग्रुप ने राजस्थान के पुष्कर में एक 'पीठ' (सीट) बनाने का फैसला किया है, जो उनके 'शंकराचार्य' की परमानेंट सीट के तौर पर काम करेगी। पुष्कर को इसलिए चुना गया क्योंकि यहां भगवान ब्रह्मा का एकमात्र मंदिर है।

---

# सोते हुए लोगों पर टूटा हाथियों का कहर, 6 की ले ली जान

एजेंसी ▶▶| रांची

झारखंड के चुरचू प्रखंड के गोंदवार गांव में गुरुवार देर रात एक दर्दनाक हादसा हो गया। हाथियों के हमले में 6 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में एक ही परिवार के चार सदस्य शामिल हैं। घटना रात करीब 1 से 2 बजे के बीच की बताई जा रही है। हादसे के बाद पूरे गांव में शोक और डर का माहौल है। ग्रामीणों के अनुसार, पांच हाथियों का झुंड अचानक बस्ती में घुस आया। उस समय ज्यादातर लोग गहरी नींद में थे। हाथियों ने कई कच्चे घरों को तोड़ दिया। जान बचाने के लिए जो लोग घरों से बाहर निकले, वे हाथियों की चपेट में आ गए। कुछ ही मिनटों में गांव में अफरा-तफरी मच गई। गांव के लोगों ने शोर मचाकर और टॉर्च जलाकर हाथियों को भगाने की कोशिश की, लेकिन हाथियों का झुंड काफी देर तक गांव के आसपास बना रहा। सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन, पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने सभी शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



## महाशिवरात्रि पर्व पर मंदिरों में तैयारियां पूर्ण

# अखंड रामायण पाठ शुरू, रूद्राभिषेक और बारात कल

**जबलपुर।** भगवान भोलेनाथ के विवाह उत्सव के पर्व महाशिवरात्रि की तैयारियां जोर-शोर से चल रही है महाशिवरात्रि का पर्व कल 15 फरवरी दिन रविवार को पूरी श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जायेगा। शिव मंदिरों में आज से अखंड रामायण पाठ प्रारंभ होंगे, कल भोलेनाथ का रुद्राभिषेक होगा और वहीं कल भरतीपुर से भगवान भोलेनाथ की बारात निकाली जायेगी। भरतीपुर स्थित शिव पार्वती मंदिर में जोर-शोर से तैयारियां चल रही है।

### शिव पंचायतन मंदिर में चारों पहर का अभिषेक कल

नर्मदा तट गौरीघाट स्थित हजारों वर्ष प्राचीन शिव पंचायतन मंदिर में 15 फरवरी रविवार को शाम 7 बजे से चार पहर का अभिषेक होगा, जो सुबह तक चलेगा। ज्योतिष गणना के अनुसार जबलपुर में मां नर्मदा तट के खारीघाट स्थित प्राचीन गोंडवाना काल के शिव पंचायतन मंदिर में पूजन का अलग महत्व है। पौराणिक ग्रंथों के आधार पर नर्मदा तट पर शिव पंचायतन मंदिर अपने आप में दुर्लभ माना गया है, इस प्राचीन मंदिर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 15 फरवरी रविवार को शाम सात बजे से चार पहर का पूजन अभिषेक शुरु होगा जो सुबह तक चलेगा, इस पूजन अभिषेक का दर्शन करने का महत्व भी किसी पूजन से कम नहीं है। महाअभिषेक पूजन प्रसिद्ध यज्ञाचार्य, भागवत कथा वाचक पंडित राधेश्याम शर्मा शास्त्री के निर्देशन में 11 विप्र पुरोहितों द्वारा सम्पन्न कराया जाएगा।



### महाशिवरात्रि पर सुरक्षा के होंगे महाप्रबंध

जमहाशिवरात्रि का महापर्व श्रद्धालुओं के लिए विशेष महत्व रखता है, और इस अवसर पर शिव भक्तों तथा कांवाड़ियों की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए पुलिस प्रशासन ने अपनी पूरी तैयारी कर ली है। इस साल 15 फरवरी को महाशिवरात्रि के मौके पर शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक प्रमुख मंदिरों में पुलिस बल तैनात किया जाएगा।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, सुरक्षा व्यवस्था के तहत सभी एएसपी और सीएसपी अपने-अपने क्षेत्रों में व्यवस्था की निगरानी करेंगे, ताकि किसी भी प्रकार की कोई समस्या न उत्पन्न हो। शहर के विभिन्न हिस्सों में भक्तों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए सादी वर्दी में पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाएगी, जो भक्तों के बीच अपनी उपस्थिति बनाए रखेंगे।

### बैठकों का दौर जारी

एसपी सम्पत उपाध्याय के निर्देशन में शहर एवं देहात थानों के थाना प्रभारी आयोजकों के साथ बैठकें कर रहे हैं और आवश्यक दिशा-निर्देश साझा कर रहे हैं, ताकि हर आयोजन शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न हो सके।

### 4 जोना में बांटा गया शहर

पुलिस प्रशासन ने शहर की सुरक्षा व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए ड्रोन कैमरों का भी सहारा लिया है। इसके अलावा, शहर को 4 प्रमुख जोन में बांटने की योजना बनाई जा रही है, साथ ही 5-6 सेक्टर बनाए जाएंगे। विशेष रूप से पांच बड़े मंदिरों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुरक्षा का सामना न करना पड़े।

### यातायात का अलग प्लान

यातायात की दृष्टि से भी पुलिस ने अपने इंतजाम पुख्ता किए हैं। शोभायात्रा के दौरान मार्गों की विशेष निगरानी रखी जाएगी, ताकि ट्रैफिक अवरुद्ध न हो और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। कई स्थानों पर रूट डायवर्ट करने पर भी विचार किया जा रहा है, ताकि यातायात का प्रवाह सुचारू रूप से चलता रहे।

### क्या बजेगा उसपर भी नजर

इसके अलावा, शोभायात्रा के दौरान धार्मिक गीतों का प्रसारण केवल उन गीतों का किया जाएगा जो सभी की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हों। किसी भी ऐसे गीत को बजाने से बचने की सलाह दी गई है, जो किसी की भावना को आहत कर सकते हैं।

### प्रसाद वितरण के लिये भी दिशा निर्देश

प्रसाद वितरण के दौरान यह सुनिश्चित किया जाएगा कि वितरण स्थल पर किसी प्रकार की भीड़ न हो और आवागमन में कोई बाधा उत्पन्न न हो। इस प्रकार, महाशिवरात्रि के अवसर पर शिव भक्तों की सुरक्षा और व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन की कड़ी तैयारी से यह पर्व शांति और उल्लास के साथ मनाया जाएगा।



## स्वामी राघव देवाचार्य ने बहुमुखी कैलेंडर का विमोचन किया

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ जबलपुर सेठ गोविंददास अस्पताल विभागीय समिति के कैलेंडर का विमोचन जगदगुरु स्वामी राघव देवाचार्य द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कर्मचारियों में राष्ट्रीय हित की भावना सर्वोपरि होना चाहिए, उसके बाद अपने विभाग व कार्यालय के विकास पर पूर्ण ध्यान देना चाहिए जिससे कर्मचारियों के परिवार का भरण-पोषण आसानी से हो सके। आयोजन में पूज्य सुरेन्द्र आनंद महाराज अंतर्राष्ट्रीय भागवताचार्य भी मौजूद रहे। साथ ही संघ के अटल उपाध्याय, देवेन्द्र पचौरी, आलोक अग्निहोत्री, बृजेश मिश्रा, एसपी बाथरे, निशांक तिवारी, अंकित चौरसिया, शैलेन्द्र दुबे, वीरेन्द्र चंदेल, अमित पटेल, सतीश देशमुख, सुशील गर्ग, रामबिहारी पटेल सहित संघ अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।



## साहू युवा संस्था हर्षोल्लास से मनाएगी माँ कर्मा देवी जन्मोत्सव

**जबलपुर।** माँ कर्मा साहू युवा संस्था की आयोजित आवश्यक बैठक में सर्वसम्मति से दीपक साहू अध्यक्ष, अनिल साहू सचिव, धीरज साहू को कोषाध्यक्ष एवं सुनील साहू सरजू को पुनः उपाध्यक्ष पद पर चुना गया। बैठक में संरक्षक लखन साहू, सुधीर साहू, कमल साहू, प्रकाश साहू, सतीश साहू गोटू, सुरेन्द्र साहू, एड. सुरेश साहू, एड. सौरभ साहू, सुमित साहू, गगन साहू, दीपक साहू उपस्थित रहे। दीपक साहू ने बताया कि माँ कर्मा के जीवन से संबंधित झांकियां, सांस्कृतिक कार्यक्रम और मेधावी छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथियों द्वारा 15 फरवरी को माँ कर्मा जन्मोत्सव पर सम्मानित किया जाएगा। संस्था के पदाधिकारियों ने समाज के सभी नागरिकों से माँ कर्मा जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मनाने की अपील की है।

## संत-महंतों ने महंत राजेश्वरानंद को मंदिर संचालन की जिम्मेदारी सौंपी

### श्री लक्ष्मी नारायण आश्रम में संत समागम व भंडारा, राम-जानकी मंदिर की व्यवस्था का दायित्व सौंपा

**जबलपुर।** सुहागी स्थित श्री लक्ष्मी नारायण आश्रम में 06 फरवरी 2026 को संत समागम एवं भंडारे का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम श्री राम जानकी जनकल्याण समिति एवं आश्रम की पीठाधीश्वर महंत साध्वी सवितादास माताजी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। आमंत्रित जगद्गुरु स्वामी नरसिंह देवाचार्य महाराज सहित संत-महंतों एवं ब्राह्मणों का शाल, श्रीफल एवं पुष्पहारों से स्वागत-सम्मान किया गया। संत पूजन के उपरांत आश्रम द्वारा संचालित धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान महंत साध्वी सवितादास माताजी ने मंदिर पूजन एवं संचालन व्यवस्था हेतु महंत राजेश तिवारी उर्फ राजेश्वरानंद महाराज को दायित्व सौंपा। साथ ही वसीयत के माध्यम से



मां रेवा कॉलोनी, सुहागी स्थित राम-जानकी मंदिर के संपूर्ण संचालन, देखभाल एवं व्यवस्था का अधिकार उन्हें प्रदान किए जाने की घोषणा की। समारोह में जबलपुर साधु मंडल के संत-महंतों की विशेष उपस्थिति रही, जिनमें रामजी शरण, प्रकाशानंद, रामेश्वरानंद (गौ आश्रम), नारायण दास, दिलीप दास, ताराचंद्र, सुमन दास, संगीता गिरी, मंडल के कोतवाल, रामदास, नगर सभा मंत्री संतोष शास्त्री एवं संपर्क प्रमुख धर्माचार्य मुन्ना पांडे सहित अनेक संतजन शामिल रहे।

कार्यक्रम में समिति पदाधिकारियों व गणमान्य नागरिकों में अध्यक्ष सविताढास माताजी, उपाध्यक्ष मोहित तिवारी, सचिव पं. हरिशंकर तिवारी, कोषाध्यक्ष राजेश महाराज, संयुक्त सचिव सरिता तिवारी, सदस्य विनोद कुमार दुबे, अभिषेक निगम, धर्मेन्द्र ताम्रकार, विधि सलाहकार एडवोकेट पं. श्याम तिवारी, बृजेन्द्र पाण्डेय, बद्री प्रसाद मिश्रा, पं. शिवराम मिश्रा, राजकुमार तिवारी, आर.के. द्विवेदी, अश्विनी कुमार द्विवेदी, योगेश सिंह राणा सहित क्षेत्रीय नागरिक मौजूद रहे। संत-महंतों एवं विद्वतजनों ने आयोजन की सराहना करते हुए महंत साध्वी सविताढास माताजी को शुभकामनाएं दीं तथा सनातन धर्म के लिए किए जा रहे उनके कार्यों की प्रशंसा की। अंत में श्रद्धालुओं को पूजन प्रसाद एवं भंडारे का वितरण किया गया।



## लेबर कोड के विरोध में कर्मचारियों ने एक घंटा लेट प्रवेश कर जताया विरोध

**राष्ट्रीय हड़ताल के समर्थन में रक्षा नागरिक कर्मचारियों का कार्य बहिष्कार**

**जबलपुर।** चार लेबर कोड के विरोध में केंद्रीय ट्रेड यूनियनों द्वारा आहूत एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल के समर्थन में रक्षा नागरिक कर्मचारियों ने गुरुवार को एक घंटा देरी से ड्यूटी जॉइन कर विरोध दर्ज कराया। अखिल भारतीय रक्षा कर्मचारी संघ (AIDEF), जो तीन लाख से अधिक रक्षा नागरिक कर्मचारियों का प्रमुख संगठन है, ने श्रम संहिता में किए गए बदलावों के विरोध में रक्षा प्रतिष्ठानों के सामने एक घंटे के प्रदर्शन और कार्य बहिष्कार का आह्वान किया था। 12 फरवरी 2026 को देशभर में दो लाख से अधिक रक्षा नागरिक कर्मचारियों ने व्यापक प्रदर्शन करते हुए एक घंटा विलंब से ड्यूटी पर पहुंचकर हड़ताल का समर्थन किया। जबलपुर स्थित विभिन्न सुरक्षा संस्थानों में AIDEF से संबद्ध यूनियनों के प्रतिनिधियों एवं सैकड़ों कर्मचारियों ने एक घंटा देरी से प्रवेश कर और विलंब से पंचिंग कर विरोध दर्ज कराया। AIDEF के राष्ट्रीय अध्यक्ष कॉमरेड एस.एन. पाठक, महासचिव कॉमरेड सी. श्रीकुमार एवं राष्ट्रीय संगठन मंत्री कॉमरेड अर्नब दासगुप्ता ने कर्मचारियों को सफल भागीदारी के लिए बधाई दी। वहीं आयुध निर्माणी खमरिया से पुष्पेंद्र सिंह, सुकेश दुबे, सिमेंद्र रजक, सुरेश कन्ना, दिनेश नामदेव एवं हरीश चौबे ने सभी कर्मचारियों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

## एमपी ट्रांसको में कैशलेस स्वास्थ्य बीमा योजना 1 मार्च से लागू होगी

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) में कार्यरत कार्मिकों, पेंशनर्स एवं फैमिली पेंशनर्स के हित में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए 1 मार्च से कैशलेस स्वास्थ्य बीमा योजना लागू करने के आदेश जारी किये गए हैं। यह निर्णय कार्मिकों और उनके परिजनों को बेहतर एवं त्वरित स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में बड़ा कदम है। यह बीमा स्वास्थ्य योजना लागू होने से कुल 11265 कार्मिक, पेंशनर्स और उनके परिजन लाभान्वित होंगे.इस योजना से एमपी ट्रांसको के लगभग 7351 कार्यरत कार्मिकों और उनके परिजन तथा 3914 पेंशनर्स एवं फैमिली पेंशनर्स को लाभ मिलेगा। अब उन्हें चयनित अस्पतालों में उपचार के लिए अग्रिम भुगतान की आवश्यकता नहीं होगी, जिससे गंभीर परिस्थितियों में आर्थिक दबाव कम होगा।कार्मिकों और पेंशनर्स द्वारा चयनित विकल्प के अनुसार उनके वेतन एवं पेंशन से प्रीमियम की कटौती इसी माह से प्रारंभ की जा रही है। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने इस योजना के लागू किए जाने के निर्णय पर कहा कि यह न केवल सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करेगी, बल्कि ऊर्जा विभाग के मानव संसाधन के प्रति संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता को भी दर्शाती है।

## 27 कृतियों का विमोचन आज

**जबलपुर।** कला, साहित्य, संस्कृति को समर्पित पाथेय संस्था के तत्वावधान में अंबर स्वामी अनंत की तीन कृतियां, वंदना सोनी विनम्र की 12 एवं विजय बेशर्म की 12 इस तरह 27 कृतियों का विमोचन शनिवार 14 फरवरी को अपरान्ह 2:30 बजे से होटल समदड़िया इन रसल चौक में आयोजित है। महाकवि आचार्य भगवत दुबे एवं महामहोपाध्याय डॉ. हरिशंकर दुबे के सानिध्य में समारोह के मुख्य अतिथि दर्शन सिंह चौधरी सांसद नर्मदा पुरम होंगे। अध्यक्षता कुशलेन्द्र श्रीवास्तव गाडरवारा करेंगे। सारस्वत अतिथि वरिष्ठ चिकित्सक साहित्यकार डॉ. पी.एस. बिंद्रा भोपाल एवं डॉ. अरुण कुमार तिवारी प्राचार्य नवोदय विद्यालय होंगे। समारोह संयोजक राजेश पाठक प्रवीण ने बताया कि इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप सिंह प्रयागराज, सुरेश सोनी, हरीश कुमार कोरी गाडरवारा, अर्चना द्विवेदी गुदालू को उनकी बहुआयामी उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया जाएगा।

## शोध शिखर 2026 में ज्ञान गंगा संस्थान के विद्यार्थियों की उल्लेखनीय उपलब्धि

**जबलपुर।** रविन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय (RNTU) भोपाल में आयोजित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन "शोध शिखर 2026" में ज्ञान गंगा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एण्ड साइंसेज के विद्युत एवं इलेक्ट्रानिक्स इंजीनियरिंग विभाग के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट सहभागिता करते हुए संस्थान का नाम रोशन किया।

विभागाध्यक्ष डॉ. रुचि पांडेय के मार्गदर्शन एवं मेंटर प्रोफेसर अमित गुप्ता के निर्देशन में विद्यार्थियों ने सोलर पैनल डिटेक्टर एवं मॉनीटरिंग सिस्टम विषय



पर आधारित अपनी नवाचारी परियोजना को पीपीटी के माध्यम से प्रभावी प्रस्तुतिकरण किया। विद्यार्थियों की यह परियोजना हरित ऊर्जा, नवीकरणीय संसाधनों के उपयोग एवं सतत विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास के रूप में सम्मेलन में सराही गई। इस परियोजना टीम में तनिष चौरसिया, गौतम पटेल, राजसिंह ठाकुर, सतेन्द्र पटेल एवं श्रृष्टि दीन शामिल थे।



## प्रगत शैक्षिक अध्ययन संस्थान में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का तृतीय दिवस संपन्न

**जबलपुर।** प्रगत शैक्षिक अध्ययन संस्थान में 13 फरवरी 2026 को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के तृतीय दिवस का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती एफ. इक्का एवं विशिष्ट अतिथि सिक्योरिटी हाईकोर्ट निरीक्षक धनकुमार धुर्वे (टी.आई.) द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के क्रीड़ा प्रभारी एवं अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी शेख मुनीर विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन भुवनेश्वर उपाध्याय एवं प्रदीप तिवारी ने किया, जबकि फाइल वर्क श्री आशीष तिवारी एवं रामकृष्ण साहू द्वारा संपादित किया गया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के आचार्यगण—डॉ. ए.एन. माथुर, डॉ. ज्योत्सना दुबे, ललिता सप्रा, अर्चना दुबे, कु. रीनू मोर, डॉ. ज्योति खरे, जी.पी. यादव, डॉ. आर.एन. पटेल, विनीत सिंह चौहान, केशव नन्दन पटेरिया, अल्पना खरे, मृदुला शुक्ला, डॉ. सारिका चौकसे, मेघना सिंह ठाकुर सहित स्टॉफ सदस्य उपस्थित रहे। साथ ही संभाग के विभागीय शिक्षक एवं गैर-विभागीय छात्राध्यापक (एम.एड., बी.एड.) भी प्रतियोगिता में सम्मिलित हुए। आयोजन को सफल बनाने में सत्यप्रकाश त्यागी, संतोष तिवारी, कालीचरण राय, अमित ठाकुर, अरविन्द तिवारी, राजेश यादव, अभिषेक कुर्मी, लक्ष्मण धुर्वे एवं शिवशंकर धुर्वे का सराहनीय सहयोग रहा।

## कांग्रेस में "एक व्यक्ति, एक पद" नीति प्रारंभ

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव राजेन्द्र पाल सिंह (प्रिंस सलूजा) ने बताया कि इन दिनों कांग्रेस अपने संगठन को मजबूत और अधिक सक्रिय बनाने की दिशा में लगातार प्रयास कर रही है, इसी क्रम में पार्टी द्वारा "एक व्यक्ति, एक पद" की नीति पर सख्ती से अमल किया जा रहा है। जिसके चलते मैंने (प्रिंस सलूजा ने) अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश सचिव पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने बताया कांग्रेस संगठन में यह निर्णय इसलिए लिया गया है ताकि ज्यादा से ज्यादा कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी जा सके और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत किया जा सके। इसी नीति के तहत जिन पदाधिकारियों के पास एक से अधिक जिम्मेदारियां थीं उनसे एक पद छोड़ने के लिए कहा गया है। कांग्रेस नेताओं का मानना है कि एक व्यक्ति, एक पद की नीति से संगठन में पारदर्शिता बढ़ेगी और नई नेतृत्व क्षमता को उभरने का अवसर मिलेगा।

# 44वीं तेज चाल प्रतियोगिता का आयोजन 22 फरवरी को

### 65 वर्ष से अधिक आयु के बाहरी प्रतिभागी भी भाग ले सकेंगे

**जबलपुर।** एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड की केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में 44 वीं तेज चाल प्रतियोगिता का आयोजन रविवार 22 फरवरी को किया गया है। यह प्रतियोगिता प्रातः 6.30 बजे रामपुर परिसर स्थित पाण्डुताल मैदान से शुरू होगी।

### 60 वर्ष से अधिक आयु के प्रतिभागी विशेष रूप से आमंत्रित

तेज चाल प्रतियोगिता में बिजली कंपनियों में कार्यरत एवं सेवानिवृत्त कार्मिकों के अलावा उनके पति-पत्नी, माता-पिता, सास-श्वसुर भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के महिला-पुरूषों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है और इन्हें प्रतियोगिता में भाग लेने पर सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता में 65 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के बाहरी महिला व पुरूष प्रतिभागियों को भी भाग लेने का अवसर दिया गया है।

### 13 वर्गों में प्रतिभागी भाग ले सकेंगे

तेज चाल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले पुरूष व महिला प्रतिभागियों के लिए 21 वर्ष से 75 वर्ष तक की आयु समूह में कुल दस वर्ग बनाए गए हैं। सुरक्षा वभिाग एवं खलिाड़ियों के लिए पृथक से तीन वर्ग बनाए गए हैं। सभी 13 वर्गों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

### महिलाओं व पुरूषों के लिए पृथक मार्ग

प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के लिए पाण्डुताल मैदान से अलग-अलग मार्ग तय किए गए हैं। महिला एवं 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के पुरूष प्रतिभागियों को पाण्डुताल मैदान से शुरू हो कर एमओ क्वाटर्स, तरंग प्रेक्षागृह, शक्तिभवन का मेन गेट तिराहा, जलपरी रोड, तीन बत्ती तिराहे का चेक पोस्ट तक चल कर वापस उसी मार्ग से पाण्डुताल मैदान तक आना होगा। पुरूष एवं सुरक्षा विभाग के कार्मिक व खिलाड़ियों के लिए प्रतियोगिता पाण्डुताल मैदान से शुरू हो कर एमओ क्वाटर्स, तरंग प्रेक्षागृह, शक्तिभवन का मेन गेट तिराहा, जलपरी रोड, तीन बत्ती, नयागांव एरिया स्टोर, हनुमान चौकी एवं इसी मार्ग से वापस पाण्डुताल मैदान पर समाप्त होगी।

### दौड़ने वाले होंगे अयोग्य

सभी प्रतिभागियों को प्रतियोगिता तेज चाल के द्वारा ही पूर्ण करनी होगी और जो प्रतिभागी दौड़ेंगे उन्हें प्रतियोगिता से अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागी केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के सचिव वित्त देवेन्द्र चढ़ोकार से 9425806385, कार्यालय प्रभारी अजय उशेकरवार से 9424657122 व एथलेटिक्स प्रभारी मिथिलेश सिंह से 9981812016 मोबाइल नंबर पर सम्पर्क कर सकते हैं।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**जबलपुर।** पनागर थाना अतंर्गत कुशनेर रिंग रोड ब्रिज के पास सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।पनागर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार कुशनेर पिपरिया निवासी 33 वर्षीय अमन पटेल गत रात लगभग 9 बजे कृष्णा मैरिज गार्डन रैपुरा में शादी अटेंड करके एक्टिवा क्रमांक एमपी 20 एसए 7675 से घर कुशनेर पिपरिया आ रहा था। रात 9.20 बजे कुशनेर रिंग रोड ब्रिज के पास अमन का एक्सीडेंट हो गया, जिससे उसके सिर पर गंभीर चोटें आ गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही उसका बड़ा भाई धर्मेंद्र पटेल, सागर पटेल और अभय पटेल के साथ मौके पर पहुंचा, जहां अमन मृत अवस्था में पड़ा मिला। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

**CHANGE OF ADDRESS**
I, Satish Kumar, Army No. NYA-JC-15685445L, Rank: NB SUB, son of Dewlal Prasad, aged about 43 years I have changed of my Address from Village Ritudih, Po - Siwandih, Ps- Marafari, Teh - Chas, NRS Bakaro, Dist -Bokaro Steel City, State Jharkhand - 827010, (Address as per my army service records) to Flat No. 203-D Block, Dutt Garden View, Village - Tilhari, Post - Bilhari, Ps- Gorabazar, Teh - Ranjhi, NRS - Jabalpur, Dist - Jabalpur (MP)- 482020. (Address as per my AADHAR CARD NO. 5135 9647 9548 Affidavit dated 13/02/2026 by Public Notary Jabalpur (MP)

**सरनेम सुधार सूचना**
मैं, आकृति राय w/o सौरभ राय निवासी 252/8 सुभाष रेलवे कॉलोनी, सिविल लाईन जबलपुर में निवासरत हूँ। मेरा शादी के पूर्व नाम समस्त रिकॉर्ड में आकृति चौकसे D/o श्री रमा शंकर चौकसे दर्ज है। मेरा विवाह सौरभ राय S/o स्व. S.P. राय निवासी शहपुरा जिला-डिण्डौरी से दिनांक 24.04-2017 को सम्पन्न हुआ था। शादी के बाद से मेरा नाम आकृति राय w/o श्री सौरभ राय हो गया है। यह कि श्रीमती आकृति राय एवं आकृति चौकसे दोनों ही नाम मेरे अर्थात एक ही महिला के है। जिस वास्ते शपथ पत्र प्रस्तुत है।

**नाम सुधार सूचना**
मैं, रिचा पटैल पिता श्री घनश्याम सिंह ठाकुर पति श्री महेन्द्र पटेल आयु करीब 35 वर्ष निवासी-2229/4 न्यू कंचनपुर अधारताल जिला जबलपुर म.प्र. शपथपूर्वक कथन करती हू कि मैं उपरोक्त पते की स्थायी निवासी हूँ, मेरे समस्त दस्तावेजो में मेरा नाम रिचा ठाकुर दर्ज है। मेरा विवाह महेन्द्र पटेल के साथ जिला जबलपुर में संपन्न हुआ है। विवाह के पश्चात से मुझे श्रीमति रिचा पटैल पति महेन्द्र पटेल के नाम से जाना पहचाना व पढा लिखा जाने लगा है। चूंकि रिचा पटैल एवं रिचा ठाकुर दोनो एक ही महिला अर्थात मेरे ही नाम है। अपने नाम से सबंधित जानकारी बाबत् यह शपथपत्र पेश करती हूँ।
DD 214123

**न्यायालय नायब तहसीलदार मझौली जिला - जबलपुर (म.प्र.)**
रा.प्र.क.-1531/अ-6/2025-26 मझौली, दिनांक 11/02/2026
**आम इश्तहार**
एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की आवेदक दशोदा पिता जगरूपा पति जगदीश लोधी निवासी गौरहा भिटौनी तहसील मझौली जिला- जबलपुर म.प्र. द्वारा मौजा दिनारी खम्हरिया प.ह.नं. 74 रा.नि.मं. पोंडा (नवीन बरगी) तहसील मझौली (नवीन पोंडा), जिला - जबलपुर स्थित भूमि पुराना खसरा नंबर 1594 रकवा 0.328 हेक्टे. नया खसरा नंबर 1909 रकवा 0.2900 हेक्टे. भूमि में क्रेता जगरूपा वल्द घसीटा लोधी निवासी गौरहा भिटौनी तहसील मझौली के नाम नामांतरण करने बावत आवेदन पेश किया गया हैं, जिसका प्रकरण इस न्यायायल में विचाराधीन हैं।
उक्त नामांतरण किए जाने में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह नियत दिनांक 26/02/2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी लिखित आपत्ति पेश कर सकता हैं। समयवधि बीत जाने के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 11/02/2026 को इस न्यायालय की शील मुद्रा सहित मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
जारी दिनांक 11/02/2026
पेशी दिनांक 26/02/2026
अतिरिक्त तहसीलदार मझौली

**कपड़े और पुराने बर्तन 100 रुपए किलो पर एक्सचेंज**

# रोजमर्रा की जरूरतों के लिए 'स्मार्ट बाजार' एक किफायती विकल्प

## सबसे बड़ा स्मार्ट बाजार एक्सचेंज लांच, एक ही छत के नीचे बचत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंबई

भारत के भरोसेमंद किफायती रिटेल डेस्टिनेशन, स्मार्ट बाजार ने अपना अब तक का सबसे बड़ा स्मार्ट बाजार एक्सचेंज लांच किया है। यह एक राष्ट्रव्यापी पहल है जिसका उद्देश्य परिवारों को एक ही छत के नीचे ज्यादा बचत करने और स्मार्ट तरीके से खरीदारी करने में मदद करना है।

स्मार्ट बाज़ार एक्सचेंज एक सरल और व्यावहारिक समाधान प्रदान करता है। घर की बेकार पड़ी चीज को आज की ज़रूरतों के लिए बचत में बदलें।

### स्मार्ट विकल्प होते हैं स्मार्ट बाजार से शुरू

स्मार्ट बाजार एक्सचेंज के माध्यम से ब्रांड एक बार फिर बचत को सरल, समझदारी भरा और सुलभ बनाने के अपने वादे को दोहराता है यह साबित करते हुए कि जब मूल्य की बात आती है, तो स्मार्ट विकल्प स्मार्ट बाज़ार से शुरू होते हैं।



राष्ट्रव्यापी पहल


### यह सबसे प्रतिस्पर्धी एक्सचेंज मूल्यों में से है एक

### अभियान का स्लोगन 'पुराना बेचो महंगा' और 'नया खरीदो सस्ता'

ग्राहक स्मार्ट बाजार स्टोर्स पर पुराने अखबार, इस्तेमाल किए हुए कपड़े और पुराने बर्तन 100 रुपए प्रति किलो की दर से एक्सचेंज कर सकते हैं, जो बाजार में सबसे प्रतिस्पर्धी एक्सचेंज मूल्यों में से एक है। एक्सचेंज मूल्य स्टोर कूपन के रूप में जारी किया जाता है, जिसे किराने का सामान, घरेलू जरूरत की चीजें और फैशन सहित विभिन्न श्रेणियों में भुनाया जा सकता है, जिससे हर भारतीय परिवार के लिए लचीलापन और प्रासंगिकता सुनिश्चित होती है। स्मार्ट बाजार के सीईओ दामोदर मॉल ने कहा कि स्मार्ट बाज़ार में, मूल्य का मतलब है परिवारों को उनके दैनिक खर्चों को बेहतर ढंग से प्रबंधित करने में मदद करना। स्मार्ट बाजार एक्सचेंज के साथ हम ग्राहकों को एक सरल और पारदर्शी तरीका दे रहे हैं जिससे वे अपनी जरूरत से ज्यादा चीजों को बचत में बदल सकें और तुरंत अपने मासिक जरूरतों पर खर्च कर सकें। यह पहल भारत के सबसे भरोसेमंद मूल्य गंतव्य होने के हमारे वादे को और मजबूत करती है।

# ऊंटों के पास भी होगा पासपोर्ट!

## सऊदी अरब ने लिया ये अनोखा फैसला




**रियाद।** सऊदी अरब ने ऊंटों के लिए आधिकारिक कैमल पासपोर्ट सिस्टम लॉन्च कर दिया है। इसकी घोषणा उप पर्यावरण, जल और कृषि मंत्री मनसूर अलमुशैती ने की। यह पहल सऊदी विजन 2030 का हिस्सा है, जिसका मकसद पारंपरिक सेक्टर को आधुनिक बनाना है। सरकार चाहती है कि ऊंटों से जुड़ा पूरा तंत्र साफ, व्यवस्थित और भरोसेमंद बने।

### क्यों जरूरी था ऊंट पासपोर्ट

अरब दुनिया में ऊंट सिर्फ जानवर नहीं, बल्कि तहजीब और रोजमर्रा की जिंदगी का अहम हिस्सा हैं। ट्रांसपोर्ट, खेती और व्यापार में इनकी बड़ी भूमिका है। अब पासपोर्ट के जरिए हर ऊंट की पहचान, मालिकाना हक और सेहत का पूरा रिकॉर्ड रखा जाएगा। इससे खरीद-बिक्री में पारदर्शिता आएगी और गलतफहमी कम होगी।

### कैसा होगा यह कैमल पासपोर्ट

मंत्रालय के अनुसार, यह पासपोर्ट एक डिटेल्ड पहचान दस्तावेज होगा. इसमें ऊंट का माइक्रोचिप नंबर, पासपोर्ट नंबर, नाम, जन्म तिथि, नस्ल, रंग, जन्म स्थान और लिंग दर्ज रहेगा। ऊंट की दोनों तरफ से ली गई तस्वीरें भी होंगी। साथ ही टीकाकरण का पूरा रिकॉर्ड जोड़ा जाएगा, ताकि सेहत पर नजर रखी जा सके।




### क्या बदलेगा इस नए सिस्टम से

इस सिस्टम से ऊंट बाजार में नियम साफ होंगे। मालिकाना हक साबित करना आसान होगा। करीब 22 लाख ऊंटों का डिजिटल डाटाबेस बनेगा। पशुधन प्रबंधन और निगरानी मजबूत होगी। किसी बीमारी के फैलने पर तुरंत कदम उठाया जा सकेगा।

### ऊंटों को मिली आधिकारिक पहचान

यह खबर दिखाती है कि सऊदी अरब किस तरह अपनी परंपरा को तकनीक से जोड़ रहा है। कैमल पासपोर्ट सिर्फ एक दस्तावेज नहीं, बल्कि विरासत और भविष्य के बीच एक नया पुल है। इससे ऊंट उद्योग ज्यादा सुरक्षित, भरोसेमंद और आधुनिक बन सकेगा।


# बंजर रेगिस्तान में नहीं उगता था एक तिनका, आज उग गए 66 अरब पेड़

**बीजिंग।** चीन एक ऐसा देश है, जिसके कारनामे कई बार दुनिया को आश्चर्यचकित कर देते हैं। अब चीन ने बंजर रेगिस्तान में 66 अरब से ज्यादा पेड़ उगाकर लोगों को हैरान कर दिया है। हम बात कर रहे हैं ताकलमाकन रेगिस्तान की, जो चीन के उत्तर-पश्चिम में स्थित है और 'मौत का समुद्र' के नाम से मशहूर है। यहां कभी जीवन के कोई चिह्न नहीं मिलते थे, रेत के टीले हिलते रहते थे, लेकिन आज यहां हरा-भरा घेरा बन चुका है। चीन की ग्रेट ग्रीन वॉल या थ्री-नॉर्थ शेल्टरबेल्ट प्रोग्राम ने इसे संभव बनाया है। 1978 में शुरू हुई इस मेगा परियोजना का लक्ष्य 2050 तक गोबी और ताकलमाकन जैसे रेगिस्तानों के फैलाव को रोकना था। ताकलमाकन रेगिस्तान करीब 3,37,000 वर्ग किलोमीटर में फैला है, जो मोंटाना राज्य जितना बड़ा है।

### बदल कर रख दिया चेहरा

1950 के बाद शहरीकरण और खेती के कारण रेगिस्तान और फैल गया था। लेकिन, चीन ने इसे रोकने के लिए 'ग्रेट ग्रीन वॉल' शुरू की, जिसमें अरबों पेड़ लगाए गए. ताजा रिपोर्ट्स के मुताबिक, अब तक उत्तरी चीन में 66 अरब से ज्यादा पेड़ लगाए जा चुके हैं। नवंबर 2024 में चीन ने घोषणा की कि ताकलमाकन रेगिस्तान के चारों ओर 3,046 किलोमीटर लंबा हरा घेरा पूरा हो गया है। इस घेरे में रेगिस्तान-रोधी पेड़ जैसे रेड विलो, सक्सौल, डेजर्ट पॉपलर आदि लगाए गए हैं। अंतिम 100 मीटर का काम युतियन काउंटी में किया गया। इस प्रोजेक्ट से रेत के टीले स्थिर हो गए हैं और रेगिस्तान अब कार्बन सिंक बन गया है यानी यह वातावरण से ज्यादा $CO_2$ सोखता है, जितना छोड़ता है।

**चीन ने फिर प्रकृति को कर दिया हैरान!**



### हैरान हुए लोग

लाइव साइंस और रॉयटर्स जैसी रिपोर्ट्स बताती हैं कि इस परियोजना से चीन का कुल वन कवर 1949 के 10% से बढ़कर 2024 में 25% से ज्यादा हो गया है। शिनजियांग प्रांत में ही वन कवर 1% से बढ़कर 5% हो गया। रेगिस्तान का फैलाव रुका है, धूल भरी आंधियां कम हुई हैं, खासकर बीजिंग जैसे शहरों में। परियोजना ने 30 मिलियन हेक्टेयर से ज्यादा क्षेत्र में पेड़ लगाए हैं, जो ब्रिटेन से बड़ा इलाका है। यह काम आसान नहीं था। शुरुआती सालों में कई पेड़ मर जाते थे, क्योंकि रेगिस्तान में पानी कम है और मिट्टी खराब है। लेकिन, चीन ने ड्रोन सीडिंग, सैटेलाइट मॉनिटरिंग, एआई और इंटेलिजेंट रोबोट्स का इस्तेमाल किया। सूखा-सहिष्णु प्रजातियां चुनी गई. झुंड में पेड़ लगाए गए, ताकि वे एक-दूसरे को सपोर्ट करें। अब यह क्षेत्र जैव-विविधता का केंद्र बन रहा है, जहां पक्षी, जानवर लौट आए हैं।

### सफल हुआ प्रॉजेक्ट

वैज्ञानिकों का कहना है कि यह दुनिया का सबसे बड़ा इकोलॉजिकल इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट है। यह जलवायु परिवर्तन से लड़ाई में बड़ा योगदान दे रहा है। हालांकि, कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि रेत आंधियों पर असर बहस का विषय है, लेकिन कार्बन सोखने और रेगिस्तान स्थिरीकरण में सफलता साफ है।

# इस गांव में कभी नहीं होती बारिश, फिर भी होती है बढ़िया खेती



**सना।** यमन की राजधानी सना के पास स्थित अल हुतैब गांव दुनियाभर के वैज्ञानिकों, यात्रियों और भूगोलविदों को हैरान करता है। इस गांव की सबसे खास बात यह है कि यहां कभी बारिश नहीं होती। कल्पना कीजिए कि आप ऐसी जगह पर रहते हों जहां बारिश आपके पैरों के नीचे हो रही हो, लेकिन आपका गांव पूरी तरह सूखा रहे। यह कोई फिल्मी सीन नहीं, बल्कि हकीकत है। यमन की राजधानी सना के पास स्थित अल हुतैब गांव दुनियाभर के वैज्ञानिकों, यात्रियों और भूगोलविदों को हैरान करता है। इस गांव की सबसे खास बात यह है कि यहां कभी बारिश नहीं होती।

**आखिर क्या है राज?**

### बादलों से भी ऊपर बसा गांव

अल हुतैब समुद्र तल से करीब 3200 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। आमतौर पर बारिश वाले बादल 1500 से 2000 मीटर की ऊंचाई पर बनते हैं और वहीं बरसते हैं। लेकिन, इस गांव के मामले में बादल गांव से नीचे जमा होते हैं और घाटियों में बारिश करते हैं। यानी गांव के लोग अपने घरों के नीचे गरज-चमक और तेज बारिश का नजारा देखते हैं, जबकि उनका इलाका सूखा रहता है। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि यहां खेती भी सफलतापूर्वक की जाती है। ग्रामीण पहाड़ी ढलानों पर सीढ़ीदार खेती करते हैं। सीधे बारिश न होने के बावजूद वे पारंपरिक तरीकों से पानी इकट्ठा करते हैं। जैसे ओस, धुंध और पहाड़ों से बहकर आने वाला पानी, यह इलाका खासतौर पर उच्च गुणवत्ता वाली यमनी कॉफी के लिए प्रसिद्ध है।



# प्यार से कोसो दूर है वेलेंटाइन डे की कहानी ऐसे हुई थी इस दिन को मनाने की शुरुआत

**नई दिल्ली।** इतिहासकारों के मुताबिक वेलेंटाइन डे की जड़ें प्राचीन रोम के एक त्योहार लुपेर्केलिया से जुड़ी हैं, जो फरवरी के बीच में मनाया जाता था। यह त्योहार प्यार से अलग कुछ अजीब रस्मों के लिए जाना जाता था। कहा जाता है कि इस त्योहार को पुरुषों को ताकतवर दिखाने के लिए सेलिब्रेट किया जाता था । और इसके लिए पुरुष महिलाओं के साथ बदसलूकी किया करता थे। हालांकि, 5वीं सदी में पोप गेलैसियस ने इस त्योहार को बंद करने के लिए 14 फरवरी को सेंट वेलेंटाइन के नाम पर एक धार्मिक दिन घोषित कर दिया। लेकिन, इतिहासकारों का कहना है कि इसका कोई ठोस सबूत नहीं मिलता। यानी लुपेर्केलिया और सेंट वेलेंटाइन को जोड़ने की कहानी बाद में बनाई गई हो सकती है।

**क्या सेंट वेलेंटाइन सच में थे?** -इसका जवाब भी साफ नहीं है। कुछ कहानियों के अनुसार, तीसरी सदी में रोम पर सम्राट क्लॉडियस द्वितीय का शासन था। सम्राट का मानना था कि शादी करने के बाद पुरुषों की ताकत कम हो जाती है। अविवाहित पुरुष बेहतर सैनिक बनते हैं, क्योंकि उन्हें परिवार और प्रेम संबंधों की चिंता नहीं होती। इसी सोच के चलते उन्होंने पूरे रोम में विवाह पर प्रतिबंध लगा दिया था। वहीं, दूसरी ओर पादरी वेलेंटाइन (प्रेमी) सम्राट के आदेश के खिलाफ जाकर प्रेमियों की शादी करवाते थे। उनका मानना था कि 'प्रेम कोई अपराध नहीं, बल्कि ईश्वर का वरदान है।'

**14 फरवरी 270 ईस्वी को संत वेलेंटाइन को दी गई थी फांसी** - अब, जब सम्राट को संत वेलेंटाइन के इस कार्य की जानकारी मिली, तो वे गुस्से से आग बबूला हो उठे। संत को आदेश की अवहेलना और विद्रोह के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया और बाद में उन्हें मृत्युदंड की सजा सुना दी गई। कहानी के अनुसार, 14 फरवरी 270 ईस्वी को संत वेलेंटाइन को फांसी दे गई थी।

# 70 साल की उम्र में दीपाली चलाती हैं अपना टूटा-फूटा भोजनालय

**नई दिल्ली।** हमारी भागती-दौड़ती जिंदगी में हम छोटी-छोटी बातों पर परेशान हो जाते हैं और कई बार हार मानकर बैठ जाते हैं। ऐसे में कुछ कहानियां हमें जगाने के लिए आती हैं और हमें अंदर तक झकझोर देती हैं। ये कहानियां हमें ये सोचने पर मजबूर कर देती हैं कि क्या हमारा जीवन वाकई में उतना परेशानी वाला है, जितनी परेशानी दूसरे लोग सहन कर रहे हैं? ऐसी ही कहानी है बंगाल की 70 साल की दीपाली घोष की, जिनकी असाधारण मेहनत और संघर्ष हमें ये सिखाता है कि कोई भी परेशानी आपके हौसले से बड़ी नहीं हो सकती।



### कौन हैं दीपाली घोष?

इंस्टाग्राम यूजर आराधना चटर्जी ने अपने वॉल पर एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें 70 साल की बुजुर्ग महिला दीपाली घोष की स्टोरी है। दीपाली के पति का निधन हो चुका है और वह अकेले ही बीते 30 सालों से एक टूटा-फूटा भोजनालय चला रही हैं। उन्हें मुश्किल से दिन में 5 ग्राहक ही मिलते हैं, फिर भी उनका हौसला कम नहीं हुआ है। हैरानी की बात ये भी है कि दीपाली इस उम्र में भी जनालय का सारा काम खुद करती है।

### दिल को छूती है कहानी

दीपाली का ये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है और इस वीडियो ने इंटरनेट यूजर्स का दिल जीत लिया है। लोग इस वीडियो को देखकर इमोशनल हो रहे हैं और दीपाली की मदद करने की बात कह रहे हैं। लोगों का कहना है कि इस उम्र में इतनी मेहनत करना लाखों लोगों के लिए प्रेरणा है, जो हार मान बैठते हैं। दीपाली की कहानी दिल को छूती है। एक 70 साल की महिला, जिसका पति नहीं है और परिवार में भी कोई नहीं है, भीख नहीं मांगती, बल्कि अपनी टूटी-फूटी दुकान पर आने वाले ग्राहकों को जितना संभव हो सके, उतना खाना बनाकर खिलाती है।




सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष** – मन परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पिता का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** – नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्च अधिक रहेंगे।

**मिथुन** – कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध से बचें।

**कर्क** – किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते है। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। पारिवारिक समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**सिंह** – परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। सम्मान में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

**कन्या** – संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त हो सकते हैं। अफसरों से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

**तुला** – नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

**वृश्चिक** – मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

**धनु** – सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। परिवार में व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**मकर** – किसी भवन या सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। भाई-बहनों का साथ मिलेगा।

**कुंभ** – आय में वृद्धि तो होगी, परन्तु अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते

**मीन** – शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। आय भी बढ़ेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा।

# एसीसी लिमिटेड के तकनीकी सहयोग से बदली ठेकेदार की विकास यात्रा


## प्रशिक्षण, साइट मार्गदर्शन और आधुनिक तकनीकों से छिंदवाड़ा में निर्माण कार्यों को मिली नई दिशा

**छिंदवाड़ा।** अदाणी पोर्टफोलियो का हिस्सा और देश की तेजी से बढ़ती बिल्डिंग मटेरियल्स एवं सॉल्यूशंस कंपनी एसीसी लिमिटेड मध्य प्रदेश में अपने ऑन-ग्राउंड ठेकेदार नेटवर्क को सशक्त बना रही है। कंपनी प्रशिक्षण, साइट स्तर पर तकनीकी सहयोग और मूल्यवर्धित सेवाओं के माध्यम से स्थानीय पेशेवरों को आधुनिक निर्माण पद्धतियों से जोड़ रही है।

छिंदवाड़ा के ठेकेदार तेजलाल सोनी की विकास यात्रा इसका उदाहरण है। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत मजदूर और मिस्त्री के रूप में छोटे कार्यों से की थी। आधुनिक तकनीकों की सीमित जानकारी के बीच उनकी प्रगति तब शुरू हुई जब निर्माण स्थल पर उनकी मुलाकात एसीसी के इंजीनियर से हुई। नियमित साइट विजिट, निर्माण बैठकों और फील्ड प्रशिक्षण के माध्यम से उन्हें उन्नत निर्माण तकनीकों की जानकारी मिली और बड़े प्रोजेक्ट लेने का आत्मविश्वास विकसित हुआ।

परियोजनाओं के विस्तार के साथ श्री सोनी स्लैब सुपरविजन, स्टील प्लेसमेंट और रिइनफोर्समेंट तकनीकों के लिए एसीसी इंजीनियरों से मार्गदर्शन लेते रहे। उन्होंने मिक्स क्वालिटी और समानता सुनिश्चित करने हेतु इंस्टेंट मिक्स प्रपोर्शन (आईएमपी) जैसे साइट-विशिष्ट समाधानों को अपनाया, जिससे निर्माण की मजबूती और गुणवत्ता में सुधार हुआ तथा ग्राहकों का भरोसा बढ़ा। वर्तमान में श्री तेजलाल सोनी एसीटी (एसीसी सर्टिफाइड टेक्नोलॉजी) जैसी पहलों से जुड़े सक्रिय सदस्य हैं। उनकी सफलता यह दर्शाती है कि एसीसी जमीनी स्तर पर कार्यरत पेशेवरों को तकनीकी ज्ञान, विश्वसनीय सामग्री और एंड-टू-एंड निर्माण सहयोग प्रदान कर क्षेत्रीय विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

## शब्द पहेली - 6138



**बाएँ से दाए**
1. असह्य, नागवार-5
4. कली-3
6. पराया, पंख-2
7. समुद्र-3
8. पिता की बहन-2
10. चौकसी, सुरक्षा-3
11. कृष्ण प्रेमी एक मुस्लिम कवि -4
14. छल, धोखा-3
16. पक्षी, उड़ने वाला-4
17. उम्मीद-2
18. दौरा, पहरेदारी-2
19. धारण करना-4
21. आफत, मुसीबत-3
22. विदिर्ण-2,2
24. प्रकाशित-3
25. बल, जान-2
27. रसदार-3
28. जगत, दुनिया-2
29. नग, मूल्यवान पत्थर-3
30. तृप्त होना-5

**ऊपर से नीचे**
1. जबरन उठा ले जाना-5
2. महोदय (अंग्रेजी-2)
3. नीलिमा-4
4. कुंती पुत्र, राधेय-3
5. वश, अधीन-2
7. संपूर्ण, पूर्ण-2
9. शिकार-3
12. असली, शुद्ध-3
13. हठ करना, रोना -4
15. हारा हुआ, पराजित-3
16. मशवरा, सलाह-4
17. विश्राम-3
18. अभिमान-3
20. भयभीत होना-2,3
21. संभवतः-3
22. टर्पेंटाइन, गंधा बिरोजा-4
23. तरना, स्वीमिंग-3
24. इसे मकड़ी बुनती है-2
26. जी, चित-2
28. संपत्ति-2

**शब्द पहेली - 6137 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | अ | ह | म | क | ■ | जा | य | दा | द | ■ |
| ल | ■ | क | म | र | ■ | न | म | न | ■ | अ |
| व | स | ■ | ता | त | ■ | का | ज | ■ | हा | र |
| कु | ली | न | ■ | ल | ह | र | ■ | रा | ज | मा |
| श | ब | न | म | ■ | म | ■ | आ | स | मा | न |
| ■ | ■ | ■ | सा | फ | स | फा | ई | ■ | ■ | ■ |
| अ | च | र | ज | ■ | फ | ■ | ना | ला | य | क |
| ब | म | न | ■ | ह | र | म | ■ | ल | की | र |
| ता | न | ■ | स | जा | ■ | हा | र | ■ | न | त |
| र | ■ | क | र | म | ■ | ब | ज | न | ■ | ब |
| ■ | ग | फ | ल | त | ■ | त | क | दी | र | ■ |

## सूडोकु नवताल - 6148

★★★☆☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | | 4 | 1 | 7 | | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| 5 | 7 | 3 | 2 | | | | 4 | |
| | | | | 9 | 4 | 8 | | |
| 4 | | 7 | | | | 9 | | 6 |
| | | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | 3 | | | | 6 | 5 | 9 | 1 |
| | | 6 | | | | | | 7 |
| | | 9 | 1 | 8 | | 2 | | 4 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6147 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 5 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 |



# अल्फा के सेट पर आलिया और बॉबी के बीच खटपट

**मुंबई।** यश राज फिल्म्स स्पाई यूनिवर्स की अपकमिंग फिल्म 'अल्फा' की शूटिंग जारी है। पहले ये 2025 में क्रिसमस के मौके पर रिलीज होने वाली थी लेकिन फिर इसे पोस्टपोन कर दिया गया था। फिलहाल इसके सेट पर आलिया भट्ट और बॉबी देओल के बीच खटपट हो गई है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इनके बीच एक सीन को लेकर बहस हुई है। जिसके बाद आदित्य चोपड़ा को सुलह कराने के लिए आना पड़ा। एक रिपोर्ट के अनुसार आलिया भट्ट और बॉबी देओल के बीच सेट पर टेंशन पैदा हो गई है। बताया जा रहा है कि एक्ट्रेस एक सीन में कुछ क्रिएटिव एडवाइस दे रही थीं।



लाइफ Style

# तृप्ति

## ओ रोमियो पर सेंसर बोर्ड ने चलाई कैंची

एजेंसी ⏭ मुंबई

शाहिद कपूर, तृप्ति डिमरी, अविनाश तिवारी स्टारर और विशाल भारद्वाज की डायरेक्टेड 'ओ रोमियो' शुक्रवार, 13 फरवरी को रिलीज हो गई है। इसने बड़े पर्दे पर आने से पहले ही एडवांस बुकिंग के जरिए 3 करोड़ रुपए से ज्यादा का कलेक्शन कर लिया है।

इसको सेंसर बोर्ड के पास भी भेजा गया था, जहां पर इसे 'ए' सर्टिफिकेट दिया गया था। साथ ही इस पर कई कट्स भी लगाए गए। कुछ शब्दों को दूसरे शब्दों से बदला भी गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, 'ओ रोमियो' के डायलॉग्स में बदलाव करने के लिए कहा गया था। जिसमें 'आइटम' को 'कुमारी' से रिप्लेस किया गया है और एक सीन में एक शब्द को म्यूट कर दिया गया। इसके अलावा, कुछ 'अभद्र' शब्दों को भी डिलीट कर दिया गया है। साथ ही इंटीमेट और रोमांटक सीन्स में कोई कट नहीं लगाए गए हैं। हालांकि, कुछ हिंसक सीन्स पर कैंची चली है। रिपोर्ट के मुताबिक, गला काटने वाले क्लोजअप शॉट को 3 सेकेंड छोटा किया गया है। और बाकी के दो शॉट्स में भी 2 सेकेंड कम किया गया है, जिसमें से एक में 'खून से लथपथ सिर पटकने' और दूसरे में एक महिला के मुंह पर खून के छींटे पड़ने का सीन दिखाया गया था। इतना ही नहीं, महिला को थप्पड़ मारने वाले सीन को भी 2 सेकेंड तक घटाया गया है। मूवी में तंबाकू और धूम्रपान विरोधी सीन्स पर टिकर भी जोड़े गए हैं। और सबके डिस्क्लेमर की लंबाई, उसके वॉइसओवर के साथ बढ़ाई गई है। जिससे फिल्म 1 मिनट 57 सेकेंड लंबी हो गई है।

## हॉलीवुड मसाला



# एफ 1 के सीक्वल पर कर रहे हैं काम

**लॉस एंजिल्स।** भारत में हॉलीवुड फिल्मों का भी अच्छा-खासा बाजार है। पिछले साल हॉलीवुड के नामी एक्टर टॉम क्रूज की फिल्म 'मिशन इंपॉसिबल 8' और ब्रैड पिट की फिल्म 'एफ 1' रिलीज हुई। भारतीय बॉक्स ऑफिस पर ब्रैड पिट की फिल्म 'एफ 1' ने पिछले साल अच्छा-खासा कलेक्शन किया था। अब दुनिया भर के दर्शकों के अलावा भारतीय दर्शकों को इस फिल्म के सीक्वल का इंतजार है। हाल ही में इस बारे में एक नया अपडेट सामने आया है। हाल ही में फिल्म एफ 1 के प्रोड्यूसर जैरी ब्रुकहाइमर ने कहा, 'हम एक सीक्वल पर काम कर रहे हैं।



# स्पाई-थ्रिलर सीरीज सिटाडेल का दूसरा सीजन बन रहा

**लॉस एंजिल्स।** प्रियंका चोपड़ा इन दिनों एसएस राजामौली की आगामी फिल्म 'वाराणसी' को लेकर चर्चाओं में हैं। हालांकि, फिल्म की रिलीज में अभी एक साल से भी ज्यादा का समय है। इस बीच अब प्रियंका ने अपने हॉलीवुड शो 'सिटाडेल' के दूसरे सीजन को लेकर बड़ी अपडेट साझा की है। साथ ही उन्होंने शो के भविष्य को लेकर भी बात की है। प्रियंका चोपड़ा ने ये कंफर्म किया कि उनकी स्पाई-थ्रिलर सीरीज 'सिटाडेल' का दूसरा सीजन बन रहा है। एक्ट्रेस ने कहा कि सीजन 2 तो पक्का आएगा, लेकिन बाकी का क्या? मुझे कोई अंदाजा नहीं है। सच कहूं तो मैं पूछती भी नहीं। मैं काम पर जाती हूं, अपना काम करती हूं और चली जाती हूं। इस दौरान प्रियंका ने बताया कि कैसे रूसो ब्रदर्स ने उनसे इस सीरीज के लिए संपर्क किया था।



# रागिनी 3 में लीड रोल में आएंगी नजर

**मुंबई।** बालाजी मोशन पिक्चर्स ने हाल ही में फिल्म 'रागिनी 3' का ऐलान किया है। इस हॉरर फिल्म में तमन्ना भाटिया लीड रोल में नजर आएंगी। 'रागिनी 3' में उनके साथ एक नामी बॉलीवुड स्टार का बेटा नजर आएगा। फिल्म 'रागिनी 3' को शशांक घोष डायरेक्टेड करेंगे। फिल्म की स्टार कास्ट को लेकर मेकर्स ने जानकारी साझा की है। रागिनी 3 में जुनैद खान तमन्ना भाटिया के साथ नजर आएंगे। आमिर खान के बेटे जुनैद ने इससे पहले लवयापा जैसी रोमांटिक फिल्म की थी। अब वह हॉरर फिल्म का हिस्सा बन रहे हैं। इसमें तमन्ना और वह दमदार किरदारों में नजर आएंगे। रागिनी सीरीज की फिल्मों में रोमांस, धोखा और हॉरर का डोज दर्शकों को दिया जाता है, ऐसा ही कुछ तीसरी कड़ी में भी देखने को मिलेगा।




# शतक के ट्रेलर ने दर्शकों का दहलाया दिल


**नई दिल्ली।** फिल्म 'शतकः संघ के 100 वर्ष' का दमदार ट्रेलर रिलीज हो गया है, जिसमें अजय देवगन की असरदार आवाज ने आरएसएस की एक शताब्दी लंबी जर्नी को जीवंत किया है। आशीष मल्ल के निर्देशन में बनी फिल्म 20 फरवरी को सिनेमाघरों में आएगी। फिल्म सिर्फ एक ऐतिहासिक दस्तावेज नहीं, बल्कि स्वयंसेवकों के त्याग, अनुशासन और राष्ट्र-निर्माण में उनके कंट्रीब्यूशन की गाथा है। गुरुजी एमएस गोलवलकर के आइडिया और ऑफिशियल डॉक्युमेंट पर आधारित यह कहानी संघ से जुड़ी गलतफहमियों को दूर करने और उन अनछुए पहलुओं को सामने लाने की कोशिश करती है, जिन्हें अक्सर मैनस्ट्रीम में कम जगह मिली है। ट्रेलर लोगों के रोंगटे खड़े कर रहा है।

## टीवी मसाला

# वैलेंटाइन डे : टीवी स्टार्स ने बताया प्यार का असली मतलब

**नई दिल्ली।** इस वैलेंटाइन डे पर, टीवी के कलाकार सुम्बुल तौकीर खान, नितिन बाबू, अक्षया हिंदालकर, ऋषि सक्सेना और दीक्षा जोशी अपने विचार साझा कर रहे हैं, हमें याद दिलाते हुए कि प्यार अक्सर उन सरल अनुभवों और पलों में मिलता है जो वास्तव में मायने रखते हैं।

### अपनी जर्नी को महत्व देने से होती है प्यार की शुरुआत : सुम्बुल तौकीर



सुम्बुल तौकीर खान ने बताया, 'मेरे लिए वैलेंटाइन डे बड़े-बड़े इशारों या सिर्फ रोमांटिक प्यार के बारे में नहीं है, बल्कि यह भावनात्मक ईमानदारी और सचमुच समझे जाने की भावना के बारे में है। प्यार उन लोगों में मिलता है जो आपके सबसे कठिन समय में आपके साथ खड़े रहते हैं, जो आपकी छोटी-छोटी जीत का जश्न मनाते हैं और जो आपको बिल्कुल वैसे ही स्वीकार करते हैं जैसे आप हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'मैंने सीखा है कि प्यार की शुरुआत खुद के प्रति दयालु होने और अपनी जर्नी को महत्व देने से होती है। जब आप ऐसा करते हैं, तो हर रिश्ता चाहे परिवार, दोस्त या साथी के साथ हो और भी सार्थक बन जाता है। इस वैलेंटाइन डे पर, मैं अपने चारों ओर मौजूद हर रूप के प्यार के लिए आभार चुन रही हूं।'

### नितिन ने शेयर की अपनी फीलिंग्स

नितिन बाबू ने शेयर किया, 'प्यार हमेशा नाटकीय या परफेक्ट तस्वीर जैसा नहीं होना चाहिए। कभी-कभी यह उतना ही सरल होता है जितना किसी के लिए मौजूद रहना, बिना किसी डिसिजन के सुनना और उतार-चढ़ाव में एक-दूसरे का साथ देना।' उन्होंने आगे कहा, 'मैं मानता हूं कि वैलेंटाइन डे उन लोगों के प्रति आभार व्यक्त करने की एक खूबसूरत याद दिलाता है जो आपके जीवन को बेहतर बनाते हैं, चाहे वह सबसे छोटे तरीकों से ही क्यों न हो। चाहे परिवार हो, दोस्त हों या कोई खास व्यक्ति, प्यार निरंतरता, विश्वास और सच्ची देखभाल के बारे में है।



### प्यार हर दिन व्यक्त किया जाना चाहिए : ऋषि

इत्ती सी खुशी में संजय का रोल निभा रहे ऋषि सक्सेना ने साझा किया 'मेरे लिए प्यार सबसे शक्तिशाली भावनाओं में से एक है। यह आपको धैर्य, सहानुभूति और संतुलन सिखाता है। वैलेंटाइन डे हमें उस भावना का जश्न मनाने का एक कारण देता है, लेकिन मैं मानता हूं कि प्यार हर दिन व्यक्त किया जाना चाहिए, सिर्फ एक अवसर पर नहीं।' उन्होंने आगे कहा, 'सच्चा प्यार साथ में बढ़ने, एक-दूसरे के सपनों का समर्थन करने और साझा खामोशियों में सुकून पाने के बारे में है। यह खुद से इतना प्यार करने के बारे में भी है कि आप अपनी कीमत जान सकें. यही वह चीज है जिस पर मैं सचमुच विश्वास करता हूं और जिसे जीने की कोशिश करता हूं।'



# वैलेंटाइन वीकएंड पर दर्शकों को मिलेगा मनोरंजन का जबर डोज



**नई दिल्ली।** शुक्रवार 13 फरवरी को सिनेमाघरों में शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी की फिल्म 'ओ रोमियो' रिलीज हो गई है। वीकएंड भी और वीकएंड पर ही वैलेंटाइन भी है। ऐसे में पार्टनर के साथ थिएटर का रुख करने का शानदार मौका हो सकता है। मगर, आपको घर बैठे ओटीटी पर ही बढ़िया सिनेमा देखना है तो, इस वीकएंड डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी काफी कुछ खास है।

**अमर विश्वास :** एक्टर राजीव खंडेलवाल अपनी नई सीरीज को लेकर सुर्खियों में हैं। उनकी कोर्टरूम ड्रामा सीरीज 'अमर विश्वास' ओटीटी पर 11 फरवरी को रिलीज हुई। इसमें वे वकील की भूमिका में हैं। यह सीरीज ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन एमएक्स प्लेयर पर उपलब्ध है। इसमें आमिर अली, बरखा बिष्ट और रवि बहल जैसे सितारे भी हैं।

**कोहरा सीजन 2:** वेब सीरीज 'कोहरा' को दर्शकों ने काफी पसंद किया था। अब इसका दूसरा सीजन भी रिलीज हो चुका है, जिसे आप इस वीकएंड देख सकते हैं। बरुण सोबती और मोना सिंह अभिनीत यह सीरीज 11 फरवरी को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई। मोना सिंह इस सीरीज में एक सख्त पंजाबी पुलिस अधिकारी के रूप में नजर आई हैं।

**माना शंकरा वर प्रसाद गारू**

अगर आपकी साउथ फिल्मों में दिलचस्पी है तो इस वीकएंड चिरंजीवी की यह फिल्म देख सकते हैं।

### थलाइवर थंबी थलाइमायिल

इस वीक ओटीटी पर साउथ फिल्मों का बोलबाला है। तमिल फिल्म 'थलाइवर थंबी थलाइमायिल' इस वीक की लिस्ट में शामिल है। नितीश सहदेव द्वारा निर्देशित यह पॉलिटिकल सटायर फिल्म 11 जनवरी को सिनेमाघरो में रिलीज हुई थी। फिल्म में जीवा, थम्बी रमैया और इलावरसु जैसे सितारे हैं। गुरुवार 12 फरवरी को यह नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है। इस वीकएंड आप इसे अपनी वॉच लिस्ट में रख सकते हैं।

# ये हैं परदे पर राज करने वाले सदाबहार रोमांटिक हीरो

**नई दिल्ली।** फिल्मों में हीरो की भूमिका दर्शकों पर गहरी छाप छोड़ती है। कुछ सितारे अपने एक्शन के लिए लोकप्रिय हुए, कुछ ने कॉमेडी के जरिए दिलों में जगह बनाई। वहीं, इंडस्ट्री में कुछ दिग्गजों का नाम इसलिए भी लिया जाता रहेगा, क्योंकि उन्होंने परदे पर अपने किरदार के जरिए मोहब्बत का पैगाम दिया और बन गए रोमांटिक हीरो। उनकी यह इमेज सिर्फ एक या दो फिल्मों तक नहीं रही, बल्कि वे सदाबहार रहे। दौर कोई भी आया, जब-जब सिनेमा में रोमांस और रोमांटिक हीरो की बात हुई, इनका जिक्र सहज ही कि या गया।



**देव आनंदः** देव आनंद का नाम आते ही रोमांस, दिलकश अंदाज और आकर्षक छवि सामने आ जाती है। बड़े पर्दे पर वह कई फिल्मों में रोमांटिक किरदार निभा चुके हैं। करियर के पीक पर देव आनंद की महिला प्रशंसक काफी ज्यादा हुआ करती थीं।

**ऋषि कपूरः** भारतीय सिनेमा के रोमांटिक अभिनेताओं में ऋषि कपूर का नाम भी शामिल है। अपनी पहले ही फिल्म 'बॉबी' से उन्होंने धमाल मचा दिया था। 'चांदनी' और 'बोल राधा बोल' जैसी फिल्मों में उन्होंने अपनी नटखट और आकर्षक भूमिका से रोमांस की दुनिया में अपना एक विशेष स्थान बनाया। उनकी मुस्कान और मासूमियत दर्शकों को दिलों में आज भी बसी हुई है।

**दिलीप कुमारः** दिलीप कुमार हिंदी सिनेमा के बड़े सुपरस्टार थे। पर्दे पर वह भी रोमांटिक अंदाज दिखा चुके हैं। 'मुगल-ए-आजम' और 'नया दौर' जैसी फिल्मों में उनकी अदाकारी ने उन्हें रोमांटिक हीरो की श्रेणी में लाकर खड़ा कर दिया। उनके अभिनय को आज भी याद किया जाता है।

**राज कपूरः** राज कपूर अपनी रोमांटिक किरदारों की वजह से खूब मशहूर हुए। उनकी फिल्में 'आवारा' और 'श्री 420' में रोमांस और सामाजिक संदेशों का बेहतरीन मिश्रण देखने को मिला। वह अपने समय के सबसे बड़े रोमांटिक नायक थे, जिनकी फिल्मों में प्यार के अलावा जीवन के गहरे मायने भी नजर आते थे।

**राजेश खन्नाः** राजेश खन्ना के बिना ये सूची अधूरी है। अपने रोमांटिक अंदाज से उन्होंने लोगों के दिलों में खास जगह बनाई। बड़ी संख्या महिलाएं उन्हें पसंद करती थीं। 'अराधना' और 'सच्चा झूठा' समेत दर्जनों फिल्मों में वह अपने रोमांस का जादू बड़े पर्दे पर चलाते नजर आए।

**शाहरुख खानः** शाहरुख खान को रोमांटिक फिल्मों का 'किंग' कहा जाता है। 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' और 'कुछ कुछ होता है' जैसी फिल्मों में उनकी रोमांटिक भूमिकाएं देश ही नहीं बल्कि विदेश में भी लोकप्रिय बना दिया। उनके अभिनय में जो सहजता और प्यार की भावना दिखती है, वह उन्हें आज भी दर्शकों का पसंदीदा बनाती है।

## दर पर आया दीवाना , लैला-मजनू का रूहानी इश्क, हीर-रांझा की पाक मोहब्बत


# वो अमर प्रेम कहानियां जो दर्शकों की आंखों को कर गईं नम

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा ने जब फलना-फूलना शुरू किया तो बड़े पर्दे पर मोहब्बत की कहानियों को सबसे ज्यादा बयां किया। मजनू ने कैसे लैला के इश्क में जान दी? हीर और रांझा का प्यार क्यों मुकम्मल नहीं हुआ? इस दर्द को हिंदी सिनेमा ने वक्त-वक्त पर बखूबी दिखाया। वैलेंटाइन-डे के मौके पर जानिए, ऐसी ही कुछ चर्चित फिल्मों के बारे में जिनमें अमर प्रेम कहानियां दर्शकों की आंखों को नम कर गईं।

**सोहनी ने चेनाब किनारे पुकारा महिवाल का नामः** साल 1933 और 1946 में दो हिंदी फिल्में बनीं लेकिन साल 1958 में रिलीज हुई 'सोहनी महिवाल' सबसे चर्चित रही। इसमें भारत भूषण और निम्मी ने मुख्य भूमिका कीं। वहीं साल 1984 में सनी देओल और पूनम ढिल्लों अभिनीत फिल्म 'सोहनी महिवाल' को भी खूब प्यार मिला। सनी देओल स्टारर फिल्म के कई गानों में सोहनी और महिवाल के रूहानी इश्क की दांस्तां को बयां किया गया। फिल्म का एक गाना 'लोगों ने सर पे लगाए हैं हजारों इल्जाम आजा, सोहनी चेनाब दे किनारे से पुकारे तेरा नाम आजा।' यह गाना सोहनी और महिवाल की मजबूरी और इश्क में कुछ भी कर गुजरने की चाहत को बखूबी जता देता है।

### मजनू की मोहब्बत में सजा पाने को हाजिर हुआ लैला का इश्क

हुस्न हाजिर है मोहब्बत में सजा पाने को'जब यह गाना ऋषि कपूर और रंजीता कौर अभिनीत फिल्म 'लैला मजनू(1976)' में सुनाई देता है, तब इस गाने को सुनकर दर्शकों के जेहन में 11वीं सदी की अरब देश की अधूरी प्रेम कहानी की यादें ताजा हो जाती हैं। इसी नाम से साल 1953 में नूतन और शम्मी कपूर ने भी एक फिल्म की। वहीं, साल 2018 में इम्तियाज अली की लिखी कहानी पर बनी 'लैला मजनू' भी एक कल्ट मूवी बन चुकी है। इन सभी फिल्मों में लैला से मिलने की चाहत लिए भटकता मजनू आखिरी में मौत के आगोश में सो जाता है।




### जूलियट की मोहब्बत में कुर्बान हुआ रोमियो

मशहूर ब्रिटिश राइटर शेक्सपियर ने कई बड़े नॉवेल लिखे। लेकिन 'रोमियो और जूलियट'उनका सबसे फेमस नॉवेल है। इस पर कई फिल्में हॉलीवुड में बनी हैं। वहीं, बॉलीवुड की कई फिल्में इस नॉवेल से इंस्पायर रहीं। इसमें साल 2013 की राम लीला भी है, रणवीर और दीपिका की इस फिल्म का दर्दनाक अंत होता है। राम लीला मौत के बाद ही मिल पाते हैं ,क्योंकि समाज और परिवार की दीवारें उन्हें इस जहान में मिलने नहीं देती हैं।

### रांझा रांझा करते-करते हीर दीवानी हुई

साल 1970 में चेतन आनंद निर्देशित फिल्म 'हीर रांझा'में राज कुमार और प्रिया राजवंश पर यह प्रेम कहानी फिल्माई गई। फिल्म में हीर से दूर होकर रांझा का दिल दर्द से भर उठता है। इस दर्द को एक गाने 'ये दुनिया ये महफिल मेरे काम की नहीं' में बखूबी बयां किया जाता है। इसी तरह हीर भी अपना दुख बयां करती है, जिस पर फिल्म में गीत है, 'दो दिल टूटे दो दिल हारे दुनिया वालों सदके तुम्हारे।' यह फिल्म, गीत आज भी दर्शकों की जुबान पर हैं और हीर-रांझा का प्यार भी प्रेमियों के मन में जिंदा है।

### साहिबान की मोहब्बत में टूटा मिर्जा का दिल

हीर और रांझा, सोनी महिवाल की तरह ही साहिबान और मिर्जा की कहानी भी पंजाब में 16वी शताब्दी में पनपी थी। साहिबान को मिर्जा से बेइंतहा मोहब्बत थी वह कभी उससे बेवफाई नहीं कर सकती थी, लेकिन वक्त आने पर वफा भी नहीं कर पाई। उसने मिर्जा के तीर तोड़ दिए, जिससे वह उसके भाइयों को ना मारे। लेकिन, साहिबान के भाइयों ने मिर्जा को मौत के घाट उतार दिया। यह देखकर साहिबान ने भी मौत को चुन लिया और अपने मिर्जा के साथ ही दुनिया से रूखसत हो गई। इसी कहानी को साल 2016 में फिल्म 'मिर्जियां'में नए जमाने के हिसाब से दिखाया गया, फिल्म को ओमप्रकाश मेहरा ने निर्देशित किया था। इसी तरह एक पंजाबी फिल्म 2012 में भी इसी प्रेम कहानी पर बनी, जिसमें ग्रिप्पी ग्रेवाल मिर्जा के रोल में दिखे।

## दोनों टीमों का 7 साल बाद हुआ आमना-सामना

# जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया को 19 साल बाद हराया, बेनेट ने खेली अर्धशतकीय पारी

एजेंसी ▶▶| कोलंबो

टी20 वर्ल्ड कप में शुक्रवार को बड़ा उलटफेर हुआ। कोलंबो में जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया को 23 रन से हरा दिया। जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया को 19 साल बाद टी20 में हराया। इससे पहले 2007 टी20 वर्ल्ड कप में केपटाउन में जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया को हराया था।

दोनों टीमों का क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारुप में 7 साल बाद आमना-सामना हुआ। इससे पहले हरारे में 2018 में खेले दो मुकाबलों में ऑस्ट्रेलिया ने जिम्बाब्वे को हराया था। कुल 4 बार दोनों टीमों का मुकाबला हुआ है



और दोनों को दो-दो जीत मिली है। कोलंबो में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। जिम्बाब्वे ने ब्रायन बेनेट के नाबाद अर्धशतकीय पारी के दम पर 2 विकेट पर 169 रन बनाए। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया 19.2 ओवर में 146 रन पर आउट हो गई।

### यह अविश्वसनीय है : रजा

जिम्बाब्वे के कार्यवाहक कप्तान सिकंदर रजा ने आस्ट्रेलिया पर जीत को 'अविश्वसनीय' करार देते हुए कहा कि टीम की एकजुटता, माहौल और संस्कृति ने इसे संभव कर दिखाया। रजा ने कहा,' बहुत खुश हूं और गौरवान्वित भी। बड़े भाई की तरह महसूस कर रहा हूं, जिसके छोटे भाई मिलकर इतना कुछ हासिल कर रहे हैं।' उन्होंने कहा ,' बाहर से देखकर बहुत अच्छा लगा कि टीम ने कैसे जीत हासिल की।

### हम दबाव से उबर नहीं सके : हेड

आस्ट्रेलियाई कप्तान हेड ने कहा, शुरुआत में हमें लगा था कि यह एक बेहतरीन विकेट है। हमने सोचा था कि यह दोनों पारियों में एक जैसा रहेगा। लेकिन बाद में यह मुश्किल हो गया और हमने लगातार अंतराल पर जल्दी-जल्दी विकेट गंवाए, जिसके चलते हम पर दबाव आ गया। हम उस दबाव से उबर नहीं सके और फिर मैच में पीछे होते चले गए।

### जिम्बाब्वे ने 3 बार किया उलटफेर

यह क्रिकेट इतिहास में पांचवां ऐसा मौका है, जब जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध जीत दर्ज की। इस टीम ने अब तक दो बार टी20 फॉर्मेट में ऑस्ट्रेलिया को शिकस्त दी है, जबकि 3 मौकों पर वनडे फॉर्मेट में उसे हराया है। जिम्बाब्वे ने तीसरी बार वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया को शिकस्त दी है।

**वनडे वर्ल्ड कप 1983 :** नॉटिंघम में 9 जून को खेले गए मुकाबले में जिम्बाब्वे ने 6 विकेट खोकर 239 रन बनाए। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलियाई टीम निर्धारित 60 ओवरों में 7 विकेट खोकर 226 रन ही जुटा सकी, जिसके साथ जिम्बाब्वे ने 13 रन के करीबी अंतर से मैच जीत लिया।

**टी20 वर्ल्ड कप 2007 :** केपटाउन में 12 सितंबर को खेले गए इस मुकाबले में ऑस्ट्रेलियाई टीम निर्धारित ओवरों में 9 विकेट खोकर सिर्फ 138 रन ही बना सकी। इसके जवाब में जिम्बाब्वे ने 19.5 ओवरों में 5 विकेट शेष रहते मुकाबला जीत लिया।

**टी20 वर्ल्ड कप 2026 :** जिम्बाब्वे ने कोलंबो में 13 फरवरी को खेले गए मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 23 रन से जीत दर्ज की। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलियाई टीम 19.3 ओवरों में 146 रन पर सिमट गई।

### जिम्बाब्वे के नाम अनोखा रिकॉर्ड दर्ज

जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया को 23 रन से हराया। इस जीत के साथ ही जिम्बाब्वे ने इतिहास रच दिया है। जिम्बाब्वे टी20 वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 100 परसेंट जीत का रिकॉर्ड बनाए रखने वाली अकेली टीम बनी हुई है। उसने केप टाउन में पहले 2007 टी20 वर्ल्ड कप में उन्हें 5 विकेट से हराया था।

# यूएई ने कनाडा को पांच विकेट से हराया

## हर्ष की फिफ्टी, जुनैद की शानदार बॉलिंग

### ग्रुप-डी की प्वाइंट्स टेबल में चौथे स्थान पर यूएई




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

यूएई ने कनाडा के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप 2026 के 20वें मुकाबले को 5 विकेट से जीता। इस जीत के साथ यूएई ग्रुप-डी की प्वाइंट्स टेबल में चौथे स्थान पर पहुंच गया है। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी कनाडा की टीम ने 7 विकेट खोकर 150 रन बनाए। इस टीम ने 38 के स्कोर तक अपने 3 विकेट खो दिए थे। हर्ष ठाकर ने नवनीत धालीवाल के साथ 58 रन की साझेदारी की। नवनीत 34 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद हर्ष ने श्रेयस मोव्वा के साथ 33 रन जोड़ते हुए टीम को 129 के स्कोर तक पहुंचाया। श्रेयस 21 रन बनाकर पवेलियन लौटे, जबकि हर्ष ने 50 रन की पारी खेली। कप्तान दिलप्रीत बाजवा ने 11 रन बनाया। विपक्षी खेमे से जुनैद सिद्दीकी ने 4 ओवरों में 35 रन देकर 5 विकेट हासिल किए, जबकि मुहम्मद जवादुल्लाह ने 1 विकेट निकाला।

### यूएई ने 19.4 ओवरों में दर्ज की जीत

इसके जवाब में यूएई की टीम ने 19.4 ओवरों में जीत दर्ज कर ली। इस टीम ने 12 के स्कोर पर कप्तान मुहम्मद वसीम (4) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद आर्यांश शर्मा ने अलीशान शराफू (5) के साथ दूसरे विकेट के लिए 29 रन की साझेदारी की। यह टीम 66 के स्कोर तक अपने 4 विकेट गंवा चुकी थी, जहां से आर्यांश ने शोएब खान के साथ पांचवें विकेट के लिए 84 रन जोड़ते हुए टीम को 150 के स्कोर तक पहुंचाया। आर्यांश 74 रन बनाकर आउट हुए, जबकि शोएब खान ने 51 रन की पारी खेली। विपक्षी खेमे से साद बिन जफर ने 14 रन देकर 3 विकेट निकाले, जबकि कलीम और जसरकरण सिंह को 1-1 सफलता हाथ लगी।

## खबर संक्षेप



### पीजीटीआई लीग नीलामी में शामिल होंगे 170 गोल्फर

**नई दिल्ली।** भारतीय पेशेवर गोल्फ टूर (पीजीटीआई) की प्रमुख लीग '72 द लीग' की सोमवार को होने वाली पहली नीलामी में 11 देशों के 170 पेशेवर गोल्फर हिस्सा लेंगे। इस लीग में गोल्फरों के लिए कुल 60 स्थान उपलब्ध होंगे, क्योंकि छह फ्रेंचाइजी में से प्रत्येक अपनी-अपनी टीमों के लिए 10 खिलाड़ियों का चयन करेगी। नीलामी की कुल राशि छह करोड़ रुपए है। पीजीटीआई ने यह लीग गेम ऑफ लाइफ स्पोर्ट्स (जीओएलएस) के सहयोग से शुरू की है। लीग 21 फरवरी को शुरू होगी और इसका फाइनल छह मार्च को खेला जाएगा। नीलामी के लिए जिन 170 गोल्फर ने अपना नाम दर्ज कराया है, उन्हें तीन श्रेणियों प्लैटिनम, गोल्ड और सिल्वर में रखा गया है।

### हम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेलने को तैयार: हैनरी

**अहमदाबाद।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मुकाबलों को कड़ा बताते हुए न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हैनरी ने कहा कि दोनों टीमों के बीच लंबे समय से चली आ रही प्रतिद्वंद्विता टी20 विश्व कप के अहम मुकाबले में एक नया आयाम जोड़ेगी, जिससे ग्रुप के विजेता का फैसला हो सकता है। न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका को ग्रुप डी में अभी हार नहीं मिली है। दोनों टीम के बीच मैच अक्सर कड़े होते हैं। हैनरी ने माना कि इतिहास और खेल संस्कृति ने इस मुकाबले की प्रतिद्वंद्विता को बनाने में अपनी भूमिका निभाई है। हैनरी ने कहा, 'आप हमेशा सबसे अच्छी टीम के साथ खेलना चाहते हैं।

### अगला मैच खेल सकते हैं अभिषेक : वरुण

**नई दिल्ली।** वरुण चक्रवर्ती ने कहा है कि पेट के संक्रमण से उबर रहे आक्रामक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले टी20 विश्व कप के महत्वपूर्ण मुकाबले में खेलने के लिए पूरी तरह फिट दिख रहे हैं। अभिषेक अस्वस्थ होने के कारण गुरुवार को नामीबिया के खिलाफ मैच में नहीं खेल पाए थे। पेट के संक्रमण के कारण उन्हें दो दिन अस्पताल में भर्ती रहना पड़ा था। चक्रवर्ती ने कहा कि यह सलामी बल्लेबाज बेहतर महसूस कर रहा है और उन्हें लगता है कि अगला मैच खेल सकता है।

# राजस्थान रॉयल्स के नए कप्तान बने रियान पराग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राजस्थान रॉयल्स (आरआर) ने आईपीएल 2026 के लिए रियान पराग को अपना नया कप्तान बनाया है। यह घोषणा पूर्व कप्तान संजू सैमसन के ऑक्शन से पहले चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) में ट्रेड होने के बाद हुई है, जिसके साथ उनके चार सीजन के कार्यकाल का अंत हो गया।

साल 2008 से अब तक कुल 7 कप्तानों ने राजस्थान रॉयल्स को लीड किया है। एक खिताब जीतने के बाद इस फ्रेंचाइजी ने छह बार नॉकआउट में प्रवेश किया है। दिलचस्प बात यह है कि टूर्नामेंट के



इतिहास में सिर्फ ऑस्ट्रेलियाई और भारतीयों ने ही इस टीम की कमान संभाली है। रियान पराग लीडरशिप रोल से वाकिफ हैं। उन्होंने आईपीएल 2025 में बतौर स्टैंड-इन कैप्टन अपना रोल निभाया है। जब पराग ने 23 मार्च 2025 को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ टीम को लीड किया, तो वह राजस्थान रॉयल्स के इतिहास में सबसे युवा कप्तान और आईपीएल में कुल मिलाकर पांचवें सबसे युवा कप्तान बने थे। आईपीएल 2025 में रियान पराग ने 8 मुकाबलों में कप्तानी की, जिसमें दो जीत और छह हारे। अब आईपीएल 2026 के लिए पराग फुल-टाइम कैप्टन का रोल निभाएंगे।

### पाकिस्तान के खिलाफ कुलदीप को उतारे भारत : गावस्कर

**नई दिल्ली।** पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर को उम्मीद है कि रविवार को कोलंबो में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले टी20 विश्व कप मैच में भारतीय टीम तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह की जगह लेग स्पिनर कुलदीप यादव को अंतिम एकादश में शामिल करेगी। नामीबिया के बल्लेबाजों ने गुरुवार को अर्शदीप की जमकर धुनाई की और उन्होंने अपने कोटे के चार ओवर भी पूरे नहीं किए। गावस्कर ने कहा, 'हमारे सभी गेंदबाजों ने विकेट लिए। अर्शदीप ने अपने चार ओवर पूरे नहीं किए, जबकि शिवम दुबे ने दो ओवर और हार्दिक ने अपना कोटा पूरा किया। इससे संकेत मिलता है कि कुलदीप यादव पाकिस्तान के खिलाफ मैच में अर्शदीप की जगह ले सकते हैं।'

# सतेंद्र ने कुक जलडमरुमध्य किया पार, बने पहले एशियाई पैरा तैराक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के सतेंद्र सिंह लोहिया न्यूजीलैंड में कुक जलडमरुमध्य को पार करने वाले एशिया के पहले पैरा तैराक बन गए हैं। मध्य प्रदेश के भिंड जिले के रहने वाले 38 वर्षीय लोहिया को 2024 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया था।

लोहिया ने कहा, 'ऐतिहासिक उपलब्धि। न्यूजीलैंड में कुक जलडमरुमध्य पर जीत। दुनिया के सबसे चुनौतीपूर्ण समुद्री मार्गों में से एक न्यूजीलैंड के कुक जलडमरुमध्य को अपनी टीम के साथ सफलतापूर्वक पार करने के बाद आज मैं बेहद भावुक और गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। पहली बार एशिया के किसी पैरा तैराक ने कुक जलडमरुमध्य को पार किया है।'



### 9 घंटे और 22 मिनट में हासिल की उपलब्धि

अधिकारियों के अनुसार यह पैरा तैराक जनवरी के तीसरे सप्ताह में न्यूजीलैंड पहुंचा और वहां उन्होंने बेहद ठंडे पानी में कड़ा अभ्यास किया। उन्होंने नौ घंटे और 22 मिनट में 23.6 किलोमीटर तैरकर यह उपलब्धि हासिल की। डायरिया का उचित इलाज नहीं हो पाने के कारण लोहिया बचपन में ही दिव्यांग हो गए थे। उन्होंने 2017 में समुद्री तैराकी का अपना सफर शुरू किया था। वह इंग्लिश चैनल को भी पार कर चुके हैं।

## कुरेन टीम में शामिल

# जिम्बाब्वे के टेलर चोट के कारण विश्व कप से बाहर



एजेंसी ▶▶| कोलंबो

जिम्बाब्वे के अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज ब्रेंडन टेलर एक ग्रुप मैच के दौरान लगी चोट के कारण टी20 विश्व कप से बाहर हो गए हैं और उनकी जगह टीम में बेन कुरेन को शामिल किया गया।

चालीस वर्षीय टेलर 9 फरवरी को ओमान के खिलाफ खेले गए मैच में चोटिल होने के कारण मैदान से लंगड़ाते हुए बाहर चले गए थे। जिम्बाब्वे ने यह मैच आठ विकेट से जीता था। कप्तान सिकंदर रजा ने कहा, 'ब्रेंडन टेलर को चोट लग गई है और वह टूर्नामेंट में आगे नहीं खेल पाएंगे।' टी20 विश्व कप की टूर्नामेंट की तकनीकी समिति ने इंग्लैंड के ऑलराउंडर सैम के भाई शीर्ष क्रम के बल्लेबाज बेन कुरेन को टेलर की जगह लेने की मंजूरी दी।

### तकनीकी समिति की मंजूरी जरूरी




आईसीसी ने कहा, '9 फरवरी को ओमान के खिलाफ मैच के दौरान हैमस्ट्रिंग में चोट लगने के बाद टेलर के बाहर होने पर बेन कुरेन को उनकी जगह चुना गया।' किसी खिलाड़ी की जगह लेने के लिए हालांकि टूर्नामेंट की तकनीकी समिति की मंजूरी जरुरी है, इसके बाद ही आधिकारिक रूप से उसकी जगह दूसरे खिलाड़ी को टीम में शामिल किया जा सकता है। जिम्बाब्वे जब ओमान के खिलाफ लक्ष्य का पीछा कर रहा था तो टेलर को विकेटों के बीच दौड़ लगाने में परेशानी हो रही थी। उन्होंने जब 30 गेंद पर 31 रन बनाए थे तब उन्हें रिटायर्ड हर्ट होकर पवेलियन लौटना पड़ा था।

# आयरलैंड को लगा झटका, कप्तान स्टर्लिंग नहीं खेल पाएंगे विश्वकप

एजेंसी ▶▶| कोलंबो

आयरलैंड को ओमान के खिलाफ ग्रुप मैच से पहले करारा झटका लगा जब उसके कप्तान पॉल स्टर्लिंग घुटने की चोट के कारण टी20 विश्व कप से बाहर हो गए ।

स्टर्लिंग को आस्ट्रेलिया के खिलाफ बुधवार को हुए मैच में एक कैच लेते हुए दाहिने घुटने में चोट लगी थी। इसके बाद बल्लेबाजी करते हुए तेजी से एक रन लेने के प्रयास में वह चोट और गंभीर हो गई। टी20 विश्व कप इवेंट तकनीकी समिति ने स्टर्लिंग की जगह सैम टॉपिंग को आयरलैंड की 15 सदस्यीय टीम में शामिल करने को मंजूरी दे दी है।



आयरलैंड ग्रुप बी के मैच में शनिवार को ओमान से खेलेगा।

### सैम टॉपिंग को टीम में जगह

*टॉपिंग बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज हैं, जिन्होंने पिछले साल अफगानिस्तान ए के खिलाफ अबुधाबी में आयरलैंड ए के लिए खेला था। आयरलैंड के हाई परफॉर्मेंस निदेशक ग्रीम वेस्ट ने कहा कि स्टर्लिंग का बाहर होना बड़ा झटका है हालांकि टीम को टॉपिंग से काफी उम्मीदें हैं।*

*उन्होंने कहा,' आस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच के बाद पॉल स्टर्लिंग का स्कैन कराया गया, जिसमें पता चला कि उनकी चोट गंभीर है और वह टूर्नामेंट आगे नहीं खेल पाएंगे। वह जल्दी ही स्वदेश लौटेंगे। उनकी जगह सैम टॉपिंग को शामिल किया गया है, जो चेन्नई में ही नार्दर्न नाइट्स टीम के साथ अभ्यास कर रहा था।'*

### पाकिस्तानी गेंदबाज का अनोखा एक्शन, बना विवाद का विषय



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के स्पिनर उस्मान तारिक का गेंद फेंकने के दौरान क्षणिक विराम और क्रीज पर मूर्ति जैसी मुद्रा ने टी20 विश्व कप के दौरान कई लोगों का ध्यान अपनी तरफ आकर्षित किया है। ऐसा लगता है कि वह बल्लेबाजों को भ्रम में डालने के लिए ऐसा करते हैं, जिसको लेकर सवाल भी उठाए जा रहे हैं। इसके साथ ही विवाद भी खड़ा हो गया है। तारिक की रुक-रुक कर गेंद फेंकने की शैली को अवैध गेंद कहना या क्रिकेट की भाषा में कहें तो चकिंग कहना। उनके गेंदबाजी एक्शन की दो बार रिपोर्ट भी की गई लेकिन दोनों अवसरों पर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने उनके एक्शन को सही करार दिया।

## टी20 विश्व कप : आज शाम 7 बजे से अहमदाबाद में भिड़ेंगी दो दिग्गज टीम

# ग्रुप में बादशाहत बनाने के लिए द.अफ्रीका और न्यूजीलैंड का मुकाबला

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका का सुपर आठ में पहुंचना तय है और ऐसे में शनिवार को जब दोनों टीम आमने-सामने होंगे तो उनका लक्ष्य टी20 विश्व कप के ग्रुप डी में शीर्ष स्थान हासिल करने की अपनी कोशिशों को अमली जामा पहनाना होगा। दोनों टीमों ने अपने शुरुआती दो मैच जीते हैं।

### न्यूजीलैंड का शानदार प्रदर्शन

न्यूजीलैंड ने अब तक शानदार प्रदर्शन किया है। अफगानिस्तान को छह विकेट पर 186 रन पर रोकने के बाद न्यूजीलैंड ने टिम सीफर्ट के 65 रन तथा ग्लेन फिलिप्स (42), मार्क चैपमैन (28) और डैरिल मिशेल (नाबाद 25) के योगदान की बदौलत 17.5 ओवरों में लक्ष्य हासिल कर दिया। इससे पहले सीफर्ट और फिन एलन के शानदार प्रदर्शन से न्यूजीलैंड ने यूएई को 10 विकेट से हराया था। उसने केवल 15.2 ओवरों में 174 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया था।



### द.अफ्रीका ने रखा दबाव में संयम

वहीं दक्षिण अफ्रीका ने दबाव में संयम बनाए रखते हुए अपनी आक्रामक क्षमता का बेहतरीन नमूना पेश किया है। उन्होंने कनाडा के खिलाफ चार विकेट पर 213 रन बनाए, जिसमें कप्तान एडन मार्क्रम ने 32 गेंदों में 59 रन, डेविड मिलर (नाबाद 39) और ट्रिस्टन स्टब्स (नाबाद 34) ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। इसके बाद गेंदबाजी में लुंगी एनगिडी के 31 रन पर चार विकेट की मदद से उसने आसानी से जीत हासिल की। दक्षिण अफ्रीका को हालांकि अफगानिस्तान के खिलाफ सुपर ओवर तक खिंचे मैच में जीत हासिल करने के लिए अपनी पूरी ताकत लगानी पड़ी।

### टीमें इस प्रकार

**न्यूजीलैंड:** मिचेल सैंटनर (कप्तान), टिम सीफर्ट (विकेटकीपर), फिन एलन, डेवोन कॉनवे, रचिन रविंद्र, ग्लेन फिलिप्स, मार्क चैपमैन, डैरिल मिचेल, जेम्स नीशम, माइकल ब्रैसवेल, मैट हेनरी, लॉकी फर्ग्यूसन, ट्रेंट बोल्ट, जैकब डफी और ईश सोढ़ी।

**दक्षिण अफ्रीका :** एडेन मार्क्रम (कप्तान), क्विंटन डीकॉक (विकेटकीपर), रयान रिकेलटन, रीजा हेंड्रिक्स, डेवाल्ड ब्रेविस, डेविड मिलर, ट्रिस्टन स्टब्स, हेनरिक क्लासेन (विकेटकीपर), मार्को यानसन, कैगिसो रबाडा, लुंगी एनगिडी, एनरिक नॉर्टजे, केशव महाराज, तबरेज शम्सी और ब्योर्न फोर्टुइन।




## नाबालिग से दुष्कर्म मामले में आरोपी की जमानत खारिज

# हाईकोर्ट की टिप्पणी : डीजीपी तय करें पुलिस अफसरों को बुनियादी ट्रेनिंग दी जाए या नहीं

हरिभूमि जबलपुर।

म.प्र. उच्च न्यायालय के न्यायाधीश जीएस अहलूवालिया की एकलपीठ ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में सुनवाई के दौरान बैतूल पुलिस की कार्यप्रणाली पर नाराज़गी व्यक्त की। न्यायालय ने तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि प्रकरण में डीएनए रिपोर्ट आने के बाद भी असली आरोपी की तलाश में पुलिस की निष्क्रियता 'कानून की अज्ञानता' और 'कर्तव्यहीनता' को दर्शाती है। एकलपीठ ने डीजीपी को कहा है कि वे इस बात पर विचार करें कि एसपी स्तर के अधिकारियों को कानून की बुनियादी ट्रेनिंग के सम्बन्ध में लीगल ट्रेनिंग की जरूरत है या नहीं? इसके साथ ही न्यायालय ने ट्रायल कोर्ट से अनुमति लेकर उक्त प्रकरण में फिर से जांच के आदेश बैतूल एसपी को दिए और मामले के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज कर दी।



उक्त मामला शाहपुर थाना क्षेत्र के अपराध क्रमांक 650/2025 से संबंधित है जिसमें आरोपी जीतेन्द्र यादव को 10 अक्टूबर 2025 से जेल में रखा गया है। अभियोजन के अनुसार नाबालिग पीड़िता से दुष्कर्म हुआ और बच्चा पैदा हुआ। हालांकि डीएनए टेस्ट में आरोपी बच्चे का जैविक पिता नहीं पाया गया, जिससे यह साफ हुआ कि किसी अन्य व्यक्ति ने भी पीड़िता का यौन शोषण किया हो सकता है। इसके बावजूद पुलिस ने आगे की जांच में कोई तत्परता नहीं दिखाई। इस आधार पर आरोपी ने जमानत पाने यह अर्जी उच्च न्यायालय में दाखिल की। एकलपीठ ने सुनवाई के दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से मौजूद एसपी वीरेन्द्र जैन से पूछा कि डीएनए रिपोर्ट के बाद क्या कार्रवाई की गई, लेकिन वे इस पर संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। एकलपीठ ने इसके बाद दिए गए अपने फैसले में कहा कि पुलिस विभाग ने पूर्व की घटनाओं (सागर, दतिया) से भी कोई सबक नहीं लिया। यहां तक कि पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को कानून की बुनियादी समझ तक नहीं है। चार्जशीट दाखिल होने के बाद न्यायालय की अनुमति के बिना 'बयान' लेना सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के खिलाफ है। पुलिस को परिस्थितिजन्य साक्ष्य के आधार पर भी जांच करनी चाहिए थी। यही नहीं न्यायालय ने दो टूक कहा कि "ऐसा लगता है कि पुलिस अपनी जिम्मेदारी निभाने के बजाय आंखें मूंदे बैठी है।" यह विचार करना अब डीजीपी का दायित्व है कि क्या अधीनस्थ पुलिस अधिकारियों, जिनमें पुलिस अधीक्षक भी शामिल हैं, को विधिक प्रशिक्षण दिया जाएगा या फिर कानून की जानकारी के अभाव में प्रदेश की आम जनता यूं ही परेशान होती रहेगी।

इस मत के साथ ने उच्च न्यायालय ने एसपी बैतूल को निर्देश दिए कि ट्रायल कोर्ट से अनुमति लेकर पुनः जांच की जाए तथा सभी संदिग्धों के ब्लड सैंपल लेकर डीएनए टेस्ट कराएं। नाबालिग से पैदा हुए बच्चे के असली जैविक पिता का पता लगाएं और एक सप्ताह में रिपोर्ट रजिस्ट्रार जनरल को सौंपी जाए। साथ ही आदेश की प्रति डीजीपी मध्यप्रदेश को भी भेजी जाए, ताकि वे पुलिस अधिकारियों के प्रशिक्षण पर विचार कर सकें। एकलपीठ ने स्पष्ट किया कि केवल डीएनए मैच न होने के आधार पर आरोपी को राहत नहीं दी जा सकती, क्योंकि पीड़िता की गवाही अभी दर्ज नहीं हुई है। इसी आधार पर आरोपी की जमानत याचिका खारिज कर दी गई।

### राज्य सरकार से मांगा विस्तृत जवाब

## डायल-112 के टेंडर विवाद पर हाईकोर्ट ने दिया यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने राज्य में डायल-112 के संचालन से जुड़े ठेका विवाद पर यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीज़न बेंच ने राज्य सरकार के गृह विभाग को नए ठेके को लेकर विस्तृत जवाब देने के भी निर्देश दिए। अगली सुनवाई 19 फरवरी को होगी। ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज ने यह याचिका दायर की है। याचिका में कहा गया है कि पुलिस टेलीकम्युनिकेशन मुख्यालय द्वारा 31 दिसंबर 2025 को ऑटोमैटिक कंप्यूटर एडेड डिस्पैच सिस्टम की सप्लाई, इंस्टॉलेशन, इंटीग्रेशन और मेंटेनेंस के लिए नया टेंडर जारी किया गया। जबकि यही काम पहले से ही याचिकाकर्ता कंपनी को अनुबंध के तहत सौंपा जा चुका है। याचिकाकर्ता कंपनी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता नमन नागरथ ने तर्क दिया कि 12 मार्च 2025 को जारी मूल टेंडर के तहत वह मप्र डायल 112 द्वितीय फेज का इम्प्लीमेंटेशन, मेंटेनेंस और ऑपरेशन सफलतापूर्वक कर रही है। ऐसे में उसी कार्य के लिए दोबारा टेंडर निकालना न केवल अनुचित है बल्कि अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन भी है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पूछा कि एक बार हो चुके ठेके के बाद दूसरा टेंडर क्यों जारी किया गया?कोई संतोषजनक उत्तर न मिलने पर कोर्ट ने सरकार को विस्तृत जवाब पेश करने के निर्देश दिए।

# नौकरी दिलाने का झांसा देकर 11 लाख रुपए ऐंठने के आरोपी को जमानत नहीं



**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने बोकारो स्टील प्लांट में नौकरी दिलाने का झांसा देकर 11 लाख रुपए ऐंठने के आरोपी मनीष कुमार सिंह को जमानत देने से इनकार कर दिया। जस्टिस जीएस आहलूवालिया की सिंगल बेंच ने कहा कि आवेदक स्वयं पीड़ित है या नहीं, यह एक अलग मामला है। लेकिन तथ्यों और परिस्थितियों से यह स्पष्ट है कि उसने शिकायतकर्ता को यह विश्वास में लिया। सेल बोकारो में नौकरी दिलवाने का वादा करके 11 लाख रुपये लिए। इसलिए राहत नहीं दी जा सकती।

मूलतः लखनऊ के रहने वाले मनीष सिंह की ओर से जमानत आवेदन पेश कर स्वयं को निर्दोष बताते हुए कहा गया कि वह 31 दिसंबर 2025 से जेल में है। वहीं, आपत्तिकर्ता शशिकांत त्यागी की ओर से अधिवक्ता अभय पांडे ने जमानत का विरोध किया। उन्होंने बताया कि आरोपी ने बोकारो स्टील प्लांट में नौकरी दिलाने के बहाने शशिकांत से 15 लाख रुपये लिए। आरोपी शिकायतकर्ता को बोकारो परिसर में ले गया और दस्तावेजों का सत्यापन करवाया तथा रजिस्टर में शिकायतकर्ता के हस्ताक्षर करवाए। इतना ही नहीं आवेदक ने फर्जी नियुक्ति पत्र भी उपलब्ध कराया। शिकायतकर्ता ने जाँच की, तब पता चला कि आवेदक द्वारा जारी किया गया नियुक्ति पत्र भी जाली था। आवेदक मनीष की ओर से दलील दी गई कि मुख्य आरोपी निकेश पचपुते है, जिसे आवेदक ने कुछ राशि दी थी। निकेश पचपुते ने दो चेक के माध्यम से आवेदक को 20 लाख रुपये लौटाए थे, जो बाउंस हो गए थे। अतः आवेदक स्वयं निकेश पचपुते द्वारा किए गए धोखाधड़ी का शिकार है।

### पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी (एवीएफओ) के पद पर भर्ती का मामला

## कर्मचारी चयन आयोग हर हाल में पेश करे जवाब

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी (एवीएफओ) के पद पर भर्ती से जुड़े मामले में कर्मचारी चयन आयोग को हर हाल में जवाब पेश करने के निर्देश दिए। जस्टिस एमएस भट्टी की सिंगल बेंच ने आयोग को याचिकाकर्ताओं की मेरिट एवं वेटिंग की जानकारी भी पेश करने कहा। अगली सुनवाई 24 फरवरी को होगी।

सीधी निवासी रवि कुमार यादव व सतेंद्र सिंह रावत सहित अन्य की ओर से अधिवक्ता विनायक प्रसाद शाह, पुष्पेंद्र कुमार शाह व अखिलेश प्रजापति ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि हाई कोर्ट एक मामले में डिप्लोमाधारी अभ्यर्थियों को प्राथमिक देते हुए सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी के पद पर नियुक्ति के निर्देश दे चुका है। इसके बावजूद याचिकाकर्ताओं को दरकिनार कर दिया गया। दरअसल, विभाग द्वारा कुल 550 पदों के 499 अभ्यर्थियों को ही दस्तावेज सत्यापन हेतु बुलाया गया। जिनमें से महज 321 अभ्यर्थी ही पात्र पाए गए। शेष सभी डिग्रीधारी अभ्यर्थियों को अपात्र घोषित कर दिया गया। बाद ने वेटिंग में शामिल केवल 70 अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन के लिए बुलाया गया। जिसने से केवल 38 अभ्यर्थी ही पात्र पाए गए। इस तरह वर्तमान में 191 पद खाली होते हुए भी याचिकाकर्तायों को वेटिंग लिस्ट तक में शामिल नहीं किया गया। जबकि याचिकाकर्ता डिप्लोमाधारी होते हुए सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी के पद नियुक्त होने के लिए पात्र हैं। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता द्वारा यह अंतरिम राहत चाही गई है कि याचिकार्ताओं को वेटिंग लिस्ट में शामिल किया जाए।

## काली कमाई की अकूत संपत्ति ईडी ने की अटैच

# आदिमजाति कल्याण विभाग के पूर्व उप निदेशक की मुश्किलें बढ़ी

**जबलपुर।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के भोपाल जोनल कार्यालय ने जबलपुर स्थित आदिम जाति कल्याण विभाग के पूर्व उप निदेशक जगदीश प्रसाद सरवटे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए उनकी 11.81 करोड़ रुपये मूल्य की अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से जब्त कर लिया है। यह कार्रवाई प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत की गई है।

जानकारी के अनुसार यह कार्रवाई आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) जबलपुर द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार के मामले के आधार पर की गई। जांच में सामने आया कि सरवटे ने पद का दुरुपयोग कर अवैध धन अर्जित किया और उसे मनी लॉन्ड्रिंग के जरिए विभिन्न अचल संपत्तियों में निवेश किया।

ईओडब्ल्यू की प्रारंभिक छापेमारी में खुलासा हुआ था कि अवैध कमाई को व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में लगाया गया था। इनमें कान्हा राष्ट्रीय उद्यान के पास स्थित मराठा रिसॉर्ट और मंडला रोड पर जायका रेस्टोरेंट शामिल बताए गए हैं। इसके अलावा अधारताल स्थित पैतृक आवास से बाघ की खाल और बड़ी मात्रा में महंगी शराब बरामद होने पर उनकी मां सावित्री सरवटे के खिलाफ वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई भी की गई थी। ईडी की जांच में पाया गया कि आरोपी ने भोपाल, मंडला, उमरिया और सिवनी जिलों में कई संपत्तियां अर्जित कर रखी थीं। इनमें आवासीय मकान, कृषि भूमि, व्यावसायिक भूखंड और रेस्टोरेंट शामिल हैं। जांच में यह भी सामने आया कि कुछ संपत्तियां नकद भुगतान से खरीदी गईं, जबकि कुछ के लिए लिए गए ऋण अज्ञात स्रोतों से जमा नकदी से चुकाए गए। सरवटे ने सेवा काल के दौरान आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति अर्जित की और उसे प्लेसमेंट, लेयरिंग तथा इंटीग्रेशन की प्रक्रिया के माध्यम से वैध संपत्ति के रूप में प्रदर्शित करने का प्रयास किया। फिलहाल ईडी ने संपत्तियों के हस्तांतरण को रोकने के लिए जब्ती की कार्रवाई कर दी है और मामले की आगे जांच जारी है।

## ट्राली बैग में 16 किलो गांजे की खेप लेकर खड़े मां-बेटे गिरफ्तार

**जबलपुर।** क्राईम ब्रांच की टीम ने हाथीताल के पास एक मां बेटे को गांजा तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया है। मां बेटे ट्राली बैग में गांजे की खेप लेकर सप्लाई करने जा रहे थे उसके पहले क्राईम ब्रांच की टीम ने गोरखपुर पुलिस के साथ उन्हें दबोच लिया। उनके पास से 16 किलो 680 ग्राम गांजा जब्त किया है जिसकी कीमत लगभग 8 लाख 34 हजार रुपए की बताई गई है। गोरखपुर थाना प्रभारी नितिन कमल ने बताया कि गत रात मुखबिर की सूचना पर ऐरावत चौक हाथीताल के पास ट्राली बैग में गांजा लेकर खड़े हाथीताल हाउसिंग बोर्ड गोरखपुर निवासी 63 वर्षीय श्रीमती राजुल जैन उर्फ राजकुमारी जैन और 37 वर्षीय चंदन जैन को गिरफ्तार कर लिया है। तलाशी लेने पर ट्राली बैग में रखा 16 किलो 680 ग्राम गांजा जब्त किया है, जिसकी कीमत 8 लाख 34 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस ने दोनों आरोपी माँ बेटे के विरुद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।



## कर्मचारियों के पदोन्नति से जुड़े मामले का निराकरण करे एसईसीएल

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने दक्षिण पूर्वी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) को कहा कि कर्मचारियों के पदोन्नति से जुड़े मामले का निराकरण करे। जस्टिस विशाल धगट की सिंगल बेंच ने इसके लिए वर्ष 2023-24 की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट (एसीआर) का पुनर्मूल्यांकन करने को कहा। धनपुरी शहडोल निवासी राजनीश कांत खरे व अन्य की ओर से अधिवक्ता असीम त्रिवेदी ने पक्ष रखा। याचिकाकर्ताओं ने अपनी सेवा संबंधी गोपनीय रिपोर्ट में अवांछनीय ग्रेडिंग को चुनौती दी थी और वर्ष 2023-24 की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट (एसीआर) के पुनर्मूल्यांकन कर पदोन्नति की मांग की थी। सभी याचिकाकर्ता एसईसीएल की सोहागपुर क्षेत्र की डामिनी यूजी खदान में माइनिंग सरदार और ओवरमैन के पद पर कार्यरत हैं। उनका सेवा रिकॉर्ड अच्छा रहा है। आरोप है कि इसके बावजूद उन्हें और डामिनी यूजी खदान के लगभग 80% कर्मचारियों को वर्ष 2023-24 के लिए मनमाने ढंग से "औसत" ग्रेडिंग दी गई। यह ग्रेडिंग उनके वास्तविक प्रदर्शन के विपरीत है और इससे उनकी पदोन्नति अवरुद्ध हो गई है।




# जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर में किसानों को मिला पादप किस्म संरक्षण का अधिकार

### पारंपरिक धान व मोटे अनाज की किस्मों के संरक्षण से टिकाऊ खेती को मिलेगा बढ़ावा

**हरिभूमि, जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के जेनेटिक्स एण्ड प्लांट ब्रीडिंग विभाग द्वारा "पादप किस्म संरक्षण एवं कृषक अधिकार" विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण-सह-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन स्वामी विवेकानंद सभागार में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा थे तथा अध्यक्षता संचालक अनुसंधान सेवाएं डॉ. जी.के. कौतु ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में संचालक विस्तार सेवाएं डॉ. टी.आर. शर्मा एवं कृषि महाविद्यालय जबलपुर के अधिष्ठाता डॉ. जयंत भट्ट उपस्थित रहे। कार्यक्रम में देशी धान की विभिन्न पारंपरिक किस्में उगाने वाले किसानों को कुलपति डॉ. पी.के. मिश्रा ने रोली का टीका लगाकर एवं पगड़ी पहनाकर पादप किस्म संरक्षण व कृषक अधिकार प्रमाण पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पादप किस्म संरक्षण एवं कृषक अधिकार अधिनियम का उद्देश्य किसानों और प्रजनकों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। विश्वविद्यालय प्रदेश एवं देश के किसानों के लिए धान सहित अन्य पारंपरिक फसलों की नई एवं उन्नत किस्में विकसित कर रहा है, जिससे कम लागत में अधिक उत्पादन संभव हो सके और किसानों की आय में वृद्धि हो। डॉ. जी.के. कौतु ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि देश में धान की सैकड़ों किस्में मौजूद हैं, किंतु पारंपरिक देशी किस्में विलुप्ति के कगार पर हैं। विश्वविद्यालय इन किस्मों को पुनर्जीवित कर कम पानी एवं कम ऊंचाई में बेहतर उत्पादन देने योग्य बना रहा है। लुचई सहित अन्य देशी धान की किस्मों के संरक्षण से न केवल जैव विविधता सुरक्षित होगी, बल्कि लोगों की थाली तक पारंपरिक स्वाद भी पहुंचेगा। उन्होंने कोदो-कुटकी जैसे मोटे अनाजों को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया।संचालक विस्तार सेवाएं डॉ. टी.आर. शर्मा ने बताया कि कृषि विज्ञान केन्द्रों के माध्यम से किसानों को प्राकृतिक एवं जैविक खेती के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इससे किसान कम लागत में पारंपरिक खेती अपनाकर अधिक लाभ अर्जित कर सकते हैं।



### डॉ शर्मा का योगदान सराहनीय

कार्यक्रम की सफलता में परियोजना की प्रधान अन्वेषक डॉ. स्तुति शर्मा की भूमिका महत्वपूर्ण रही। उनके नेतृत्व में विश्वविद्यालय ने **PPV&FR** अधिनियम के अंतर्गत मध्यप्रदेश से कृषक किस्मों के पंजीकरण का ऐतिहासिक गौरव प्राप्त किया है। उन्होंने वैज्ञानिकों और किसानों के बीच समन्वय स्थापित कर पारंपरिक ज्ञान एवं देशी बीजों को कानूनी संरक्षण दिलाने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया।

### इनकी रही उपस्थिति

वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अखिलेश तिवारी ने स्वागत भाषण एवं कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। संचालन एवं आभार प्रदर्शन डॉ. आशीष कुमार गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में डॉ. रजनी तोमर, डॉ. प्रमोद गुप्ता, डॉ. शिवरामाकृष्णन, डॉ. राधेश्याम शर्मा, डॉ. विनोद गोयल, शिखा उपाध्याय, प्रशांत नामदेव, आयुषी सोनी सहित बड़ी संख्या में किसान एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240